

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया और वहां मौजूद शेरों को अपने कैमरे में कैद किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 61 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## बिहारः 3.17 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रदेश के वित्त मंत्री व उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज भोजनावकाश के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 लाख 16 हजार 895 .02 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह पिछले वित्तीय वर्ष के बजट आकर से 38,169 करोड़ रुपए अधिक है। बजट में सबसे ज्यादा 61000 करोड रुपये शिक्षा के क्षेत्र में खर्च किए जाएंगे। बजट भाषण में उप मुख्यमंत्री ने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष में 2 लाख 60 हजार रुपये का राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य है। यह पिछले वर्ष के मुकाबले 34 हजार 33 करोड़ रुपये अधिक है। बिहार के बजट में इस बार वृद्धि हुई है। उन्होंने राज्य के निरंतर विकास के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। शिक्षा पर सबसे अधिक राशि खर्च होगीवित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2025-26 में शिक्षा पर 60 हजार 954 करोड़, स्वास्थ्य पर 20 हजार 335, ग्रामीण विकास पर 16 हजार 193, ऊर्जा के लिए 13 हजार 483 करोड़ रुपये, समाज कल्याण विभाग व अन्य विभागों पर 13 368 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

# दूसरी श्वेत क्रांति पर फोकसः शाह

● डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता हैः शाह

**समग्र दृष्टिकोण**

**डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है : गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना होगा। केंद्रीय मंत्री शाह नई दिल्ली के भारत मंडपम में डेयरी क्षेत्र में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी विषय पर आयोजित सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान अमित शाह ने डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सर्कुलरिटी पर आधारित मार्गदर्शिका का विमोचन किया। यह मार्गदर्शिका जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा देने, मृदा स्वास्थ्य सुधारने और डेयरी किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए जकरियापुर मॉडल, वाराणसी मॉडल, और बनास मॉडल पर मार्गदर्शन प्रदान करती है। राष्ट्रीय दुग्ध विकास बोर्ड (एनडीडीबी) द्वारा आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन भी मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि हमारा डेयरी क्षेत्र देश के विकास को गति देता है लेकिन साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों, भूमिहीन किसानों और छोटे किसानों को समृद्ध बनाने में भी इसका बहुत बड़ा योगदान है। यह हमारे देश के पोषण का ध्यान रखता है।

**सभी किसानों के गोबर का प्रबंधन करना चाहिएः शाह**
शाह ने कहा कि जैविक खाद का शत प्रतिशत दोहन करने के लिए जिला के दुग्ध संघ और ग्रामीण डेयरी को क्षेत्र के सभी किसानों के गोबर का प्रबंधन करना चाहिए। बायोगैस के उत्पादन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दो साल का लक्ष्य तय करके 250 जिलों के जिला उत्पादक संघ में कोई न कोई मॉडल सफलता पूर्वक करने का समयबद्ध कार्यक्रम करना चाहिए। मंत्री ने गुजरात के बनासकांठा और पंचमहल में माइक्रो एटीएम के प्रयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला है। उन्होंने नाबार्ड से इस मॉडल को प्रत्येक जिला संघ तह पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

### भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्यः शाह

**अमित** शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने हमारे सामने दो लक्ष्य रखे हैं, जिनमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी क्षेत्रों की संभावनाओं के शत प्रतिशत दोहन की पद्धति विकसित करनी होगी। उन्होंने कहा कि हम श्वेत क्रांति दो की तरफ आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे समय में सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। श्वेत क्रांति एक में जो हमने हासिल किया है उसमें सस्टेनेबिलिटी और सर्कुलरिटी को हासिल करना शेष है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की कृषि व्यवस्था एक तरह से छोटे किसानों पर आधारित है, इसलिए हमारे पास डेयरी के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं है। बहुत कम विकल्प हैं, और मेरा मानना है कि यह सेमिनार डेयरी क्षेत्र में सभी संभावनाओं का पता लगाने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने में सहायक होगा। शाह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने खेती में खुशहाली की दिशा में एक आशाजनक शुरूआत की है। गांव से वैश्विक स्तर पर जाने का साहस बढ़ा है और नई पद्धतियां विकसित हुई हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एक समूह के रूप में सफल होने का आत्मविश्वास सहकारी समितियों के माध्यम से बढ़ रहा है।

# पीएम मोदी ने की जंगल सफारी

**दीदार**

**खुली जीप में बैठकर 'जंगल के राजा' को कैमरे में किया कैद, पीएम मोदी पहुंचे गिर जंगल**




**टीम एक्शन इंडिया**
**गुजरात।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं और 3 मार्च वन्यजीव दिवस के अवसर पर उन्होंने गुजरात के जूनागढ़ जिले में गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया और वहां मौजूद शेरों को अपने कैमरे में कैद किया।

**रात्रि विश्राम के बाद लिया जंगल सफारी का आनंद**
पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की थी, फिर उन्होंने सासण में वन अतिथि गृह 'सिंह सदन' में रात्रि विश्राम किया। इसके बाद 3 मार्च को पीएम मोदी जंगल सफारी पर निकले थे। इस दौरान उनके साथ कुछ मंत्री और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। पीएम मोदी गिर वन्यजीव अभयारण्य के मुख्यालय सासण गिर में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। बता दें, एनबीडब्लयूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। केंद्र सरकार ने एशियाई शेरों के संरक्षण के लिए 'प्रोजेक्ट लॉयन' के तहत 2900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि मंजूर की है।

## तंजः झारखंड को इस्लामिक राज्य घोषित कर देना चाहिएः निशिकांत दुबे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** झारखंड सरकार द्वारा रमजान के दौरान मुस्लिम कर्मचारियों को दी गई विशेष छुट्टियों को लेकर राजनीति तेज होती जा रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इस फैसले पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अब झारखंड को इस्लामिक राज्य घोषित कर देना चाहिए। निशिकांत ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड आज एक ऐसे ज्वालामुखी पर बैठा है, जिसे ठीक नहीं किया गया तो राज्य की पूरी डेमोग्राफी बदल जाएगी।

## राम मंदिर पर हमले की साजिश थी, एक गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबादः** राम मंदिर पर हमले की साजिश मामले में हरियाणा एस टी एफ और गुजरात ए टी एस ने सोमवार को फरीदाबाद से संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है।

**यूपी का रहने वाला है आतंकी**
हैंड ग्रेनेड लेने फरीदाबाद आया था। फरीदाबाद से पकड़ा गया आतंकी अब्दुल रहमान (19) अयोध्या स्थित राम मंदिर पर हैंड ग्रेनेड से हमला करने की साजिश को अंजाम देने वाला था। वह फैजाबाद से फरीदाबाद हैंड ग्रेनेड लेने ही आया था। वापस लौटकर उसे राम मंदिर पर हमला करना था। ये सारा काम वह पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई के इशारे पर कर रहा था। हैंड ग्रेनेड भी इसे आई एस आई के हैंडलर ने ही दिए थे। फरीदाबाद में वह नाम बदलकर छुपा हुआ था। हालांकि इससे पहले ही रविवार शाम को गुजरात ए टी एसऔर फरीदाबाद एस टी एफ की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसमें इंटेलिजेंस ब्यूरो का इनपुट भी उनके काम आया। जब उसे पकड़ा गया तो उसके पास 2 हैंड ग्रेनेड भी थे। जिन्हें निष्क्रिय कर दिया गया। पकड़ा गया अब्दुल रहमान उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर, जिला फैजाबाद (अयोध्या) का रहने वाला है। वह वहां मटन शॉप चलाता है। राम मंदिर निर्माण के बाद से ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी भारत में उसे निशाना बनाकर बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने की साजिश रच रही है। इसी काम के लिए अब्दुल रहमान को चुना गया था। उसने राम मंदिर की रेकी भी कर ली थी। वह हैंड ग्रेनेड की डिलीवरी लेने के लिए ही फैजाबाद से फरीदाबाद आया था।

**पर्दाफाश**

**हैंड ग्रेनेड लेने फरीदाबाद आया था। फरीदाबाद से पकड़ा गया आतंकी अब्दुल रहमान**

## शीतकालीन खेलों के पदक विजेताओं को किया जाएगा सम्मानितः सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमला। मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इटली के ट्यूरिन में 7 से 16 मार्च तक आयोजित किए जा रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए चयनित प्रदेश के विशेष एथलीटों और प्रशिक्षकों को शिमला से रवाना किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेशवासियों के लिए खुशी की बात है कि इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए चयनित 49 सदस्यीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल में से 24 एथलीट और कोच हिमाचल प्रदेश से सम्बंधित हैं। उन्होंने कहा कि ये एथलीट स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, स्नोशूइंग और फ्लोर बॉल जैसी विभिन्न स्पधाओं में भाग लेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी प्रतिभागी इस आयोजन में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे तथा देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस प्रतियोगिता के पदक विजेताओं को सम्मानित करेगी।




मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इटली के ट्यूरिन में 7 से 16 मार्च तक आयोजित किए जा रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के लिए चयनित प्रदेश के विशेष एथलीटों और प्रशिक्षकों को शिमला से रवाना किया।

## रोहित शर्मा मोटे, सबसे बेअसर कप्तानः कांग्रेस प्रवक्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की शानदार जीत के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- एक खिलाड़ी के तौर पर रोहित शर्मा मोटे हैं, उन्हें अपना वजन कम करना चाहिए। शमा मोहम्मद ने यह भी कहा कि रोहित भारत के सबसे निराश करने वाले कप्तान हैं। कांग्रेस प्रवक्ता के बयान को भाजपा ने एक सेल्फमेड चैंपियन (रोहित) का अपमान और बॉडी शेमिंग बताया। हालांकि बाद में कांग्रेस ने कहा कि हमारी पार्टी खेल हस्तियों का सम्मान करती है। पार्टी ने शमा से सोशल मीडिया पोस्ट डिलीट करने को कहा। इसके बाद शमा ने पोस्ट हटा लीं।

**रोहित पर शमा की 2 पोस्ट, इन्हें डिलीट कर दिया गया**
शमा ने कहा, "एक खिलाड़ी के तौर पर रोहित शर्मा काफी मोटे हैं, उन्हें वजन घटाने की जरूरत है।" शमा मोहम्मद ने रोहित शर्मा की तुलना भारत के पूर्व क्रिकेट दिग्गजों से की। उन्होंने लिखा, 'जब सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, महेंद्र सिंह धोनी, विराट कोहली, कपिल देव और रवि शास्त्री जैसे दिग्गजों से तुलना करें तो रोहित शर्मा में ऐसा क्या वर्ल्ड क्लास है? वह एक औसत दर्जे के खिलाड़ी और कप्तान हैं, जिन्हें बस किस्मत से भारतीय टीम की कप्तानी मिल गई।' भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने एक क्रिकेट के दिग्गज के बारे में कुछ ऐसे बयान दिए हैं, जो पार्टी की विचारधारा के खिलाफ थे। पोस्टों को से हटाने को कहा गया है।

**उठाए सवाल**

**क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाए, भाजपा ने घेरा**

## सुप्रीम कोर्ट ने रणबीर को दी शो शुरू करने की सशर्त इजाजत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने रणबीर इलाहाबादिया को राहत दी है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने रणबीर इलाहाबादिया को अपना शो करने की सशर्त इजाजत दे दी है। कोर्ट ने रणवीर को अंडरटेकिंग देने को कहा कि वो अपने शो में नैतिकता का स्तर बनाये रखेगा ताकि सभी उम्र के लोग उस शो को देख सकें। कोर्ट ने कहा कि ये राहत इसलिए दी गई है, क्योंकि इस शो से 280 लोगों की आजीविका जुड़ी है। सुप्रीम कोर्ट ने एक और यूट्यूबर समय रैना का बिना नाम लिए आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक आरोपित कनाडा जाकर अदालती कार्यवाही का मजाक बना रहा है। ये नई पीढ़ी के लड़के को ओवर स्मार्ट बनाते हैं।

## विदेश मंत्री जयशंकर 4-9 मार्च तक यूके और आयरलैंड के दौरे पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मंगलवार से यूनाइटेड किंगडम (यूके) और आयरलैंड की छह दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर 4 से 9 मार्च तक यूनाइटेड किंगडम और आयरलैंड की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्री की यह यात्रा यूके और आयरलैंड दोनों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति प्रदान करेगी। भारत और यूके के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी रक्षा एवं सुरक्षा, व्यापार एवं अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित विविध क्षेत्रों में मजबूत हुई है।

## 24-26 मार्च के बीच होगा बजट सत्रः सीएम रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 से 26 मार्च के बीच होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उनके साथ कैबिनेट के 6 मंत्री भी मौजूद थे। रेखा गुप्ता ने बजट के लिए दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। रेखा गुप्ता ने बताया कि हम दिल्ली की जनता का बजट लाना चाहते हैं। इसके लिए हमनें दिल्ली के लोगों से सुझाव मांगा है। हमारे सभी मंत्री और विधायक भी लोगों से मिलेंगे और दिल्ली की बेहतरी के लिए लोगों से जरूरी सुझाव लेंगे। सीएम ने कहा कि सरकार छुट्टियों में भी काम कर रही है। सचिवालय में शनिवार और रविवार को भी अफसर काम कर रहे हैं। मैं दिल्ली की जनता से कहना चाहती हूं कि हमनें जो वादे किए हैं, उसे पूरा करेंगे।



**सत्र के आखिरी दिन कैग रिपोर्ट पर हंगामा**
दिल्ली विधानसभा सत्र के आखिरी दिन सोमवार को कैग की पेश दो रिपोर्ट- शराब नीति और हेल्थ पर चर्चा हो रही है।
सत्र शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। 25 और 28 फरवरी को दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने विधानसभा में दोनों की रिपोर्ट रखी थी।

**बजट पर फोकस**

**वाटसएप और ई-मेल पर मांगी जनता से राय, सुझाव के लिए व्हाट्सएप नंबर (999962025) जारी**

**साहस और तत्परता** सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण में योगदान देना प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्यः रक्षा मंत्री

## भारत 2027 तक शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में अपना स्थान बना लेगाः राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सैनिकों और उनके परिजनों के कल्याण में पूरे दिल से योगदान देने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे प्रत्येक नागरिक का राष्ट्रीय कर्तव्य बताया है। भारत के सैनिक हमेशा कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं पर दृढ़, सतर्क और तैयार रहते हैं तथा साहस और तत्परता के साथ देश को सभी प्रकार के खतरों से बचाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आगे बढ़कर हर संभव तरीके से उनका समर्थन करना राष्ट्र की सामूहिक जिम्मेदारी है। नई दिल्ली में सोमवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (एएफएफडी सीएसआर) सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार भारत की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने तथा अपने सैनिकों के साथ ही उनके परिजनों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने कहा कि सीएसआर का मतलब सिर्फ 2 प्रतिशत योगदान नहीं है, बल्कि यह वीर सैनिकों और उनके आश्रितों से दिल से दिल का जुड़ाव है।



उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित शीर्ष कॉर्पोरेट प्रमुखों से कहा कि आप जो भी योगदान देंगे, वह साधारण नहीं होगा। आपको इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए कि कल जब आपकी वास्तविक बैलेंस शीट तैयार होगी, तो उसमें देनदारियों से ज्यादा संतुष्टि और खुशी की संपत्तियां होंगी। सीएसआर कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्री ने मोदी सरकार की निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

**सुरक्षा प्रणाली**

**सभी हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों से आत्मनिर्भर और विकसित भारत का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है**

# गाजियाबाद में घर बसाने का मौका, तेज हुआ काम

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत राजनगर एक्सटेंशन के पास गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) दो चरणों में हरनंदीपुरम नाम से नई टाउनशिप को बसाने की तैयारी में जुटा है। बता दें कि योजना के लिए 20 फरवरी को लखनऊ में कैबिनेट की बैठक में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को पहली किस्त के रूप में 400 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। यह रकम मार्च माह के शुरूआत में प्राधिकरण के खाते में ट्रांसफर हो जाएगी।
इसके बाद 400 करोड़ रुपये गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अपनी ओर से मिलाकर किसानों से भूमि खरीद व नई टाउनशिप में विकास कार्यों पर खर्च करेगा।



**पहले 5 गांव के किसानों से खरीदी जाएगी जमीन**
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण पहले चरण में पांच गांव की करीब 350 हेक्टेयर भूमि को इसमें शामिल करने की योजना बना रहा है। अभी दूसरे चरण के तीन गांव की जमीन को होल्ड पर रखा गया है।
पहले चरण के बाद दूसरे चरण में किसानों से सहमति के बाद जमीन की खरीद की जाएगी।
हरनंदीपुरम योजना के लिए कैबिनेट से 400 करोड़ रुपये की मंजूरी मिलने के बाद नई टाउनशिप को लेकर तेजी आएगी।

**योजना में कई तरह की भूमि शामिल**
हरनंदीपुरम योजना में कई तरह की भूमि को शामिल किया जाएगा। इसमें ग्राम समाज की करीब 27 हेक्टेयर भूमि भी शामिल है। इसके अलावा 462 किसानों के अलावा करीब 19 हेक्टेयर जमीन जीडीए ने पूर्व में ही अर्जित कर रखी है। 11 हेक्टेयर जमीन का प्राधिकरण के पास लैंड बैंक पहले से मौजूद है।

**हाईटेक होगी नई टाउनशिप**
नई टाउनशिप को हाईटेक तौर तरीके से बसाने की तैयारी है। इसमें रेन वाटर हार्वेसिटिंग सिस्टम के लिए कंट्रोल रूम तैयार किया जाएगा।
यहां से ड्रेनेज और सीवरेज सिस्टम पर निगरानी होगी। पानी और बिजली बचाने और जल प्रबंधन प्रणाली एआई बेस्ड होगी। इससे पानी बर्बाद नहीं होगा।
यहां अधिक से अधिक सौर ऊर्जा का प्रयोग होगा।
घरों के रूफटाप पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे।
सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट होंगे।
हरनंदीपुरम योजना को लेकर के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि बृहस्पतिवार को लखनऊ में को 400 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है, जो मार्च माह के शुरूआत में जीडीए को ट्रांसफर हो जाएगी। नई टाउनशिप के लिए जीडीए की ओर से संबंधित गांव के किसानों से जमीन खरीद के लिए सहमति बनाई जा रही है।

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** कनीना-महेंद्रगढ़ रेल मार्ग पर ट्रेन की चपेट में आने से 25 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जीआरपी पुलिस को सूचना मिली थी महेंद्रगढ़-कनीना रेल मार्ग के मध्य किलोमीटर नंबर 127/07-127/ 09 पर गांव बवानिया निवासी अंकित की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के मोर्चरी गृह में रखवाया गया।

## बंद मैरिज होम में चल रही अवैध पटाखा फैक्टरी का पर्दाफाश

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी ने नानू में एक बन्द पड़े मैरिज हॉल में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री का खुलासा किया है। यह फैक्ट्री पिता-पुत्र चला रहे थे। उनके कब्जे से पटाखे बनाने का मिश्रित पाउडर 20 किग्रा0 , 03 पंचिंग मशीन, 2000 पीस खाली नकली कागज, अर्ध निर्मित पटाखा (बायरो) 150 पीस, पैकिंग गत्ते 30 पीस, एक बाल्टी प्लास्टिक फेवीकोल आधी भरी, सेलो टेप चिपकाने की मशीन 02 पीस बरामद हुई। एसीपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौकी मण्डोला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नानू में एक बन्द पडे मैरिज हॉल में अवैध तरीके से मिश्रित आतिशबाजी ,पटाखों का निर्माण का कार्य करने वाले दीपक व उसके पुत्र सागर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों ने पूछताछ करने पर बताया कि हम अपने मैरिज हॉल में पटाखे बनाने के उपकरण से अवैध रूप से पटाखे तैयार कर अलग-अलग मार्का लगाकर जगह जगह बेच देते हैं। जिससे हमें काफी मुनाफा होता है। अवैध रूप से पटाखे बनाकर बेचने से प्राप्त मुनाफे से हम अपना खर्चा चलाते हैं।




## एनसीआर में छोटे प्लॉट खरीदने का सुनहरा मौका, सुविधाएं विकसित करने में जुटी अथॉरिटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम में खाली पड़े ग्रुप हाउसिंग के भू उपयोग को परिवर्तित किया गया है।
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) इंदिरापुरम विस्तार योजना में प्लॉट सृजित कर क्षेत्र को विकसित करने में जुटा है, जहां लोगों को प्लॉट खरीदने का मौका मिलेगा। इसके लिए प्राधिकरण सड़क, सीवरेज और पानी की लाइन के साथ ही विकास कार्य करा रहा है।

**छोटे प्लॉट की बिक्री से जीडीए का भरेगा खजाना**
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह ने बताया कि इंदिरापुरम में चार ग्रुप हाउसिंग के करीब 30 हजार वर्ग मीटर प्लॉट खाली थे, जिसका भू उपयोग परिवर्तित करते आवासीय किया गया। प्राधिकरण इस योजना के तहत लेआउट के अनुसार, सड़क निर्माण के साथ ही सीवर और पेयजल लाइन आदि कार्य करा रहा है। योजना में प्लॉट के सामने मैनहोल, बिजली के खंभे, ग्रीन बेल्ट, पार्क आदि विकसित किए जाएंगे। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से करीब 120 प्लॉट के हिसाब से लेआउट तैयार किया गया है। योजना को जल्द तैयार कर छोटे प्लॉट की बिक्री से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को आय होगी, जिससे विकास कार्य और अधिक तेजी से हो सकेंगे।



**जीडीए ने 92 पात्रों को भवन का आवंटन पत्र सौंपा**
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से 92 पात्रों को भवन का आवंटन पत्र सौंपा गया है। उक्त जानकारी देते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि निजी विकासकर्ताओं की ओर से ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भवन निर्माण किया है। इनमें 31 ईडब्ल्यूएस और 61 एलआईजी भवन शामिल हैं।
सभी को आवंटन पत्र दे दिए गए। उन्होंने बताया कि आवंटन पत्र हासिल करने वाले सभी लाभार्थियों से रकम जमा कराकर आवंटित भवन पर कब्जा दिया जाएगा।


## अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त (1) **कुणाल पुत्र आनंद मोहन निवासी डब्ल्यूजेड-549बी, नारायणा गांव, नई दिल्ली (2) आदर्श उर्फ केकड़ा पुत्र देवेन्द्र निवासी डब्ल्यूजेड-328, नारायण गांव, नई दिल्ली** दूसरा पता **गांव - बाम, थाना बड़ौत, जिला बागपत यूपी** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 04/2025 दिनांक 02.01.2025 धारा 110/331(6)/3(5) बीएनएस, थाना नारायण, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **कुणाल** और **आदर्श उर्फ केकड़ा** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **कुणाल** और **आदर्श उर्फ केकड़ा** फरार हो गए हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 04/2025 दिनांक 02.01.2025 धारा 110/331(6)/3(5) बीएनएस, थाना नारायण, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कुणाल** और **आदर्श उर्फ केकड़ा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.04.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हों।

**आदेशानुसार**
**श्री अंकित गर्ग**
**एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-08, 12, प्रथम तल, मेन बिल्डिंग, पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**
**DP/2470/WD/2025**



## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

**ई-निविदा सूचना सं० 20/2024-25 (खुली) / उमुई।/एमसीएफ/आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर- ।/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है । **क्रम सं 1 कार्य का नाम** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज रायबरेली के जोन-1, जोन-2 कारखाना परिसर, प्रशासनिक भवन सहित टीटीसी में प्रतिदिन लगातार 03 वर्षों के लिए मजदूरों की आपूर्ति। **निविदा सं० 18/2024-25 अनुमानित लागत रू०** 4,69,85,654.00 **निविदा खुलने की तिथि** 19.03.2025 **कार्य समापन की अवधि** 36 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
उप मुख्य इंजीनियर-।

**ई-निविदा सूचना सं० 21/2024-25 (खुली) / उमुई ।।/ एमसीएफ/ आरबीएल**
उप मुख्य इंजीनियर-।।/ आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है. । **क्रम सं 1 कार्य का नाम** घरेलू और स्वीपिंग कचरे का संग्रह एवं निष्पादन, ऑडिटोरियम, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, एमसीएफ अस्पताल की हाउसकीपिंग। कुशल और अर्धकुशल श्रमिक एमसीएफ के विभिन्न विभाग मे हायरिंग तथा एमसीएफ टाऊनशीप में समरूप कार्य और अधिकारियों के बंगलों के लॉन का रखरखाव, 02 वर्ष के लिए। **निविदा सं० 19/2024-25 अनुमानित लागत रू०** 12,03,43,818.90 **निविदा खुलने की तिथि** 24.03.2025 **कार्य समापन की अवधि** 24 माह ● निविदाकार निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक अपनी मूल / संशोधित निविदा जमा कर सकते है। इस निविदा के लिये पूर्व प्रचलित मैनुअल ऑफर प्रक्रिया की अनुमति नही है और यदि कोई मैनुअल ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। ● आधिक जानकारी के लिये कृपया भारतीय रेलवे की आईआरईपीएस पोर्टल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
उप मुख्य इंजीनियर-।।

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 83/ईटी/2024-25 दिनांक: 25.02.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 11251026 | सेट आफ साइड वाल असेम्बली (विदाउट पराइमर) फॉर एलडब्लूएससीजेड (ईओजी) कोच | 150 सेट | 21/03/2025 |
| 02 | 11241371 | सेट आफ साइड वाल कम्पलीट फॉर एलएचबी टाइप पावर कार (एलडब्लूएलआरआरएम) कोच | 120 नग | 25/03/2025 |
| 03 | 03241653ए | सेट आफ पाइप सेलिंग किट फॉर लेवोटरी आफ एलएचबी एसी कोचेज | 160 सेट | 15/04/2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 81/ईटी/2024-25 दिनांक 17.02.2025 | टेन्डर न. 11241347 | निविदा खुलने की तिथि 25/02/2025 स्थान पर तिथि 10/03/2025 पढ़े। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक
पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राउंड & पहली मंजिल

**सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना**

`निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **21-03-2025 को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 32818740001142 | Anita . | 25.53 |
| 2 | 32818740001129 | Mukhi | 35.6 |
| 3 | 32818740001103 | MANOJ KWATRA | 158.11 |
| 4 | 32818740001014 | Mukhi | 46.7 |
| 5 | 32818740000994 | SANGEETA SANJAY | 9.9 |
| 6 | 32818740000981 | FATIMA MOHDSAJID KHAN | 13.7 |
| 7 | 32818740000932 | MEENA KUMARI | 16.2 |
| 8 | 32818740000840 | NEHA | 33.68 |
| 9 | 32818730011894 | RAJU KUMAR | 2.95 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग -9, हरगोविन्द एन्कलेव, नई दिल्ली, दिल्ली- 110092, (लैंडमार्क: इंडियन ओवरसीज बैंक) | | | |
| 10 | 32638740000519 | KOMAL SATPAL | 13.1 |
| 11 | 32638740000482 | DEVENDER | 32.1 |
| 12 | 32638740000417 | SUNITA VIRENDER | 8.81 |
| 13 | 32638740000380 | ARVIND KUMAR | 45.28 |
| 14 | 32638730018720 | SANJAY KUMAR | 10.94 |
| 15 | 32638730017795 | ASHIMA CHAUHAN | 36.8 |
| 16 | 32638740000404 | KARAN KUMAR | 15.72 |
| 17 | 32638730016766 | SHIV SHANKAR | 6.64 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, अपर ग्राउंड फ्लोर, बिल्डिंग नं. के-1, मॉडल टाऊन दिल्ली- 110009 | | | |
| 18 | 47938730020657 | ADITYA R | 3.46 |
| 19 | 47930670000027 | SHUBHAM MITTAL | 215.48 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, फर्स्ट फ्लोर, संपत्ति नं. सी-3, हस्तसाल गांव, मिलाप नगर कॉलोनी, पश्चिम दिल्ली, दिल्ली- 110059 | | | |
| 20 | 31248740000316 | RAHUL KHATRI | 113.44 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर प्लॉट नं . 2367 डी, बवाना रोड़, नरेला मंडी, दिल्ली-110040 | | | |
| 21 | 30808730029750 | RAVI KUMAR | 5.05 |
| 22 | 30808730045870 | NAMVATI BHAKUN SINGH | 3.8 |
| 23 | 30808730045781 | MOHD TALIM KHAN | 5.2 |
| 24 | 30808730045739 | Laxmi Devi | 16.53 |
| 25 | 30808730043605 | ABHISHEK KUMAR | 11.8 |
| 26 | 30808730043479 | AAS MOHAMMAD | 23.29 |
| 27 | 30808730043312 | JYOTI | 9.05 |
| 28 | 30808730043989 | ABRAR BAKSH | 39.95 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. बी-109, ज्योति कॉलोनी, दुर्गापुरी चौक, शाहदरा दिल्ली-110032 | | | |
| 29 | 30908730016752 | SABIR | 9.32 |
| 30 | 30908730016101 | AAKASH AAKASH | 12.3 |
| 31 | 30908730015966 | REKHA RATAN LAL | 3.8 |
| 32 | 30908730015930 | Seema Das | 5.7 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, डी- 74, मेन मार्केट ब्लॉक नं. डी (डी-74) मालवीय नगर, नई दिल्ली- 110017 | | | |
| 33 | 30218740002432 | RAMKARAN | 14.99 |
| 34 | 30218740002277 | PINKI BHERVI NANDHAN | 25.81 |
| 35 | 30218740002238 | RAM RATI | 18.28 |
| 36 | 30218740002149 | SANGEETA SONU | 9.49 |
| 37 | 30218740002011 | ALKA A | 21.7 |
| 38 | 30218740001900 | JYOTI PANDEY | 48.3 |
| 39 | 30218740001847 | LAXMAN MEHTO | 12.1 |
| 40 | 30218740001491 | DEEPIKA | 35.57 |
| 41 | 30218730017650 | Poonam | 5.27 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, #8, पश्चिम एन्कलेव रोहतक रोड़, पीड़ागढ़ी चौक, मारूति शो रूम के सामने पश्चिम विहार , नई दिल्ली- 110087 | | | |

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 04-03.2025
एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड


## ममाज टीम ने रिवासा में किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम सदस्यों ने रिवासा में खेल मैदान, श्मशान घर व रेलवे अंडरपास के पास 35 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का कार्य किया। पौधारोपण अभियान की शुरुआत ममाज ग्रुप सदस्य सेवानिवृत चीफ मैनेजर प्रेम प्रसाद सिरोहा, सूबेदार राजवींद्र, मुकेश भमनिया, धर्मेंद्र, राजेश व संदीप ने की। टीम सदस्य अनूप रिवासा, राजेश व संदीप ने कहा कि जिस तरह मनुष्य को जीवित रहने के लिए भोजन जरूरी है उतना ही हमारे जीवन में पेड़-पौधे भी महत्व रखते हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ मानव के सच्चे मित्र होते है। आज के भौतिक युग में मानव अपने निजी स्वार्थों के कारण पेड़ों की अंधा-धुंध कटाई कर रहा है जो पर्यावरण के लिए बहुत बड़ा खतरा है।
धर्मेंद्र, विनोद व इंद्रपाल ने कहा की गर्मी अधिक होना और बरसात का कम होना भी पेड़-पौधे की कमी का कारण है। अगर हमने समय रहते पर्यावरण की ओर ध्यान नहीं दिया तो आने वाली पीढ़ियों को इसका परिणाम भुगतना पड़ सकता है। इसलिए हम सबको मिलकर पूर्व उपायुक्त डॉ. जयकिशन आभीर के मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल को अधिक से अधिक पौधे लगाकर कामयाब बनाना है। ऐसा तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर इसमें अपना सहयोग करेंगे। अनूप रिवासा,धर्मेंद्र व संदीप ने कहा की गांव में ट्री-गार्ड सहित 35 पौधे लगाए गए है तथा इनमे समय-समय पर खाद, दवाई और पानी का प्रबंध भी गांव के युवाओं द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा की हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण संरक्षण किया जा सके। इस अवसर पर पवन मिस्त्री, दीपक, इंद्रपाल, विनोद, संदीप, धर्मेंद्र आदि उपस्थित रहे।


## एक्शन इंडिया
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

मैं काली चरण पुत्र श्री बद्री निवासी गाव लल्हेडी खुर्द तहसील गन्नौर जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं। मैं हल्फ से बयान करता हूं। प्रदीप मेरा बेटा है। मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। वह मेरे कहने सुनने से बाहर है। अगर कोई से लेनदेन करेगा तो वह उसका खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो कि कमला पत्नी मेहर सिंह निवासी गांव रिसालू, तहसील व जिला पानीपत बयान करती हूं कि मेरे पुत्र संदीप व उसकी पत्नी निशा व दूसरा पुत्र प्रमोद व उसकी पत्नी मेनका मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। मैं उपरोक्त सभी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और से संबंध विच्छेद करती हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त सभी से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा । मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# दिल्ली में नहीं होगी बत्ती गुल

## दिल्ली कैबिनेट पूरी तरह से एक्शन मोड में है। कैबिनेट मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे

**आपूर्ति**

**कोई पावर ग्रिड फेल होता है, तो उसकी मरम्मत अधिकतम पांच मिनट में अवश्य पूरी हो जानी चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में अब बिजली के लटकते तार नहीं दिखेंगे। खंभों पर से तत्काल प्रभाव से झूलते हुए तार हटाए जाएंगे, ताकि खंभों पर तार का बोझ नहीं पड़े। इतना ही नहीं बिजली कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि कोई पावर ग्रिड फेल होता है, तो उसकी मरम्मत अधिकतम पांच मिनट में अवश्य पूरी हो जानी चाहिए, ताकि दिल्ली में सुचारू और नियमित बिजली आपूर्ति हो सके। जल्द ही इस तरह का दिल्ली में एक मॉडल कॉलोनी देखने को भी मिलेगा।





दिल्ली कैबिनेट पूरी तरह से एक्शन मोड में है। कैबिनेट मंत्री अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं और निर्देश जारी कर रहे हैं। दिल्ली सचिवालय में ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली की बिजली कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। जहां सभी को समर एक्शन प्लान-2025 लागू करने का निर्देश दिया गया। महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए सूद ने ऊर्जा विभाग और सभी हित धारकों को निर्देश दिए गए कि दिल्ली में ग्रीष्म ऋतु आने के साथ-साथ बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें। इसके लिए अभी से ही प्रभावी और तात्कालिक कदम उठाए जाएं। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि बैठक में दिल्ली में ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली की सुचारू और नियमित आपूर्ति के लिए ऊर्जा विभाग और अन्य हितधारक कंपनियों को कई निर्देश दिए गए। उनको कहा गया कि वह समर एक्शन प्लान चालू कर दें। बिजली उपलब्ध कराना दिल्ली सरकार के एजेंडा में है। सूद ने यह भी बताया कि कि हमें दिल्ली में एक ऐसी मॉडल कॉलोनी बनानी है जहां बिजली के तार लटके न हो।सब तार व्यवस्थित रूप से हो। बैठक में अधिकारियों के साथ यह भी चर्चा की गई की बिजली के खंभे पर किसी और अन्य कंपनी के तार हो तो उनको तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। तारों के जाल को भी हटाया जाए।

**पॉवर ग्रिड को पांच मिनट में ठीक करने का आदेश**

ऊर्जा मंत्री ने आगे बताया कि बैठक में अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि दिल्ली के किसी भी इलाके में यदि कोई पावर ग्रिड फेल होता है, तो उसकी मरम्मत अधिकतम 5 मिनट में अवश्य पूरी हो जानी चाहिए, ताकि लोगों को बिजली आपूर्ति में कोई बाधा न आए। हर 15 दिन में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की जाएगी।

# विजेंद्र ने एलजी से मिलकर विधानसभा अभिभाषण के लिए जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से भेंट की। मुलाकात के दौरान गुप्ता ने 25 फरवरी को विधानसभा में दिए गए उपराज्यपाल के अभिभाषण के लिए सदन की ओर से औपचारिक रूप से उनका आभार व्यक्त किया। विधानसभा में पहले ही एक प्रस्ताव पारित कर उपराज्यपाल के अभिभाषण की सराहना की गई थी। नियम 19(7) के तहत विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज व्यक्तिगत रूप से एक औपचारिक पत्र सौंपा और सदन की ओर से उपराज्यपाल के अभिभाषण के प्रति सम्मान प्रकट किया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि उपराज्यपाल का अभिभाषण दिल्ली के विकास और सुशासन के रोडमैप को लेकर महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करता है। सदन की ओर से उनका आभार व्यक्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल के साथ उनकी मुलाकात काफी अच्छे माहौल में



**अभिभाषण**

**विधानसभा में पहले ही एक प्रस्ताव पारित कर उपराज्यपाल के अभिभाषण की सराहना की गई थी**

हुई। दरअसल, हर साल दिल्ली विधानसभा सत्र की शुरूआत में उपराज्यपाल का अभिभाषण होता है, जिसमें सरकार की नीतियों, विकास योजनाओं और आने वाले साल के लिए सरकार की प्राथमिकताओं का जिक्र किया जाता है। इस बार 25 फरवरी को उपराज्यपाल ने अपने अभिभाषण में दिल्ली में बुनियादी ढांचे के विकास, कानून-व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन जैसी अहम योजनाओं पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए सरकार और प्रशासन को मिलकर काम करना होगा। उपराज्यपाल ने सरकार को यह भी याद दिलाया कि सुशासन के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा में विधायी प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।



जेपी नड्डा ने किया पालम और नजफगढ़ के पीएचसी का निरीक्षण।

# युवक के साथ बदमाशों ने की लूटपाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जगतपुरी इलाके में शुक्रवार रात काम से लौट रहे शख्स को लूटपाट का विरोध करना भारी पड़ गया। आरोपितों ने विरोध करने पर पीड़ित की न केवल जमकर धुनाई की बल्कि उनके सिर पर ईंट से हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

हालांकि मौके पर मौजूद लोगों की मदद से दो बदमाशों को मौके पर दबोचकर पुलिस को सौंप दिया गया। तीसरे अन्य बदमाश की पुलिस को तलाश है। पुलिस मामला दर्ज कर पकड़े गये आरोपितों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

# भाजपा ने कैग रिपोर्ट को लेकर आआपा पर निशाना साधा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री के बजट सत्र की घोषणा पर कैग की रिपोर्ट को लेकर आआपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्ष कैग की रिपोर्ट पर बात करे, प्रदर्शन करने से कुछ नहीं होता। वीरेंद्र सचदेवा ने यहां एक बयान में कहा कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च से शुरू होगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने की है। भाजपा की सरकार दिल्ली के विकास के लिए कार्य करेगी। सचदेवा ने कहा कि जिस तरह से पिछले 10-11 वर्षों में दिल्ली का




विकास रुका हुआ है, उसके लिए भाजपा की सरकार काम करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इस मामले में बहुत गंभीरता से सोचा है। पिछले सात-आठ दिनों में ही योजना बनाकर और मीटिंग करके अपना काम शुरू कर दिया है। यह बजट दिल्ली के लोगों के लिए होगा।

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि यह बजट दिल्लीवासियों के सुझावों के अनुसार तैयार किया जाएगा और मुख्यमंत्री ने इस पर

**हमला बोला**

**दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च से शुरू होगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने की है**

कई बैठकें की हैं। यह बजट सुनिश्चित करेगा कि भारत की राजधानी एक 'विकसित' राजधानी बने। सचदेवा ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को चर्चा और सुझाव के लिए मुख्यमंत्री अपने कार्यालय में आमंत्रित करेंगी, जिनमें महिलाएं, व्यापारी और अन्य समूह होंगे।

# मानवाधिकारों पर छह दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वैश्विक दक्षिण के देशों में मानवाधिकार संस्थानों (एनएचआरआई) के वरिष्ठ पदाधिकारियों में क्षमता निर्माण की छह दिवसीय कार्यशाला का आज यहां शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (भारत) ने भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग कार्यक्रम (आईईटीसी) के अन्तर्गत इसका आयोजन किया है। ग्लोबल साउथ के 14 देशों के राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों (एनएचआरआई) से लगभग 47 प्रतिभागी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। ये देश मेडागास्कर, युगांडा, समोआ, तिमोर लेस्ते, डीआर कांगो, टोगो,

**प्रतिभागी**

**जो देशों या सदियों में प्रचलित मानवीय मूल्यों और लोकाचारों पर प्रकाश डालते हैं**

माली, नाइजीरिया, मिस्र, तंजानिया, मॉरीशस, बुरुंडी, तुर्कमेनिस्तान और कतर हैं। न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम (अध्यक्ष, एनएचआरसी) ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि भारत विभिन्न जातियों, समुदायों, कला रूपों और भाषाओं के साथ समृद्ध



विविध सांस्कृतिक लोकाचार का देश है और यह सदियों से साझा मूल्यों और परंपराओं की एकता में पनप रहा है। हालांकि विविधता के साथ-साथ विविध समस्याएं भी आती हैं, जिनके लिए विविध समाधानों की आवश्यकता होती है। हर देश की अपनी सामाजिक-सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक परंपराएं होती हैं और मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के बाद उनके साथ निपटने के लिए निर्धारित मानकीकृत दृष्टिकोणों को देखते हुए, विविधताओं को संबोधित करते समय चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने कहा कि आईटीईसी जैसे मंच एक-दूसरे की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और मानवाधिकार मूल्यों को साझा करने और आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करते हैं, ताकि प्रत्येक देश में अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक वास्तविकताओं के साथ उभरती मानवाधिकार चुनौतियों का सर्वोत्तम तरीके से समाधान करने के तरीकों पर विचार और खोज की जा सके।

उन्होंने वैश्विक दक्षिण के एनएचआरआई और उनके देशों के भाग लेने वाले वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने एनएचआरसी, भारत द्वारा उन्हें भागीदारी के लिए नियुक्त करने के निमंत्रण को स्वीकार किया। उन्होंने कई प्राचीन भारतीय ग्रंथों का भी उल्लेख किया, जो देशों या सदियों में प्रचलित मानवीय मूल्यों और लोकाचारों पर प्रकाश डालते हैं, जो आज भी पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं।

# लूटपाट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: उत्तर पश्चिमी जिले के** केशवपुरम थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान मेरठ निवासी मोहित कुमार (27) और लोनी गाजियाबाद निवासी आबिद (29) के रूप में हुई है। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने सोमवार को बताया कि 26 फरवरी को केशवपुरम थाना पुलिस को पेंटामेड अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक को किसी ने गोली मारी है और घायल युवक उनके अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। जांच में घायल युवक की पहचान केशव पुरम निवासी नितिन (37) के रूप में हुई। घायल बयान देने की हालत में नहीं था। घायल को अस्पताल में भर्ती कराने वाले रिश्तेदार पुनीत, राहुल और सचिन ने पुलिस को बताया कि नितिन ने उन्हें फोन करके बताया था कि उसे बी-4 के पास गोली मारी है, मदद कर दो। डीसीपी के अनुसार पुलिस की एक

**अरेस्ट**

**युवक को किसी ने गोली मारी है और घायल युवक उनके अस्पताल में भर्ती है। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची**

टीम को घटनास्थल के पास भेजा गया। घटनास्थल पर पूछताछ करने पर पता चला कि घटना के वक्त नितिन कार में बैठे थे। उसी दौरान दो हमलावर आए और पहले कार की खिड़की पर ईंट मारी उसके बाद खिड़की के शीशे पर गोली चला दी। नितिन को गोली मारने के बाद हमलावर उसका बैग लेकर फरार हो गए। सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मोहित को दिल्ली हरिद्वार हाइवे के पास से दबोचा। पूछताछ में मोहित ने खुलासा किया कि उसके दोस्त कादिर ने उसे आबिद उर्फ राज से मिलने के लिए कहा था।

# बाजारों में रौनक लौटी, रोजेदारों की पसंद बने कलमी-कीमिया खजूर; दामों में भी बढ़ोतरी

**रौनक**

**रमजान माह की शुरूआत के साथ ही दिल्ली के बाजारों में रौनक लौट आई है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रमजान माह की शुरूआत के साथ ही दिल्ली के बाजारों में रौनक लौट आई है। सहरी और इफ्तार के लिए जरूरी सामान खरीदने के लिए लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचे हैं। खासतौर पर खजूर की मांग में जबरदस्त इजाफा हुआ है, जिसमें कलमी और कीमिया खजूर का नाम शामिल है। बढ़ती मांग के चलते इनकी कीमतों में करीब 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। शहर के खारी बावली, ज्वाला हेरी मार्केट, सदर बाजार चांदनी चौक, करोल बाग, लाजपत नगर सेंट्रल मार्केट की दुकानों पर ईरानी, मिस्त्री, अजवा और कालीमी खजूर की बड़ी वैरायटी उपलब्ध है। रमजान में खजूर की खास अहमियत होती है क्योंकि रोजा खोलने के लिए इसे सबसे बेहतर और पारंपरिक माना जाता है। इसी कारण बाजारों में खजूर की कई किस्में देखने को मिल रही हैं। ग्राहक



अपनी पसंद और बजट के हिसाब से इन्हें खरीद रहे हैं। जामा मस्जिद के बाहर स्थित दुकानदार कामरान हसन ने बताया कि रमजान शुरू होते ही खजूर की बिक्री में दोगुनी बढ़ोतरी हुई है। साथ ही, खजूर के दामों में 15 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है।

**दुकानदारों ने कहा- बड़ी संख्या में पहुंच रहें ग्राहक**

खजूर के अलावा रमजान में इस्तेमाल होने वाले सूखे मेवे जैसे बादाम, अखरोट, काजू, किशमिश और छुहारे रोजेदारों की पहली पसंद बने हुए हैं। इफ्तार के लिए ठंडे शरबत और अलग-अलग तरह के ड्राई फ्रूट्स खरीदने वालों की संख्या भी बढ़ी है। एक अन्य दुकानदार आसिफ ने बताया कि रमजान के चलते बाजार में हर दिन बड़ी संख्या में ग्राहक आ रहे हैं। रमजान के पहले ही दिन से सहरी और इफ्तार की तैयारियों को लेकर बाजारों में जबरदस्त भीड़ देखी गई।

**मस्जिदों में जबर्दस्त भीड़, बाजार भी रहे गुलजार**

रमजान का महीना आते ही शहर का माहौल आध्यात्मिक हो गया है। मस्जिदों में इबादत के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं घरों में भी इफ्तार और सहरी के लिए खास इंतजाम किए जा रहे हैं। रोजेदारों में इस पवित्र महीने को लेकर खास उत्साह देखा जा रहा है। दुकानदारों को अच्छे कारोबार की उम्मीद बाजारों में बढ़ती भीड़ से दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए हैं। व्यापारियों का कहना है कि रमजान के कारण ग्राहक में जबरदस्त उछाल आया है और उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यह और बढ़ेगी। वहीं, ग्राहक भी अपनी जरूरतों के मुताबिक सामान खरीदने में जुटे हैं और रमजान की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

# मुठभेड़ के बाद तीन आरोपितों को दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पश्चिमी जिले की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान सिकंदराबाद निवासी साहिल (22), भलस्वा डेयरी निवासी मोहम्मद फैयाज (25) और अलीपुर निवासी दीपक (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और चोरी की एक बाइक बरामद की है। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने सोमवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 25 फरवरी को अशोक विहार थाना पुलिस को गोली चलने की सूचना मिली थी। मामले की सूचना

**काबू**

**मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि बदमाशों ने एक युवक को गोली मारी है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया**

मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि बदमाशों ने एक युवक को गोली मारी है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जांच में मृतक की पहचान शालीमार गांव निवासी सरोज पाठक के रूप में हुई। घटना के वक्त वह अपनी स्कूटी से फैक्टरी से शालीमार बाग कैश लेकर जा रहे थे। बदमाश उनकी स्कूटी भी लूटकर ले गए थे। अशोक विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। डीसीपी के अनुसार रविवार देर रात पुलिस टीम को सूचना मिली कि लूट व हत्या के मामले में फरार आरोपित साहिल अशोक विहार में देखा गया है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया। शाहिल को देखते ही पुलिस ने आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, जिस पर उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी। इधर पुलिस टीम ने आत्मरक्षा में गोलियां चलाईं।

# सांसद इंजीनियर की जमानत याचिका पर एनआईए को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने टेरर फंडिंग मामले के आरोपित और सांसद इंजीनियर रशीद की संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए एनआईए को नोटिस जारी किया है। एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को करने का आदेश दिया। याचिका में कहा गया है कि इंजीनियर रशीद एक सांसद हैं और उन्हें जिन लोगों ने चुना है उनके प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए संसद सत्र में हिस्सा लेना जरूरी है। संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू हो रहा है जो 4 अप्रैल को खत्म होगा। इसके




पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने इंजीनियर रशीद को संसद सत्र में हिस्सा लेने के लिए दो दिन कस्टडी पेरोल पर रिहा करने की अनुमति दी थी। इंजीनियर रशीद ने हाई कोर्ट में दाखिल जमानत याचिका 24 फरवरी को वापस ले ली थी। हाई कोर्ट ने पटियाला हाउस के स्पेशल एनआईए कोर्ट को निर्देश दिया था कि वो इंजीनियर रशीद की जमानत याचिका पर जितनी जल्द हो सके सुनवाई कर फैसला करे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से मिले स्पष्टीकरण के बाद दिल्ली हाई कोर्ट की रजिस्ट्री ने बताया था कि पटियाला हाउस कोर्ट का स्पेशल एनआईए कोर्ट इंजीनियर रशीद के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई कर सकता है। इंजीनियर रशीद ने लोकसभा चुनाव 2024 में उमर अब्दुल्ला को करीब एक लाख मतों से हराकर जीत हासिल की थी। इंजीनियर रशीद को 2016 में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने 16 मार्च 2022 को हाफिज सईद, सैयद सलाहुद्दीन, यासिन मलिक, शब्बीर शाह और मसरत

**सुनवाई**

**अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई**

आलम, इंजीनियर रशीद, जहूर अहमद वताली, बिट्टा कराटे, आफताब अहमद शाह, अवतार अहम शाह, नईम खान, बशीर अहमद बट्ट ऊर्फ पीर सैफुल्ला समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। एनआईए के मुताबिक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सहयोग से लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन, जेकेएलएफ, जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने जम्मू-कश्मीर में आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हमले और हिंसा को अंजाम दिया। वर्ष 1993 में अलगाववादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए ऑल पार्टी हुर्रियत कांफ्रेंस की स्थापना की गई।

# जीएसटी संग्रह में हरियाणा देश के शीर्ष 5 राज्यों में

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, जो राज्य के आबकारी एवं कराधान मंत्री भी हैं, के कुशल नेतृत्व में आबकारी एवं कराधान विभाग ने माल और सेवा कर (जीएसटी) के संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है। फरवरी, 2025 में देश में सकल जीएसटी राजस्व 1,83,646 करोड़ रुपये एकत्र किया गया, जो पिछले वर्ष इसी महीने के जीएसटी राजस्व से 9.1 प्रतिशत अधिक है। वहीं फरवरी, 2025 में हरियाणा में सकल जीएसटी संग्रह 9,925 करोड़ रुपये है, जबकि फरवरी 2024 में यह 8,269 करोड़ रुपये था, जो 20 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है और राष्ट्रीय




विकास औसत 10 प्रतिशत से दोगुना है। इस दौरान महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात और तमिलनाडु के साथ जीएसटी संग्रह में हरियाणा देश के शीर्ष 5 राज्यों में बना हुआ है। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि यह न केवल हरियाणा सरकार की कर सुधार नीति की सफलता को दशार्ता है, बल्कि यह राज्य के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। हरियाणा ने जनवरी, 2025 में भी बड़े राज्यों में सबसे अधिक वृद्धि दर दिखाई थी। जीएसटी कलेक्शन में वृद्धि आर्थिक प्रगति को दशार्ती है। साथ ही यह राज्य के विकास के लिए एक सकारात्मक संकेत भी है।

**वृद्धि**

**मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में आबकारी एवं कराधान विभाग ने जीएसटी के संग्रह में हासिल की उल्लेखनीय वृद्धि**

**जीएसटी संग्रह में हरियाणा फरवरी, 2025 में देश के प्रमुख राज्यों में सबसे अधिक वृद्धि करने वाला राज्य बना रहा**

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में आबकारी एवं कराधान विभाग आगे भी ऐसे ही प्रगति करता रहेगा और हरियाणा को आर्थिक और वित्तीय स्तर पर एक मजबूत राज्य बनाएंगे।

आबकारी एवं कराधान विभाग एसजीएसटी, आबकारी शुल्क और वैट के तहत राज्य के कुल राजस्व का 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है। अप्रैल, 2024 से फरवरी, 2025 की अवधि के दौरान आबकारी एवं कराधान विभाग ने 57,125 करोड़ रुपये एकत्र किए हैं, जो वर्ष 2024-25 के लिए कुल बजट लक्ष्य 63,348 करोड़ रुपये का 90 प्रतिशत से अधिक है और विभाग बजट लक्ष्य को पार करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के लिए राजस्व एक महत्वपूर्ण स्रोत होता है, जिससे विभिन्न सरकारी परियोजनाओं को विकसित करने, नागरिक सेवाएं प्रदान करने और देश-प्रदेश के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक धन उपलब्ध होता है। आबकारी एवं कराधान विभाग का प्रयास है कि राज्य बजट में विभाग के लिए निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व एकत्रित किया जाए जिससे प्रदेश में विकासात्मक कार्यों के लिए धन की कोई कमी ना रहे। विभाग के ऐसे प्रयास राज्य सरकार के सामर्थ्य को बढ़ाते हैं और प्रदेश को आर्थिक विकास की ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं।

# प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए पशु/पक्षियों का संरक्षण आवश्यक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए पशु/पक्षियों का संरक्षण आवश्यक है। हम सभी को वन्य जीव संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह आज विश्व वन्य जीव संरक्षण दिवस के अवसर पर बावल उपमंडल के गांव झाबुआ में मोर व चिंकारा प्रजनन केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने यहां ब्रीडिंग सेंटर से नर व मादा मोर भी छोड़े।

गौरतलब है कि लगभग 748 एकड़ के आरक्षित वन क्षेत्र में चिंकारा, मोर, हिरण के अतिरिक्त अन्य पशु पक्षियों को संरक्षित किया जाता हैं।

मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि वन एवं वन्य जीव विभाग पशु/पक्षियों के संरक्षण के लिए प्रदेश के कई जिलों में निरंतर कार्य कर रहा है।

**संरक्षित**

**आरक्षित वन क्षेत्र में चिंकारा, मोर, हिरण के अतिरिक्त अन्य पशु पक्षियों को संरक्षित किया जाता हैं**

## न्यूज फ्लैश

### जींद : उपायुक्त व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद।** जिला में दसवीं व 12वीं बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा व एसपी राजेश कुमार ने सोमवार को गांव हाट के संवेदनशील परीक्षा केंद्र सहित गांव गंगोली, पिल्लूखेड़ा व निर्जन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित संपन्न करवाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने परीक्षा केंद्रों पर सेंटर सुपरीटेंडेंट से भी फीडबैक लिया और कहा कि अगर स्टाफ या पुलिस बल की और ज्यादा जरूरत है तो इस संबंध में तुरंत प्रशासन को अवगत करवाएं। उन्होंने स्वयं भी परीक्षार्थियों की गतिविधियों का निरीक्षण किया। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बनाए गए व्हाट्सअप ग्रुप पर भी जरूर सूचित करें, ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। शांतिपूर्वक व नकल रहित परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

### हथियार के बल पर लूट की वारदात करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद।** हथियार के दम पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को अपराध शाखा सेक्टर-30 की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनीष उर्फ छोटे गांव सिहोल पलवल का रहने वाला है। आरोपी को पुलिस टीम ने आईएमटी बल्लबगढ़ एरिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर बल्लबगढ़ में लूट का मामला दर्ज था। सेक्टर-2 के रहने वाले सुधीर ने शिकायत दी थी कि 05 जून 2024 को साहुपुरा सुनपेड रोड पर एक पानी के प्लांट से आरोपियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर यह वारदात की थी और उन्होंने पिस्टल और कट्टे का उपयोग करके प्लांट के मालिक को डराया था। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर साहुपुरा सुनपेड रोड पर पानी के प्लांट से अवैध हथियार के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी को मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को अदालत में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। जिससे वारदात में प्रयोग पिस्टल वरामद करनी है। आरोपी पर पूर्व में भी हत्या के प्रयास, अवैध हथियार, चोरी व लडाई झगडे के मामले दर्ज है। इस मामले में एक अन्य आरोपी ओमपाल उर्फ ओमबीर को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और उससे वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी बरामद की जा चुकी है। मामले में शामिल अन्य 3 आरोपी हत्या के मामले में जेल में बंद है। जिनको पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।

### किसान कृषि अधिकारी या टोल-फ्री नंबर पर संपर्क कर दर्ज करवाएं फसल खराबे की रिपोट: कृषि मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि राज्य में किसानों की सुविधा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और हरियाणा क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से फसल नुकसान की रिपोर्टिंग की व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंजीकरण करवाया है, वे अपने निकटतम कृषि अधिकारी या टोल-फ्री नंबर 14447 पर संपर्क कर 72 घंटे के भीतर अपनी फसल खराबे की रिपोर्ट दर्ज करवा सकते हैं। वहीं, जो किसान इस योजना के तहत पंजीकृत नहीं हैं, वे हरियाणा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना नुकसान दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए उनका ह्यमेरी फसल, मेरा ब्योराह्न पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। कृषि मंत्री ने ऐसे किसानों से जल्द से जल्द पोर्टल पर पंजीकरण करवाने की अपील की। श्री राणा ने सभी प्रभावित किसानों से आग्रह किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी फसल नुकसान की रिपोर्ट दर्ज करवाकर सरकार की सहायता योजनाओं का लाभ उठाएं।

### बाबा साहेब की प्रतिमा तोडने के विरोध में हुई महापंचायत में हंगामा

**गुरुग्राम।** जिला के गांव कांकरोला में बाबा साहेब डा. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने को लेकर विवाद ने उस समय नया मोड़ ले लिया, जब इस संबंध में महापंचायत आयोजित की गई। दलितों के मसलों को जोर-शोर से उठाने वाले भीम सेना प्रमुख सतपाल तंवर के साथ हाथापाई करने का प्रयास किया गया। सतपाल तंवर ने सोमवार को बताया कि खुद को बीजेपी के एससी सैल का महामंत्री बताने वाले नेता ने उनके साथ बदसलूकी की।

# अंकन कार्य हेतु विद्यालय 10 मार्च तक अपडेट करें स्टाफ स्टेटमैंट

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा वर्तमान में आयोजित करवाई जा रही सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी की फरवरी/मार्च-2025 परीक्षा के अंकन कार्य के लिए निकट भविष्य ड्यूटियां लगाई जानी है। सभी राजकीय व अराजकीय विद्यालयों के मुखिया स्टाफ स्टेटमैंट अपडेट करें, ताकि अंकन कार्य हेतु स्टाफ की ड्यूटी सही लग सके। स्टाफ स्टेटमैंट अपडेट करने के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट लिंक आज से लाईव कर दिया गया है। सभी विद्यालय 10 मार्च, 2025 तक स्टाफ स्टेटमेंट का डाटा संशोधित/अपडेट करना सुनिश्चित करें। बोर्ड प्रवक्ता ने बताया कि पूर्व में राजकीय व अराजकीय विद्यालयों द्वारा जो स्टाफ स्टेटमेंट भरी थी, यदि विद्यालय में कार्यरत किसी अध्यापक, प्राध्यापक व प्रधानाचार्य के विवरणों में जैसे- किसी प्रकार के अवकाश या सेवानिवृत अथवा स्थानान्तरण हुआ है, मोबाइल नम्बर में कोई संशोधन है या अन्य कोई कारण है तो उसे भी बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर समय रहते अपडेट करना सुनिश्चित करें।

**अपडेट**

**अन्य कोई कारण है तो बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर समय रहते अपडेट करना सुनिश्चित करें।**

# हुड्डा ने उठाई किसानों के लिए मुआवजे की मांग

## फलल बीमा योजना के भुगतान में 90% की गिरावट किसानों के जख्मों पर नमक के समान- हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश में लगातार तीन दिन हुई बारिश और ओलावृष्टि के चलते 12 जिलों में गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। गेहूं की खड़ी फसल खेतों में पूरी तरह बिछ गई है। वहीं सरसों के दाने भी झड़ गए हैं। इसके अलावा पशु चारा, सब्जियां व प्याज जैसी कई फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। इसलिए सरकार को कोरी बयानबाजी छोड़कर तुरंत किसानों को हुए नुकसान की गिरदावरी करवानी चाहिए और उन्हें उचित मुआवजा देना चाहिए। जनवरी में भी ओलावृष्टि के चलते फसलों को भारी नुकसान हुआ था। उस समय कांग्रेस द्वारा मांग उठाए जाने के बाद सरकार ने



गिरदावरी का ऐलान तो किया। लेकिन ना सरकार ने गिरदावरी करवाई और ना ही मुआवजा दिया। 1763 गांव के 5299 किसानों ने खराब हुई 2.6 लाख एकड़ फसलों का ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर डाला था। लेकिन अब तक सरकार ने 2.03 लाख एकड़ फसल का वेरिफिकेशन तक नहीं करवाया। इसी तरह हरेक सीजन में किसानों को किसी न किसी तरह की आपदा झेलनी पड़ रही है और सरकार सिर्फ मीडिया में हवाहवाई बयान बाजी करके अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है। हुड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी सिर्फ कंपनियों के लिए मुनाफा कूटने का जरिए बन गई है। खुद केंद्र सरकार ने संसद में बताया कि बीमा दावों के भुगतान में 90% की भारी गिरावट आई है। योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में जहां किसानों को 2,496.89 करोड़ का भुगतान हुआ, वहीं 2023-24 में यह गिरकर सिर्फ 224.43 करोड़ रह गया। यानी भुगतान में जो 90% से अधिक की बड़ी गिरावट आई है। बीमा दावों के निपटान में इतनी बड़ी गिरावट किसानों के जले पर नमक छिड़कने के समान है। फसल बीमा योजना किसानों की कमाई लूटकर निजी बीमा कंपनियों की तिजोरी भरने वाली योजना बन गई है।

**मांग**

**कोरी बयानबाजी छोड़कर किसानों को हुए नुकसान का भुगतान करे बीजेपी सरकार: हुड्डा**

# नकल रहित परीक्षा करवाना प्रशासन के साथ आमजन की भी जिम्मेदारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद।** जिला में चल रही बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं नकल रहित संपूर्ण करवाने को लेकर सोमवार को डीसी विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय स्थित सभागार में गांवों के सरपंचों के साथ बैठक की। बैठक में डीसी विक्रम सिंह ने सरपंचों से गांवों में बने परीक्षा केंद्रों के बारे में जानकारी लेते हुए आग्रह किया कि वे अपने गांवों में बने परीक्षा केंद्रों पर नकल रहित परीक्षाएं करवाने में अपना सहयोग दें। यदि कोई व्यक्ति नकल करवाते हुए पाया जाता है तो उसको पुलिस के हवाले करें। उन्होंने कहा कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम इन परीक्षा को सही ढंग से होने दें, ताकि बच्चों का अच्छा भविष्य हो। बैठक के उपरांत डीसी विक्रम सिंह ने पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के साथ जिला में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन नकल रोकने एवं पेपर लीक के मामलों को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति से काम कर रहा है। यदि कोई अधिकारी नकल कराने के मामलों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सरपंचों ने बताया कि उनको प्रशासन से पूरा सहयोग मिल रहा है और नकल रहित परीक्षा कराने के लिए वह जिला प्रशासन के साथ खड़े हैं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस अपना काम मुस्तैदी से करे और गांवों में फ्लैग मार्च निकालने के साथ लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों के अलावा और कोई अन्य व्यक्ति नजर.न आए, पुलिस अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए की वह स्वयं परीक्षा केंद्रों पर जाकर स्थिति का जायजा लें और बोर्ड परीक्षा बिना किसी अड़चन के संपूर्ण हो, इसको लेकर सभी जरूरी व्यवस्थाएं होना सुनिश्चित करें।

# बंद पड़े घर से लाखों का सामान व गहने चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत। पानी**पत की वधावाराम कॉलोनी में स्थित एक घर में घुसकर चोर कीमती सामान लेकर रफूचक्कर हुए। घर में रहने वाली महिला पार्वती अपने बीमार पति संजय को रात में अस्पताल लेकर गई थी। सोमवार सुबह जब वे लौटे तो घर का ताला टूटा मिला। घर के अंदर जाकर देखा तो सोने-चांदी के जेवरात और कपड़े तक गायब थे। संजय ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। तहसील कैंप थाने में दी शिकायत में संजय ने बताया कि वह वधावा राम कॉलोनी का रहने वाला है। वह दो बेटों और तीन बेटियों का पिता है।

# प्रॉपर्टी टैक्स सेल्फ सर्टिफिकेशन के लिए घर-घर जाएंगी निगम टीमें



**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने कहा कि प्रॉपर्टी टैक्स सेल्फ सर्टिफिकेशन कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए। इसके लिए टीमें बनाकर घर-घर भेजी जाएं तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि टीम प्रॉपर्टी टैक्स डाटा संबंधी त्रुटियों का सुधार भी त्वरित करें। वे सोमवार को अपने कार्यालय में मासिक समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित दावे-आपत्तियों का त्वरित समाधान हो तथा बिना किसी वैध कारण के आवेदनों को रिजेक्ट या रिवर्ट ना किया जाए। उन्होंने कहा कि अगर प्रॉपर्टी टैक्स डाटा सुधार या नई प्रॉपर्टी आईडी बनाने के आवेदन में कोई कमी पाई जाती है, तो उसके बारे में एक बार में ही ऑब्जेक्शन अंकित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी एक ही आवेदन में बार-बार ऑब्जेक्शन लगाता है, तो इसे गलत प्रक्रिया माना जाएगा। बैठक में निगमायुक्त ने प्रॉपर्टी टैक्स से संबंधित सभी लंबित आपत्तियों का अगले दो दिन में समाधान करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लाल डोरा क्षेत्र में दिए जा रहे मालिकाना हक सर्टिफिकेट संबंधी कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में प्रॉपर्टी टैक्स डिफाल्टरों को नोटिस जारी करके रिकवरी करने, कचरा प्रबंधन, सफाई, स्ट्रे कैटल फ्री अभियान में तेजी लाने, चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा विभिन्न माध्यमों से आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए। संबंधित एजेंसी तथा विज्ञापनदाता को नोटिस भेजकर जुमार्ने का भुगतान करने के लिए कहें तथा अगर कोई जुमार्ने का भुगतान नहीं करता है।

**डाटा**

**यह सुनिश्चित किया जाए कि टीम प्रॉपर्टी टैक्स डाटा संबंधी त्रुटियों का सुधार भी त्वरित करें।**

# इनेलो ने जनहित से जुड़े 12 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** 7 मार्च से शुरू होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में इनेलो विधायक दल के नेता एवं डबवाली के विधायक आदित्य देवीलाल और रानियां के विधायक अर्जुन सिंह चौटाला लोकहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुख्ता से उठाऐंगे। इसके लिए इंडियन नेशनल लोकदल ने विधानसभा के बजट सत्र के लिए प्रक्रिया व कार्य संचालन संबंधी नियमों के नियम 73 के तहत कुल 12 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए हैं। डबवाली शहर में हो रहे बार-बार ब्लैकआउट से जनमानस से हो रही परेशानियां बारे, गांवों/शहरों में गरीब लोगों के लिए काटी गई कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने




बारे, परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) से आम जनता को हो रही परेशानी बारे, प्रदेश में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने बारे, गन्ने की फसल का रकबा बढ़ाने को लेकर सरकारी मिलों द्वारा ठोस कदम नहीं उठाए जाने बारे, ग्रामीण इलाकों में गांव के तालाबों में पानी की स्थिति बहुत ही दूषित हालातों बारे, सरकारी विभागों में खर्ची पर्ची से हो रहे भ्रष्टाचार एवं भ्रष्ट सरकारी कर्मचारी बारे जैसे 7 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव विधायक आदित्य देवीलाल की तरफ से दिए गए हैं। वहीं प्रदेश में बेरोजगारी एवं सरकारी भर्तियों बारे, प्रदेश में लिंगानुपात में गिरावट बारे, हरियाणा में खेलों के विकास एवं उत्थान बारे, गरीब परिवारों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा बारे और विदेशों में अवैध तरीके से भेजने की प्रक्रिया बारे जैसे जनहित से जुड़े 5 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव विधायक अर्जुन चौटाला की तरफ से दिए गए हैं।

**मुद्दे**

**ग्रामीण इलाकों में गांव के तालाबों में पानी की स्थिति बहुत ही दूषित हालातों के बारे में मुद्दा उठाया जाएगा**

# रानियां हल्का में शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर सांसद सैलजा ने सीएम को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को पत्र लिखकर घग्गर नदी क्षेत्र के रानियां ब्लॉक के गांवों में लोग भूमिगत दूषित और कैमिकल युक्त पानी पीने को मजबूर है लोग जनजनित रोगों और कुछ कैंसर रोग की चपेट में आ चुके है। ऐसे में इस क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चत की जाए। साथ ही जो लोग बीमार है उनके स्वास्थ्य की जांच के लिए गांवों में मेडिकल टीमें भेजी जाए। मुख्यमंत्री नायब सैनी को लिखे पत्र में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि उनके संसदीय क्षेत्र के रानियां विधानसभा हलका के कुछ गांवों के गणमान्य लोगों विशेषकर गांव संतनगर के ग्रामीणों ने अवगत कराया कि उन्हें पीने के शुद्ध पानी के लिए कई सालों से संघर्ष करना पड़ रहा है। इस हलका के अधिकतर गांव के लोग भूमिगत जल पर ही निर्भर है। इस क्षेत्र में बहने वाली घग्घर नदी का जल पूरी तरह से प्रदूषित हो चुका है जिसके प्रभाव से भूमिगत जल भी प्रदूषित और विषाक्त हो गया है। पहले कुछ गांवों में शुरू पानी की आपूर्ति भांखडा नहर से की जाती थी जिसे बाद में बंद कर दिया गया। अब हालात ये है कि प्रदूषित जल पीने से क्षेत्र में कैंसर रोगियों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। हालात ये है कि संतनगर में एक ही घर में तीन तीन कैंसर रोगी है। कुमारी सैलजा ने लिखा है कि कई साल पहले संतनगर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए एक योजना मंजूर हुई थी जिसके लिए दलीप नगर में जल उपचार संयंत्र भी स्थापित किया गया था पर अभी तक कुछ नहीं हुआ। ऐसे में आपसे अनुरोध है कि रानियां हलका में भाखाडा नहर से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था कराई जाए।

# कांग्रेस नेता हिमानी की हत्या मामले में परिचित युवक सचिन गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा की कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल के हत्या मामले में पुलिस ने दो लोगों से पूछताछ के बाद एक सचिन को गिरफ्तार कर लिया। हिमानी का शव 1 मार्च को सांपला में फ्लाईओवर के नीचे सूटकेस में मिला था।

रोहतक पुलिस ने युवा नेता हिमानी नरवाल के हत्या मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बीती रात दिल्ली से 2 लोगों को शक के आधार पर हिरासत में लिया था। उनसे पूछताछ के बाद एक आरोपी की गिरफ्तारी हुई है।आरोपी का नाम सचिन है। वह बहादुरगढ़ के पास एक गांव का रहने वाला है। हालांकि, इस बारे में पुलिस का अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पुलिस सूत्रों



का कहना है कि हत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इससे पहले रविवार को हिमानी की मां सविता ने दावा किया था कि हिमानी ने उसे बताया था कि वह 28 फरवरी को कांठवाड़ी में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रही है। इसके बाद उसका फोन बंद आया। यह भी पता चला है कि हिमानी की हत्या मोबाइल चार्जर की केबल से गला घोंटकर की गई है। आरोपी मोबाइल एसेसरीज की दुकान भी चलाता है। दोनों के बीच क्या बात हुई थी पुलिस इस पहलू को लेकर जांच आगे बढ़ा रही है।सूत्रों का कहना है कि बहादुरगढ़ के सचिन और हिमानी की एक साल पहले सोशल मीडिया पर मुलाकात हुई थी। हिमानी और सचिन एक-दूसरे को करीब एक साल से जानते थे। सचिन का हिमानी के घर पर आना-जाना भी था।

इससे पहले रविवार को हिमानी की मां सविता ने दावा किया था कि 28 फरवरी को कांठवाड़ी में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यक्रम में हिमानी को शामिल होना था। इसके बाद बेटी लापता हो गई और 1 मार्च को उसका शव सांपला के पास सूटकेस में मिला।

हिमानी नरवाल की मां की अनुमति मिलने पर पुलिस ने रविवार शाम शव का पोस्टमॉर्टम कराया, लेकिन परिवार ने शव लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को रोहतक पीजीआई की मॉच्युर्री में रखवा दिया है। उधर, पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना था कि 28 फरवरी को कांठवाड़ी में उनका कोई कार्यक्रम ही नहीं था।

जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने हिमानी नरवाल की हत्या को लेकर अपने एक्स हैंडल पर लिखा...बहन हिमानी की हत्या ने हमें झकझोर कर रख दिया है। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि परिवार को इस अपार दुःख में शक्ति मिले।

**खुलासा**

**हिमानी का शव 1 मार्च को सांपला में फ्लाईओवर के नीचे सूटकेस में मिला था**

# सोनीपत मेयर उपचुनाव में भाजपा की जीत तय, मेयर बनते ही तेजी से घूमेगा विकास का पहिया: राजीव जैन

## राजीव जैन ने बूथ मैनेजमेंट कमेटी की बैठक लेकर सोनीपत में संपन्न हुए मतदान के विभिन्न पहलुओं पर की चर्चा

विचार विमर्श

▶▶ बूथ मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों के साथ संपन्न हुए मतदान के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 03 मार्च** । मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार व भाजपा के मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने सोमवार को पुरखास अड्डा स्थित अपने कार्यालय में पार्टी के बूथ मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों के साथ संपन्न हुए मतदान के विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया। इस दौरान मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने कहा कि मेयर उपचुनाव में भाजपा की शानदार जीत तय है । उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे हरियाणा के नगर निगम व निकाय चुनाव में जीत हासिल कर लोकसभा और विधानसभा की तरह इन चुनावों में भी ऐतिहासिक जीत दर्ज कर ट्रिपल इंजन सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सोनीपत की जनता व भाजपा कार्यकताओं को वोटिंग संपन्न होने के बाद अब 12 मार्च का इंतजार है, जिस दिन वोटों की काउंटिंग की जाएगी और 'कमल' खिलेगा । राजीव जैन ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से उनके मेयर बनते ही विकास का पहिया तेजी से घूमेगा । राजीव जैन के कार्यालय पर सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ एकत्रित होनी शुरू गयी थी । इसी क्रम में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी पहुंचने शुरू हो गए थे । इसके बाद राजीव जैन ने बूथ मैनेजमेंट कमेटी व चुनाव के दौरान विभिन्न जिम्मेदारियों को संभाल रहे पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ गहन विचार- विमर्श किया। सोनीपत में कम वोटिंग को लेकर भी चर्चा हुई । बूथ पर तैनात कार्यकर्ता पूरे उत्साह में दिखे, उन्होंने सीधे तौर कहा कि वोटिंग कम भले हुई हो हमारे वोटर ने मतदान केंद्र पर पूरी आस्था के साथ हमारे पक्ष में मतदान किया है । मेयर प्रत्याशी राजीव जैन ने सीधे तौर पर दावा किया सोनीपत मेयर उपचुनाव भाजपा भारी मतों के अंतर से जीत रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनते ही क्षेत्र में विकास की बयार तीव्र गति के साथ बहेगी और सोनीपत नगर निगम क्षेत्र भी तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां देश का मान -सम्मान बढ़ाया है, वहीं राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। राजीव जैन ने कहा कि अब कांग्रेस पार्टी से लोगों व उनके नेताओं का मोहभंग हो गया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में अपनी भारी फजीहत करवाई, उसके बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव में शर्मसार होना पड़ा और इस निकाय चुनाव में भी उनकी रही सही कसर पूरी होने जा रही है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव में कांग्रेस ने पहले से ही हार स्वीकार कर ली है।
कांग्रेस की ऐसी दुर्दशा पहली बार देख रहा हूं। इस मौके पर उन्होंने भाजपा के पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं का जनसंपर्क अभियान और मतदान कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने पर उनका आभार जताया । उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग व समर्थन की बदौलत सोनीपत नगर निगम में कमल' खिलना तय है ।

# समाजसेवा के कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान दें युवा: डॉ मुकेश

योगदान

▶▶ प्रतिष्ठित संस्था से जुड़ने पर बधाई देते हुए कहा कि सभी युवा सेवाभाव कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान दें



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में चल रहे पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हुआ। इस समारोह में अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा ब्रांच के जनरल सेक्रेटरी डॉ मुकेश अग्रवाल, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल एवं डॉ. बीआर अंबेडकर स्टडी सेंटर के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ मुकेश अग्रवाल ने हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी की विभिन्न गतिविधियों और उपलब्धियों से स्वयंसेवकों को अवगत करवाया। उन्होंने चार बार नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली रेड क्रॉस जैसी प्रतिष्ठित संस्था से जुड़ने पर बधाई देते हुए कहा कि सभी युवा सेवाभाव से समाजसेवा के कार्यों में अपना
बहुमूल्य योगदान दें। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ वीरेंद्र पाल ने रेड क्रॉस के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत की युवा शक्ति ही इन सिद्धांतों को व्यावहारिक रूप से जीवन में अपना कर राष्ट्र को प्रगति की ओर ले जा सकती है।
डॉ. बीआर अंबेडकर स्टडी सेंटर के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने विकसित भारत बनाने के लिए युवा स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने राष्ट्र गौरव के प्रतीकों को समझते हुए स्वाभिमान की भावना से राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करें। शिविर संयोजक प्रो. दिनेश राणा ने शिविर के विभिन्न कार्यक्रमों की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। काउंसलर प्रो सतीश भारद्वाज द्वारा इस पांच दिवसीय कैंप की विभिन्न गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# समाधान शिविर में नगराधीश ने आमजन की समस्यायें सुनी

समस्या

▶▶ आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है : पूजा कुमारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** मुख्य कार्यकारी शिवालिक डेवलपमेंट बोर्ड एवं नगराधीश पूजा कुमारी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है इसलिए समाधान शिविर में लोगों द्वारा जो भी शिकायतें एवं समस्याएं रखी जाती है उनका प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश उपायुक्त कार्यालय के कॉफेस हॉल में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रही थी और समाधान शिविर के दृष्टिगत सम्बधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही थी। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविर में आए लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान करवाया। इस मौके पर समाधान शिविर में 2 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया।
उन्होंने बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशा निर्देशानुसार जिले में जिला स्तर एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एक छत के नीचे बैठ कर समयबद्धता पूर्वक लोगों की समस्याओं का समाधान करते है।

# नवीन जिन्दल फाउंडेशन की ओर से नवीन संकल्प शिविर आज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से मंगलवार 4 मार्च को गांव कमोदा में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें ग्रामीणों के लैब टेस्ट करके उन्हें निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सुबह 10 बजे से 1 बजे तक ब्राह्मण धर्मशाला कमोदा में शिविर लगेगा। उसके बाद डेरा कमोदा के सरकारी स्कूल में दोपहर 2 से साढ़े चार बजे तक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का मिशन है कि कुरुक्षेत्र लोकसभा स्वच्छ एवं स्वस्थ रहे। इसी उद्देश्य को लेकर उनकी ओर से लोकसभा क्षेत्र में तीन मेडिकल वैन चलाई गई हैं।
जो घर द्वार पर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं उपलब्ध करा रही हैं।

# 270 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** बीती शाम जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर जीटी रोड पर रंबा मोड तरावडी क्षेत्र में नाकाबंदी करके आरोपी शंभु सिहं पुत्र नारायण सिहं निवासी गांव सिंहपुर जिला झालावर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 270 ग्राम वाणिज्यिक मात्रा में स्मैक बरामद की गई। एंटी नारकोटिक सेल के इन्चार्ज उपनिरीक्षक हिम्मत सिहं ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना तरावड़ी में मामला दर्ज किया गया है। आज आरोपी को



अदालत में पेश किया गया। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### कर्मचारियों को समान अवसर और सम्मान से तरक्की करती है कंपनी: सुरेश दत्त त्रिपाठी



**समालखा:** पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (पाइट) के मैनेजमेंट स्टडीज विभाग ने एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया। इस वर्ष के सम्मेलन की थीम "समावेशी भविष्य का निर्माण" रही। पैनल चर्चा में एयर इंडिया से चीफ एडवाइजर सुरेश दत्त त्रिपाठी, एसआरएफ लिमिटेड से पंकज कौशिक, स्टेटक्राफ्ट से सीएचआरओ स्निग्धा नौटियाल एव प्रो. सुरेश बेदी शामिल रहे। चर्चा का संचालन एवं अध्यक्षता प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। विविधता, समानता और समावेशन के महत्व, नेतृत्व संबंधी चुनौतियों और मानव संसाधन कार्यों में तकनीकी प्रगति के प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। सुरेश दत्त त्रिपाठी ने कहा कि समावेशी कार्यस्थल वह होता है, जहां पर सभी को समान अवसर मिलते हैं। कर्मचारी का सम्मान किया जाता है। जहां इस तरह का माहौल होता है वहां पर रचनात्मकता बढ़ती है। उत्पादन क्षमता और स्किल में बढ़ोतरी होती है। इससे कंपनी की ग्रोथ होती है। नेतृत्व में बराबरी के अवसर और पारदर्शी व्यवस्था से सभी प्रसन्न रहते हैं। प्रो. अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एचआर कॉन्क्लेव के साथ ही स्टूडेंट लेड मीट का भी आयोजन हुआ। 15 से अधिक कॉलेजों के सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। पाइट के निदेशक प्रो.(डॉ.) शक्ति कुमार ने समावेशिता और विविधता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। छात्र समन्वयक अंशिका और रघु राज को उनकी उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और योजनाबद्ध आयोजन के लिए विशेष रूप से सराहा गया। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल एवं बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर डीन डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, मंजू बाला, डॉ. नविता और डॉ. प्रीति गुगनानी भी मौजूद रहीं।

### दादी ने कहा मेरा संघर्ष खत्म हुआ, पोती ने पकड़ी फिर यूपीएससी की राह

**टीम एक्शन इंडिया /लालचंद गुर्जर**
**नांगल चौधरी।** जीवन में संघर्षों के दौर से गुजरी राजो के आंसू उस समय खुशी से छलक पड़े जब उन्हें पता चला पोती ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। शुभम् उर्फ मोना ने प्रारंभिक शिक्षा आर्मी स्कूल हिसार से प्राप्त की। केंद्रीय स्कूल रेवाड़ी से दसवीं पास की। 10 + 2 रायन इंटरनेशनल स्कूल मुंबई से, ग्रेजुएशन मुंबई यूनिवर्सिटी से, पोस्ट ग्रेजुएशन ओपन इग्नू यूनिवर्सिटी नई दिल्ली से की। यूपीएससी की तैयारी छोड़, यूजीसी नेट में 96 .6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परीक्षा उत्तीर्ण की है। यूजीसी नेट की परीक्षा पास करते ही शुभम फिर से यूपीएससी की तैयारी में जुट गई है। राजो की तीन संतानों में सावित्री,विमला दो बेटियां व एक पुत्र वीरेंद्र है। 1977 में स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की रैली से वापस आते वक्त ट्रक पलट गया। राजो के पति श्रीराम उस हादसे का शिकार हो गए। अपनी तीनों संतानों के लालन-पालन में एक विधवा ने कोई कोताही नहीं बरती। पिता का साया सर से उठने के बाद वीरेंद्र की जिंदगी भी काफी संघर्षपूर्ण रही। सजना व वीरेंद्र के घर एक बच्ची शुभम् उर्फ मोनू ने जन्म लिया। मुंबई में ट्रांसपोर्टर रहे वीरेंद्र ने अपनी एकमात्र पुत्री शुभम् की शिक्षा में किसी प्रकार की कोर- कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने सदा ही अपनी बेटी को बेटा ही समझा।अपनी लाडली पोती के यूजीसी नेट की परीक्षा पास करते ही दादी के मुंह से अनायास ही निकला मेरा संघर्ष खत्म हुआ, और खुशी के आंसू छलक पड़े। परंतु शुभम् ने फिर से यूपीएससी की राह पकड़ ली!

# जैव-विविधता का हिस्सा हैं सभी जीव-जंतु : अरुण कैहरबा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हिन्दी प्राध्यापक एवं पर्यावरण चिंतक अरुण कुमार कैहरबा ने कहा कि धरती पर सभी जीव.जंतु उपयोगी हैं और जैव.विविधता का हिस्सा हैं। पालतू जीव-जंतुओं के अलावा बहुत से प्राणी वन्य प्राणियों की श्रेणी में आते हैं। जंगल उनके आशियाने हैं। जंगलों के संरक्षण से ही प्राणियों का संरक्षण हो सकता है। वे गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विश्व वन्य प्राणी संरक्षण दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। कार्यक्रम का संयोजन हिन्दी अध्यापक नरेश मीत ने किया।
अरुण कुमार कैहरबा ने छठी कक्षा के विद्यार्थियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि धरती सभी जीव.जंतुओं का घर है। बहुत से जीव-जंतु एक दूसरे का भोजन भी हैं, लेकिन मनुष्य द्वारा प्रकृति व जंगलों के साथ की गई व्यापक छेड़छाड़ के कारण जैव-विविधता पर संकट छा गया है। उन्होंने कहा कि जंगलों के उजाड़े जाने से बंदर बस्तियों में आ रहे हैं, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# खिलाड़ियों के खेल कौशल को निखारे पर ध्यान

मंच

▶▶ खेल प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के खेल कौशल को निखारने का मंच प्रदान करती है



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि खेल प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के खेल कौशल को निखारने का मंच प्रदान करती है, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और कड़ी मेहनत जैसे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सशक्त करती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि हम इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन रहे हैं। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 3 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे ।
अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भारत की सबसे लंबी महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी पूनम चतुर्वेदी का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए अपने खेल करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला और बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय 6 पद्म श्री, 16 अर्जुन अवार्डी और 6 द्रोणाचार्य अवार्डी खिलाड़ियों का गौरवशाली इतिहास समेटे हुए है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा, जैसे आज आप इस प्रतियोगिता में खेल रहे हैं, वैसे ही इन महान खिलाड़ियों ने भी अपनी यात्रा शुरू की थी।
कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की खेल विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने और देश के लिए गौरव हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि एक नवोदित खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत भी है, जो उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक होगी। इस उद्घाटन समारोह में खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

# विभिन्न वार्डों में भाजपा प्रत्याशी को साथ लेकर डोर टू डोर प्रचार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** नगर निगम पानीपत की मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी ने सोमवार को शहर के विभिन्न वार्डों में संबंधित क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी को साथ लेकर डोर टू डोर प्रचार किया । इसी कड़ी वाइस नंबर 4 के प्रकाश नगर में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया सभा की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश कटारिया ने की। अपने तूफानी चुनाव प्रचार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत




विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है भाजपा की सरकार में हरियाणा भी अपना योगदान दे रहा है` प्रदेश में नगर निकायों के लिए मतदान प्रक्रिया चल रही है` इसके तहत पानीपत में 9 मार्च को नगर निगम मेयर और पार्षद पद के लिए मतदान होना है` देश और प्रदेश के साथ-साथ शहर में भी विकास कार्यों को गति देने के लिए शहर में भी भाजपा सरकार को लाना जरूरी है` इसलिए 9 मार्च रविवार को मतदान केंद्र पर जाकर ईवीएम में कमल के सामने वाला बटन दबाकर नगर निगम की कमान भाजपा को दें।

# मैनुअल स्कैवेंजिंग को लेकर सरकार का रूख सख्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** जिले में मैनुअल स्कैवेंजिंग से संबंधित समस्याओं को खत्म करने के लिए सोमवार को उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के प्रथम तल पर अधिकारीयों की मिंटिग हुई। जिसमें उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि मैनुअल स्कैवेजिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उपायुक्त ने बताया कि मैनुअल स्कैवंजिंग एक शब्द है जिसका इस्तेमाल मुख्य रूप से भारत में अस्वच्छ शौचालय या खुली नाली या सीवर या सेप्टिक टैंक या गड़डे में मानव मल को हाथ स साफ करने, ले जाने, निपटाने या अन्यथा संभालने के लिये किया जाता है। मैनअुल स्कैवेंजिंग

विशेष ध्यान

▶▶ मैनुअल स्कैवेजिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

के दौरान सभी प्रकार की सावधानी रखी जाए। किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी व कंपनी मालिको के खिलाफ कारवाई अमल में लाई जाएगी। सफाई को कार्य करने वाली सभी एंजेसीयों का पंजीकरण अवश्य होना चाहिए व उनके पास सुरक्षा सामग्री होना अति आवश्यक है।

# कला प्रदर्शनी युवा कलाकारों के लिए सुनहरा अवसर: डॉ. भावना शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि कला प्रदर्शनी न केवल कला प्रेमियों के लिए है बल्कि युवा कलाकारों के लिए भी एक सुनहरा अवसर मानी जाती है। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग में आयोजित तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्शनी ह्यइन ऐंड आउटर स्केप्सह्य का शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। डॉ. भावना शर्मा ने दोनों कलाकारों



की रचनात्मकता और गहराई से भरे चित्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की इसके माध्यम से कलाकारों के लिए व्यावसायिक द्वार खुलते हैं तथा इस प्रकार की प्रदर्शनी भविष्य में भी आयोजित होती रहनी चाहिए ।
कला प्रदर्शनी में छात्र-कलाकार मुस्कान डागर व सुमन राज की कलाकृतियों को दर्शकों द्वारा सराहा गया। ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों की कलाकृतियां समाज को एक नया दृष्टिकोण देती है और कला की नई ऊंचाइयों को छूती हैं।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री मोदी और जैव विविधता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने आज (सोमवार) विश्व वन्यजीव दिवस पर ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने एक्स पर लिखा, "आज विश्व वन्यजीव दिवस पर आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। इसमें हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें। हमें वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व है।" प्रधानमंत्री का वन्यजीव प्रेम किसी से छुपा नहीं है। उन्होंने आज अपने गृह राज्य गुजरात में विश्व वन्यजीव दिवस पर जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डीएसएलआर कैमरे से एशियाई शेरों की तस्वीरें खींचते नजर आए। उन्होंने एक ऐसी भी तस्वीर खींची जिसमें मादा शेरनी अपने शावक को दुलारती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में एक वीडियो क्लिप भी अपलोड की। इसमें वो भारत की परंपरा में जैव विविधता के प्रति स्वाभाविक आग्रह का जिक्र कर रहे हैं। यह क्लिप 2023 की है। कर्नाटक के मैसूर में प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव कार्यक्रम में उन्होंने विचार रखे थे। उन्होंने दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के मन में अन्य देशों, जहां बाघों की आबादी या तो स्थिर है या फिर उसमें गिरावट हो रही है, की तुलना में भारत में बाघों की बढ़ती आबादी के बारे में उठने वाले सवालों को दोहराया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, "भारत इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता, बल्कि वह दोनों के सह-अस्तित्व को समान महत्व देता है।" यहां यह महत्वपूर्ण है कि जबसे मोदी सरकार आई है तब से देश ने बाघों के संरक्षण में अभूतपूर्व सफलता हासिल की है। 2010 में भारत में करीब 1,700 बाघ थे। 2022 में उनकी संख्या बढ़कर 3,600 से भी ज्यादा हो गई है। यानी सिर्फ 12 साल में बाघों की संख्या दोगुनी हो चुकी है। आज, दुनिया के करीब 75 फीसद बाघ भारत में रहते हैं। यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता है और हम सब भारतवासियों के लिए गर्व का पल है। यह सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से संभव हुआ है। मोदी सरकार के कठोर प्रतिबंधों की भी इसमें बड़ी भूमिका है। सरकार ने बाघों के शिकार करने पर पूरी तरह से पाबंदी लगाई है। यही नहीं, बाघों के रहने वाले जंगलों को पूरी तरह से सुरक्षित किया गया ताकि वह अपना जीवन बिना किसी खतरे के जी सकें। बाघों के शिकार (जैसे हिरण) की संख्या पर ध्यान दिया गया ताकि बाघों को पर्याप्त भोजन मिलता रहे। समाज को बाघों से जुड़ी जानकारी दी गई और गांवों में बाघों से जुड़े संघर्षों को कम करने के उपायों पर तेजी से काम किया गया। प्रधानमंत्री मोदी का जूनागढ़ जिले में स्थित गिर वन्यजीव अभयारण्य में जंगल सफारी का आनंद लेना अनायास नहीं है। दरअसल भारत में शेरों की आबादी भी बढ़ी है। वैसे भी देश में शेरों का संरक्षण सांस्कृतिक और पारिस्थितिक रूप से महत्वपूर्ण है। शेर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक का अभिन्न और महत्वपूर्ण अंग हैं।

# पच्चास साल बाद होने वाली परिसीमन को लेकर चिंताएं

-डॉ सत्यवान सौरभ

> "क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है। 2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट के पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए"

**राजकोषीय** संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ मिलीजुली हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से पूरा कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है। उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा के समान एक मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुँचाए बिना एक संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है।

2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा।

किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले। लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने से नागरिकों को बेहतर प्रतिनिधित्व मिलेगा, जिससे निर्वाचन क्षेत्रों का आकार छोटा होगा और शासन में सुधार होगा। संसदीय सीटों को 543 से बढ़ाकर 800 से अधिक करने से संसद सदस्य मतदाताओं की जरूरतों को अधिक प्रभावी ढंग से सम्बोधित कर सकेंगे। निश्चित सीट आवंटन के कारण उत्तरी राज्यों को कम प्रतिनिधित्व का सामना करना पड़ा है और परिसीमन इन ऐतिहासिक असंतुलनों को सुधारने का एक मौका प्रदान करता है। बिहार का प्रतिनिधित्व अभी भी 1971 के आँकड़ों पर आधारित है, बावजूद इसके कि इसकी जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। नवीनतम जनगणना आँकड़ों के अनुसार निर्वाचन क्षेत्रों को संशोधित करने से लोकतांत्रिक समानता को बढ़ावा मिलेगा और चुनावी प्रतिनिधित्व में जनसंख्या असमानताओं को रोका जा सकेगा। झारखंड, जिसे 2000 में बिहार से अलग कर दिया गया था, अभी भी पुरानी निर्वाचन संरचना का पालन कर रहा है, जो राजनीतिक स्पष्टता को कम करता है। अधिक आबादी वाले राज्यों से सांसदों की संख्या में वृद्धि विकास सम्बंधी असमानताओं की ओर ध्यान आकर्षित करेगी, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि नीतिगत हस्तक्षेप अविकसित क्षेत्रों की ओर लक्षित हों। मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों के लिए अधिक संख्या में सांसदों से बेहतर बुनियादी ढाँचा नियोजन और निवेश का बेहतर आवंटन हो सकता है। प्रगतिशील राज्यों की घटती भूमिका संघवाद और निष्पक्ष राजनीतिक प्रतिनिधित्व को नुकसान पहुँचाती है। प्रभावी शासन वाले दक्षिणी राज्यों का प्रभाव कम हो सकता है, जिससे ठोस नीति प्रबंधन के लिए प्रेरणा कम हो सकती है। केरल की उच्च साक्षरता दर से प्रेरित विकास पर्याप्त सीट आवंटन में तब्दील नहीं हो सकता है, जिससे अन्य राज्य समान रणनीति अपनाने से हतोत्साहित हो सकते हैं। अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व केंद्रीकृत नीति निर्माण की ओर रुझान को जन्म दे सकता है, जो क्षेत्रीय शासन स्वायत्तता को प्रतिबंधित कर सकता है। कृषि राज्यों के पक्ष में विधायी समायोजन औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों की उपेक्षा कर सकते हैं, जिससे आर्थिक संतुलन बाधित हो सकता है। यह राजनीतिक पुनर्संरेखण वित्त आयोग द्वारा करों के आवंटन को प्रभावित कर सकता है, जो संभावित रूप से बड़ी आबादी वाले राज्यों के पक्ष में हो सकता है। अपने महत्त्वपूर्ण आर्थिक इनपुट के बावजूद, तमिलनाडु और महाराष्ट्र कम प्रतिनिधित्व के कारण अपने राजकोषीय हितों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर सकते हैं। केवल जनसंख्या के आधार पर प्रतिनिधित्व में वृद्धि उत्तर और दक्षिण के बीच विभाजन को बढ़ा सकती है, जिससे क्षेत्रीय तनाव पैदा हो सकता है। तमिलनाडु में राजनीतिक दल परिसीमन के खिलाफ हैं,



उन्हें डर है कि अधिक हिन्दी भाषी आबादी वाले राज्यों को सत्ता का नुकसान होगा, जिससे राजनीतिक परिदृश्य और अधिक विखंडित हो सकता है। निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए अधिक आबादी वाले राज्यों के लिए अधिक सीटें जोड़ते हुए वर्तमान सीट अनुपात को बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। राज्यसभा जैसा मॉडल प्रगतिशील राज्यों को नुकसान पहुँचाए बिना संतुलित दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। सीटों का पुनर्वितरण करते समय, हमें आर्थिक योगदान, विकास मीट्रिक और शासन प्रभावशीलता को ध्यान में रखना चाहिए। सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने वाले राज्यों को विशेष राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जा सकता है, जो अच्छे शासन को पुरस्कृत करता है। क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने और तेजी से बढ़ते राज्यों के प्रभुत्व को रोकने के लिए कानूनी उपाय किए जाने चाहिए। संसद के भीतर एक क्षेत्रीय परिषद की स्थापना से कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों के हितों की वकालत करने में मदद मिल सकती है।

2031 की जनगणना के बाद एक क्रमिक दृष्टिकोण हितधारकों के साथ चर्चा और एक सहज संक्रमण की अनुमति देगा। किसी भी परिसीमन से पहले, एक राष्ट्रीय आयोग को संभावित प्रभावों का आकलन करना चाहिए और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुझाने चाहिए। राज्य सरकारों के लिए स्थापित चैनलों के माध्यम से परिसीमन वार्ता में सक्रिय रूप से भाग लेना महत्त्वपूर्ण है। सहकारी संघवाद को प्रोत्साहित करने के लिए किसी भी सीट के पुनर्वितरण को अंतिम रूप देने से पहले अंतर-राज्य परिषद के साथ अनिवार्य परामर्श होना चाहिए। एक सुनियोजित परिसीमन प्रक्रिया जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को संघवाद की अखंडता से जोड़ सकती है। क्षेत्रीय असमानताओं से बचने के लिए, हमें दोहरे प्रतिनिधित्व मॉडल, भारित मतदान या राज्यसभा की शक्तियों को बढ़ाने जैसी नवीन रणनीतियों पर विचार करना चाहिए। राजकोषीय संघवाद और संस्थागत ढांचे को मजबूत करके, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि राजनीतिक निष्पक्षता जनसांख्यिकीय परिवर्तनों के साथ संरेखित हो, जिससे एक सुसंगत और एकजुट भारत को बढ़ावा मिले।

## कविता

फूलों सा दिलों में खिलती ये
मोहब्बत।

हुई आबे-हयात पी ये मोहब्बत,
मिटे हीर-रांझे जिए मोहब्बत।

आंधी तूफान या हो जंग का मैदान
हर वक्त हर जगह हुई ये मोहब्बत।

तलवारों में मीर की गजल में
जीत-हार में पनपी ये मोहब्बत।

गंगा की धार में जमजम के पार में
पवित्रता के साथ बहती ये मोहब्बत।

हसीना की पलकों जुल्फों के साये में
मालिक की पनाह में पली ये मोहब्बत।

लहराती जुल्फों,कजरारी आंखों में
कमसिन गालों में उलझी ये मोहब्बत।

युद्ध के शंखनाद इंसानी संवेदना में
मुस्कुराती खिलखिलाती ये मोहब्बत।

गर इंसान हो कर लो मोहब्बत संजीव
फूलों सा दिलों में खिलती ये मोहब्बत।

संजीव
---------

# न सुनाई देने वाला हाहाकार भी सुनिए

**राकेश**

**आहें**, चीखें और सिसकियाँ आदमी के दुःख की अभिव्यक्ति के वे रूप हैं जिसे सभी वाकिफ हैं,लेकिन कभी -कभी ऐसा भी होता है जब ये आहें,चीखें ,सिसकियाँ हमें सुनाई नहीं देती ,हालाँकि यदि हम इन्हें सुन सकें तो इनका स्वरूप हृदय विदारक भी होता है तो कभी-कभी कारुणिक भी और कभी-कभी जुगुप्सा पैदा करने वाला . इन दिनों दुनिया भर में निवेशकों के बीच कोहराम है. कोई आहें भर रहा है ,कोई चीख रहा है और कोई सिसकियाँ लें रहा है लेकिन सुनाई किसी को कुछ नहीं दे रहा .सबसे बुरी हालत तो हमारे अपने देश भारत की है .जहाँ शेयर बाजार औंधें मुंह पड़े हुए हैं और कोई किसी को ढांढस बांधने वाला नहीं है ..शेयर बाजार में गिरावट समंदर में उठने वाले ज्वर-भाटे की तरह होती है.कभी-कभी ये सुनामी का रूप ले लेती है और जब सुनामी आती है तो सब कुछ तबाह हो जाता है. दुनिया के शेयर बाजारों में इस समय पिछले 40 दिन से सुनामी आयी हुई है. ट्रंपअनुशासन इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है .जानकार बताते हैं कि फरवरी की 28 तारीख को दिन की शुरूआत में ही सेंसेक्स में करीब 1000 अंकों की और निफ्टी में 300 अंकों की भारी गिरावट देखने को मिली. एक झटके में निवेशकों के 7.5 लाख करोड़ रुपए डूब गए. बात कोई एक दिन की नहीं है.शेयर बाजार हर दिन डुबकियां ले रहा है . फरवरी 2025 में कुल 20 दिन शेयर बाजार खुला, जिसमें 16 दिन सेंसेक्स नेगेटिव रहा. पिछले 4 महीने में सेंसेक्स में 12 फीसद से ज्यादा गिरावट हुई है. प्रयागराज के कुम्भ में तो मान लीजिये की 62 करोड़ लोगों ने ही डुबकी लगाईं लेकिन शेयर बाजार में तो इसका कोई पुख्ता आंकड़ा ही नहीं है . आपने आपको विश्वगुरु बताने वाले लोग भी देश के शेयर बाजार को डूबने से नहीं रोक पाए ,लेकिन एक अकेला चीन है जिसके शेयर बाजार इस सुनामी से अप्रभावित दिखाई दे रहे हैं . चीन के शंघाई स्टॉक एक्सचेंज कम्पोजिट इंडेक्स में अगस्त 2024 से जनवरी 2025 के बीच 15 प्रतिशत का इजाफा हुआ है. जबकि हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स में सिर्फ एक महीने में 16 प्रतिशत का उछाल दिखा है.आपको हक है कि आप मुझसे सवाल करें कि भारतीय बाजार में 28 साल की सबसे बड़ी गिरावट की क्या वजह है और पड़ोसी देश चीन का शेयर बाजार क्यों लगातार चढ़ता जा रहा है ?

सरकारी नौकरी से सेवानिवृत होने के बाद शेयर बाजार में मगजमारी करने वाले हमारे एक मित्र हैं डॉ रंजीत भाले. वे बताते हैं कि फरवरी के आखिरी दिन निफ्टी ने गिरावट के मामले में 28 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

1996 के बाद से शेयर बाजार में कभी भी लगातार पांच महीने तक गिरावट नहीं देखी गई है. 1996 के बाद ये पहला मौका है जब शेयर बाजार में लगातार पांचवे महीने गिरावट देखने को मिली है।

## विचार

# प्रह्लाद पटेल सठियाये हैं या बौरा गए हैं ?

**राकेश अचल**

**एक लोक** कहावत हैं कि -' साठा ,सो पाठा । लेकिन इस कहावत पर अब मुझे यकीन नहीं रहा, क्योंकि मैंने चार साल पहले साठा हुए भाजपा के एक वरिष्ठ नेता और मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल को बौराते हुए देखा हैं। वे भाजपा के पहले ऐसे निर्मल ह्रदय नेता हैं जिन्होंने सार्वजनिक रूप से जनता को भिखमंगा कहा हैं। उनके इस कथन के लिए उनका सम्मान किया जाये या निंदा या सामाजिक बहिष्कार ये अभी तय नहीं हुआ। पटेल अपने इस उद्घोष से सुर्खियों में जरूर आ गए हैं।

प्रह्लाद पटेल हम उम्र हैं। उन्हें दूर रहकर भी बाखूबी जानता हूँ ,मेरे मन में उनके प्रति सम्मान भी बहुत था । ईश्वर ने उन्हें अच्छी कद-काठी भी दी थी। उनकी रसना पर सरस्वती भी विराजती थी ,लेकिन अब लगता हैं कि मेरी धारणा गलत थी । वे दूसरे शाखामृगों की भांति ही कूप मंडूक और अक्ल से पैदल हैं। उन्हें जनता-जानार्दन का सम्मान करना संघ की शाखाओं में सिखाया ही नहीं गया। पता नहीं कैसे पटेल को ये आत्मानुभूति हुई कि वे ' दाता 'और जनता ' भिखारी ' हैं। तीर, कमान से निकले और बोल, जबान से निकलने के बाद वापस नहीं आता,इसलिए मुमकिन हैं कि प्रह्लाद चौतरफा हो रही लानत-मलानत के बाद कहें कि उनके बायां को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया हैं उनका मकसद जनता का अपमान करना नहीं था।

पटेल कोई नौसीखिया नहीं है। पांच बार के संसद है। केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं लेकिन पार्टी ने उन्हें पहली बार विधयनसभा चुनाव क्या लड़वा दिया,वे बौरा गए और सुठालिया की सभा में अपने 'मन की बात' कह बैठे । पटेल दरअसल जनता द्वारा मंत्रियों को 'टुकना' भर ज्ञापन देने से आजिज आ गए है। उन्होंने उत्तेजना में कहा कि जनता को भीख मांगने की आदत से बाज आना चाहिए। जनता जनार्दन हैं लेकिन कमजोर है। बीमार हैं ,इसलिए पटेल से प्रतिप्रश्न नहीं कर सकती। नहीं पूछ सकती कि देश की जनता को पिछले एक दशक में भिखारी बनाया किसने जनता ये सवाल भी नहीं कर सकती कि समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन देना भीख मांगना नहीं बल्कि जन प्रतिनिधियों को उनकी जिम्मेदारी के प्रति आगाह करना भी हैं। भारत में कहने के लिए जनता जनार्दन हैं लेकिन हकीकत ये है कि हमारी सरकार ने देश की 80 करोड़ जनता को पहले ही 2028 तक के लिए भिखमंगा बना दिया हैं ,और अब पटेल जैसे जन प्रतिनिधियों को लगने लगा हैं कि जनता उनसे भीख मांगने आती हैं ,जबकि असली और मुकम्मल भिखारी तो पटेल जैसे नेता ही हैं ,जो हर पांच साल में अपनी झोली फैलाते हुए जनता-जनार्दन से वोटों की भीख मांगने आते है। जात-पांत देखे बिना जनता के पैरों में गिर जाते हैं ,लेकिन जनता ने कभी नहीं कहा कि-नेताओं को भीख मांगना छोड़ देना चाहिए ? प्रह्लाद भाजपा के युवा तुर्क लगते थे, लेकिन हैं नही। वे 1999 से चुनाव लड़ते आ रहे है। बुंदेलखंडी हैं ,इसलिए मुझे प्रिय है। उन्हें हमारे शहर के माननीय अटल बिहारी वाजपेयी ने कोयला मंत्री भी बनाया था लेकिन वे अपने व्यक्तित्व से चिरकुटपन और सामंती मानसिकता को दूर नहीं कर पाए।

तीन बच्चों के पिता प्रह्लाद पटेल करोड़पति भी हैं इसलिए उन्हें जनता अब भिखमंगी लगने लगी हैं।

पटेल 1982 से युवा मोर्चा के जरिये राजनीति करते हुए जहां तक पहुंचे हैं ,वहां तक पार्टी के बहुत कम लोग पहुँच पाते हैं ,यहां तक की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भांजे अनूपमिश्रा तक को हाशिये पर खड़ा कर दिया गया हैं लेकिन प्रह्लाद पटेल जितने अटल जी के समय में महत्वपूर्ण थे उतने ही मोदी जी के समय में भी महत्वपूर्ण हैं। लेकिन मुझे लगता हैं कि अब पार्टी को उन्हें घर बैठा देना चाहिए, क्योंकि उन्होंने जनता को भिखमंगा तब कहा हैं जब माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी पार्टी के जन प्रतिनिधियों को चार दिन पहले ही भोपाल में जमीन पर रहने की सीख देकर गए थे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# ये हैं स्वस्थ और दीर्घायु जीवन के राज !

**सुनील कुमार महला**

**आज मनुष्य की जीवनशैली में आमूलचूल** परिवर्तन आए हैं। खान-पान, रहन-सहन पूरी तरह से बदल चुका है।बढ़ती जनसंख्या, विकास, औधोगिकीकरण, जलवायु परिवर्तन के बीच आज मनुष्य भागम-भाग और दौड़-धूप भरी जिंदगी जी रहा है। मनुष्य के पास न स्वयं के लिए समय बचा है और न ही दूसरों के लिए। सोशल नेटवर्किंग साइट्स के इस जमाने में आदमी आधुनिक तकनीक और प्रौद्योगिकी के बीच जी रहा है। न चैन से सोने का समय आदमी के पास बचा है और न ही ठीक से खाने-पीने का ही। बेशक आज मेडिकल क्षेत्र में प्रगति से मनुष्य की औसत आयु में आज तेजी से इजाफा हुआ है लेकिन बावजूद इसके आज आदमी की कुल आयु में कमी आई है। पहले के जमाने में आदमी सौ बरस या इससे भी अधिक उम्र तक जीता था, जबकि आज कुल आयु साठ-पैंसठ तक ही रह गई है। लंबा और स्वस्थ जीवन आज पहले की भांति नहीं रहा है। बढ़ते प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, खान-पान का प्रभाव मानव जीवन पर पड़ा है। हमारे यहां कहा गया है-'जैसा खाए अन्न वैसा रहे मन।' मतलब यह है कि व्यक्ति जैसा खाना खाएगा उसका मन भी वैसा ही होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो हम जो भी खाते हैं, जैसा भी खाते हैं, वही और वैसा ही हमारा शरीर भी बनता है।हमारे सनातन धर्म में भोजन को ईश्वर का स्वरूप माना गया है। इसीलिए हमारे शास्त्रों में भी यह कहा गया है 'अन्नं ब्रह्म' अर्थात अन्न ब्रह्म है।वर्तमान समय में पहले ही कीटनाशकों/उर्वरकों के बहुतायत प्रयोग से खाद्य पदार्थ विशुद्ध नहीं बचे हैं, वहीं यदि उनके पकाने एवं ग्रहण करने के तौर-तरीके और समय भी बदल गये हैं। आज न तो मिट्टी के बर्तनों में खाना बनाया जाता है और न ही मोटे अनाज पर हमारा ध्यान रह गया है।

हम फास्ट फूड,जंक फूड की ओर बढ़ रहे हैं। डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों की ओर हम अग्रसर हैं।विडम्बना यह भी है कि आज की युवा पीढ़ी तो भोजन बनाने व उसे ग्रहण करने के नियमों तक से अनजान है। हमारे हिन्दू धर्म में तो खास मौकों पर उपवास रखना सदियों से चला आ रहा है।

# मनोदैहिक चिकित्सा और भारत

**डॉ. रामानुज पाठक**

**मनोदैहिक** चिकित्सा एक महत्वपूर्ण चिकित्सा शाखा है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को समझने और उपचार प्रदान करने पर केंद्रित है। यह दशार्ती है कि मानसिक तनाव, चिंता, अवसाद और अन्य भावनात्मक कारक शारीरिक बीमारियों को जन्म दे सकते हैं या उन्हें प्रभावित कर सकते हैं। भारत में पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ, जैसे आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, मनोदैहिक चिकित्सा के सिद्धांतों पर आधारित हैं और शरीर व मन के संतुलन को बनाए रखने में सहायक हैं।

आधुनिक जीवनशैली में अस्वस्थ आहार, व्यायाम की कमी, तनाव और अनिद्रा जैसी समस्याएँ आम हो गई हैं। शहरीकरण और प्रतिस्पर्धा के कारण मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियाँ बढ़ रही हैं, जिससे हृदय रोग, उच्च रक्तचाप और अन्य शारीरिक समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं।

ऐसे में मनोदैहिक चिकित्सा इन समस्याओं का समग्र समाधान प्रस्तुत कर सकती है।

भारत में पारंपरिक पद्धतियाँ, जैसे योग, ध्यान और प्राणायाम, मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में सहायक हैं। आयुर्वेद में "मन" और "शरीर" के संतुलन को प्राथमिकता दी जाती है, जिससे मनोदैहिक विकारों का प्रभावी प्रबंधन संभव होता है। मनोदैहिक विकारों का प्रभाव मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से देखा जा सकता हैः तनाव और उच्च रक्तचाप,अवसाद और हृदय रोग,चिंता और पाचन तंत्र की समस्याएँ,माइग्रेन और अन्य सिरदर्द,त्वचा संबंधी विकार (सोरायसिस, एक्जिमा),भारत में मनोदैहिक चिकित्सा के प्रति बढ़ती जागरूकता कई अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में मनोदैहिक चिकित्सा विभाग स्थापित किए जा रहे हैं।

योग और ध्यान को चिकित्सा प्रणालियों में शामिल किया जा रहा है।

मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी नीतियों और कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मनोदैहिक चिकित्सा भारत में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है, विशेषकर जब पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को आधुनिक चिकित्सा के साथ जोड़ा जाए।

## न्यूज फ्लैश

### चचेरे भाई व भांजे को पुलिस ने किया काबू, 7 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** में दंगल में पहलवान की हत्या मामले में अपडेट। हरियाणा के सोनीपत के खरखौदा के गाँव कुंडल के अखाड़े में हुए पहलवान की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, यह हत्या प्लॉट के पारिवारिक विवाद और पुरानी रंजिश के चलते की गई थी। दोनों आरोपियों को एक सप्ताह की रिमांड पर लिया गया है। एसीपी राजपाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि खरखौदा में महाशिवरात्रि के दिन गांव कुंडल के सरकारी स्कूल मैदान में पहलवान ने राकेश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जहां मेले के दौरान एक बड़ा दंगल चल रहा था। इसी दौरान सोहटी गांव के राकेश की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एसीपी राजपाल ने बताया कि हत्या का कारण प्लॉट को लेकर चल रहा पारिवारिक विवाद था। इस वारदात में राकेश के ही परिवार के मनोज और उसके भांजे साहिल का हाथ था। राकेश के चाचा चांद की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बवाना बाईपास से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि मनोज और साहिल के खिलाफ पहले भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को एक सप्ताह की रिमांड पर रखा है। एसीपी राजपाल ने बताया कि रिमांड अवधि के दौरान हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार और बाइक को भी बरामद किया जाएगा। आरोपी साहिल महराणा गांव का रहने वाला है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### अवैध खनन से जुड़े चार वाहनों को किया सीज : निरंजन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है और ऐसे लोगों पर कड़ी नजर बनाए हुए है और अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन का प्रयास है कि जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस संबंध में खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार गत दिवस खनन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम में शामिल एसआई जितेंद्र, एसआई राजेंद्र, एएसआई देवेंद्र, एएसआई रोशन लाल और एएसआई संदीप द्वारा गांव कुंडा कलां के यमुना क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रेत की अवैध माइनिंग करते हुए चार वाहनों को पकड़ा। इनमें तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व लोडर शामिल हैं, जिसकी मौके पर जीपीएस फोटो भी ली गई। चारों को एचएंडईएनबी करनाल थाने में सीज किया गया।

### उपायुक्त ने विभिन्न स्कूलों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने जिला में चल रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं, 12वीं, हरियाणा ओपन स्कूल और जेबीटी (कम्पार्टमेंट) परीक्षाओं को नकल विहीन आयोजित करवाने के उद्देश्य से सोमवार को विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। इनमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर, जुंडला और काछवा के राजकीय स्कूल शामिल रहे। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं जिला में सफल तरीके से आयोजित हों, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है तथा सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की सख्ती से अनुपालना की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिला के पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान मौजूद केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा केंद्रों को नकल रहित बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें तथा परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों की चेकिंग सुनिश्चित करें। उनके पास किसी भी प्रकार की नकल सामग्री नहीं होनी चाहिए। बाहर से नकल के लिए मिलने वाली मदद की सभी संभावनाओं से संबंधित पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दें।

# अधिकारी ऊर्जा का समस्याओं के सामधान में करें उपयोग: पुलिस

**हर अधिकारी कर रहा समग्रता व पूर्णता के साथ जन समस्याओं का समाधान: जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के विकसित हरियाणा मिशन में तेजी से रंग ला रहा है जनता समाधान शिविर। ये जनता समाधान शिविर एक जिले में न केवल वहां के लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं बल्कि हर उपमंडल स्तर पर आस-पास के नागरिकों की दुःख तकलीफ का निदान भी अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। जिला सचिवालय में सोमवार को जनता समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक लौकेंद्र सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों को आत्म विश्वास के साथ लोगो की समस्याओं का समाधान करना चाहिये। हर अधिकारी चेतना और ऊर्जा से भरपूर है वह इस दिशा में



कार्य करके अह्यछी दिशा दे सकता है। समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह ने कहा कि हमें मजबूती के साथ समस्याओं का समाधान करना है। हर अधिकारी समग्रता व पूर्णता के साथ जन समस्याओं का समाधान कर रहा है। हर कार्य में सपष्टद्दता होनी चाहिये तभी आम जन का विश्वास समाधान शिविर के प्रति और बढेगा।

उन्होंने शिविर में समस्या लेकर पहुंचे प्राथियों से अनुरोध किया की उन्हें उम्मीद रखनी होगी क्योंकि समस्याओं के समाधान में देर हो सकती है लेकिन समाधान जरूर होगा। समाधान शिविर में प्रार्थी छिछड़ाना गांव की पंचायत ने प्रशासन से गांव के डिपो को दो भागों में बांटने की गुहार लगाई। सरपंच ने पिंकी देवी ने कहा कि

**समाधान**

**प्राथियों से अनुरोध किया की उन्हें उम्मीद रखनी होगी क्योंकि समस्याओं के समाधान में देर हो सकती है**

राशन वितरण के दौरान भीड़ ह्ययादा होने के कारण महिलाओं व बह्यचों को बार बार चक्कर लगाने पड़ते है। राशन प्राप्त करने वाले लोग मजदूर तबके से संबंध रखते है। लंबी भीड़ होने के कारण वे मजदूरी के लिए नहीं पहुंच पाते। इससे उन्हें नुकसान भी होता है। उन्होंने प्रशासन से अपील की उनकी अर्जी पर संज्ञान लिया जाएं। जिला परिषद सीईओ ने डीएफएससी को जांच के निर्देश दिए।

### मेरा प्रोडक्ट मेरा फंडा पर एड मैड शो का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: (कमाल हुसैन )** आई .बी . स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा तृतीय वर्ष मे एड मैड शो " मेरा प्रोडक्ट मेरा फंडा " का आयोजन किया गया` इसमें कुल 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया! प्रचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने विद्यार्थियों को इस तरह के प्रोग्राम में भागीदारी लेने के लिए प्रेरणा दी, उन्होंने कहा कि यह विद्यालय के छात्रों के लिए बेहद सहायक है। इन गतिविधियों में जो संदेश मिलता है वह हमारी जिंदगी में बदलाव ला सकता है, हमारी सोच बड़ी बना सकता है। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने कहा कि अगर हमें अपना पूर्ण विकास करना है तो शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों में भी योगदान करना होगा! प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपने अपने उत्पाद के साथ अपनी एड को प्रस्तुत किया जैसे प्लास्टिक का अपघटन,चंपक चंपू फेविकोल, एनर्जी ड्रिंक और गैंडा छाप तेल आदि । प्रतियोगिता में दीपिका, वैशाली और अंजली ने प्रथम स्थान , द्वितीय स्थान पर स्वीटी, दीपका , प्रिया और चंचल रही और तृतीय स्थान पर निक्की और स्मृति रही।

### बंद मकान में चोरों ने लगाई सेंध, कैश और जेवर ले गए साथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कस्बा असंध में चोरी की एक वारदात सामने आई है। वार्ड नंबर 15 में रहने वाले जोगिंद्र सिंह के घर में दो चोर घुसकर नकदी और जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना रविवार शाम की है। चोर घर की सीढ़ियों से होते हुए छत पर चढ़े और वहां से अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता जोगिंद्र सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि चोर घर से 1 जोड़ी सोने की बाली, 9500 रुपए कैश, गुल्लक से करीब 8 हजार रुपए, बच्चे की चांदी की कडूली, 1 चांदी का कड़ा और बच्ची की चांदी की पाजेब चोरी करके ले गए।

# पौधारोपण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में विश्व वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर ऑक्सीजन बाग में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए इको क्लब के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम प्राचार्य डॉ दलजीत सिंह के मार्गदर्शन में और इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इको क्लब के अध्यक्ष ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि इको क्लब प्रभारी ने बताया कि 03 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस वन्यजीवों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त



राष्ट्रसंघ द्वारा प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। वर्ष 2025 के लिए विश्व वन्यजीव दिवस थीम " लोगों और ग्रह में निवेश " थीम के तहत मनाया जा रहा ताकि वन्यजीवो को इस ग्रह में लोगो के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए सुरक्षित किया जा सके। ग्रीनमैन प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य वन्यजीवो और लोगो की सुरक्षा के लिए पौधे लगाकर अधिक से अधिक लोगो को जागरूक करना है। 11 इलाहाबादी अमरूद के पौधे ऑक्सीजन बाग में प्रोफेसर रितु नेहरा , प्रोफेसर पूजा रानी , डॉ तकदीर सिंह , डॉ ज्योति , वीरेंद्र , रविन्द्र , रचना , दीक्षा , अनिल माली सहित इको क्लब के

**राष्ट्र संघ**

**वन्यजीवों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है**

विद्यार्थियों के सहयोग से रोपित किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार का प्रकृति प्रेम और महाविद्यालय में ऑक्सीजन बाग बनाना समाज के प्रति उनकी सच्ची सेवा का परिचय देता साथ ही उन्होंने लोगो का आह्वान किया कि आओ मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाए प्रोफेसर पूजा रानी ने कहा कि हम सबको अधिक से अधिक पौधे रोपित करने चाहिए।

### नहर में मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के जुंडला में 17 साल के युवक अनिल का शव भखाड़ा नहर से बरामद हुआ है। वह 26 फरवरी से लापता था। परिजनों ने गांव के ही दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। दोनों मृतक के दोस्त बताए जा रहे हैं। परिवार का कहना है कि अनिल को ये दोनों युवक उसकी ही बाइक पर बैठाकर घर से ले गए थे। लेकिन जब लौटे तो अनिल उनके साथ नहीं था। सीसीटीवी फुटेज में भी तीनों एक बाइक पर जाते और फिर दो युवकों के लौटने की तस्वीरें कैद हुई हैं। अनिल की बाइक भी घर के पीछे खड़ी मिली, लेकिन किसी ने इसकी जानकारी नहीं दी। परिजनों ने इस मामले में पुलिस से निष्पक्ष जांच करने की मांग की हैं। मृतक के पिता सतबीर ने बताया कि 26 फरवरी की दोपहर को लविश और अमित अनिल को उसके घर से बुलाकर ले गए थे। 1 बजकर 13 मिनट पर तीनों युवक एक बाइक पर नहर की तरफ जाते दिखे, लेकिन 1 बजकर 35 मिनट पर सिर्फ दो युवक ही लौटे। इस दौरान अनिल उनके साथ नहीं था।
मृतक के परिजनों ने कहा कि अनिल की बाइक घर के पीछे खड़ी कर दी गई थी, लेकिन किसी को इसकी जानकारी नहीं दी गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि दोनों युवक बार-बार अपने बयान बदल रहे हैं।

# संत स्वामी श्री गोविंददेव गिरी जी महाराज का शुभागमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में परम पूज्य राष्ट्र संत स्वामी श्री गोविंददेव गिरी जी महाराज का शुभागमन हुआ और उनके आशीर्वचन से कॉलेज सभागार में मौजूद सभी दर्शक भाव-विभोर हो गए । परम पूज्य स्वामी श्री गोविंददेव गिरी जी महाराज वर्तमान में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अयोध्या के कोषाध्यक्ष है । 22 जनवरी 2024 को जब अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ था तब



देश के करोड़ों लोगों ने इस महान संत को देखा और सुना । इन्होनें ही प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का उपवास पूर्ण करवाया था । कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर स्वामी जी का स्वागत अनूप कुमार प्रधान एसडी एजुकेशन सोसाइटी (रजि.) पानीपत, नरेश गोयल सचिव, श्रवण कुमार जॉइंट सेक्रेटरी, सतीश चंद्रा चेयरमैन एसडी वीएम हुडा, पवन गर्ग चेयरमैन एसडी इंटरनेशनल स्कूल, प्रमोद कुमार बंसल प्रधान एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कृष्ण अग्रवाल ऑडिटर एसडीवीएम सिटी, विनोद गुप्ता चेयरमैन एमएएसडी पब्लिक स्कूल, तुलसी सिंगला सेक्रेटरी एसडीवीएम हुडा, आकाश गर्ग चेयरमैन एसडी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान, महेंद्र अग्रवाल जनरल सेक्रेटरी, राजीव गर्ग, विशाल गोयल कोषाध्यक्ष, सूरज प्रकाश गुप्ता और प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने फूलों के हार पहना कर किया । कार्यक्रम के आरम्भ में ह्यश्री राम श्री रामह्ल के नाम का उदघोष हुआ । तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई । इस अवसर पर स्वामी जी ने रुद्राक्ष का एक पौधा भी कॉलेज प्रांगण में लगाया । मंच संचालन डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया ।
परम पूज्य राष्ट्र संत स्वामी श्री गोविंददेव गिरी जी ने कहा कि भगवान राम का नाम लेने मात्र से हमारे पाप घटने लगते है और जो श्री राम का नाम नहीं लेता उसके सिर पर इनका बोझ लदा रहता है।

# ऑल इंडिया इंटर यूनिर्सिटी वूशु चौंपियनशिप में आर्य कॉलेज की छात्रा ने जीता कांस्य पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत- (कमाल हुसैन )**
आर्य कॉलेज की बी.कॉम प्रथम वर्ष की छात्रा माफी ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वूशु चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता व प्राध्यापकों ने विजेता खिलाडी माफी का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर स्वागत बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 से 27 फरवरी 2025 तक चंडीगढ विश्वविद्यालय,चंडगढ में



आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिर्सिटी वूशु चैंपियनशिप में आर्य कॉलेज की बी.कॉम प्रथम वर्ष छात्रा माफी ने अपने शानदार खेल की बदोलत चैंपियनशिप में 52 किलोग्राम भार वर्ग मेंकांस्य पदक जीता। उन्होने बताया कि माफी ने अपने पहले मैच में जम्मू विश्वविद्यालय को 2-0 से, प्री क्वाटर में एमडीयू को 2-0 से वहीं क्वाटर फाइनल में बनारस विश्वविद्यालय को हराकर 2-0 से हराकर कांस्य पदक हासिल किया।

### पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक सुनीता बैसला का भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**लालचंद गुर्जर**
**नांगल चौधरी।** पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक सुनीता बैसला ब्लाक खंड के गांव थनवास पहुंची तदोपरांत गोठडी व गुर्जर भवन नांगल चौधरी में पहुंची बैसंला ने कहा, "आपकी बेटियों से मुझे बहुत आशा है.आपकी बेटियों का शिक्षा का स्तर बहुत ऊंचा है.बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए.उन्होंने अपने पिता कर्नल किरोड़ीमल बैसला द्वारा रचित "हिम्मत मेहनत और नियत"नामक पुस्तक को दिखाते हुए कहा हमें कर्नल बैसला से शिक्षा लेकर अपने जीवन का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

# कैंटर की टक्कर से व्यक्ति की मौत, हादसों में तीन घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राई** थाना क्षेत्र के लिवान रोड पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कैंटर व्यक्ति को चपेट में लिया। घायल को दिल्ली के अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली के रहने वाले गंगाराम एचएसआइडीसी में लहराड़ा के रहने वाले प्रवीन की दुकान पर काम करता था। वह राई-लिवान रोड पर प्रवीन की

**हादसा**

**तेज रफ्तार कैंटर व्यक्ति को चपेट में लिया। घायल को दिल्ली के अस्पताल में लेकर जाया गया**


दूसरी दुकान पर साथी सूरज के साथ सामान लेने के लिए जा रहा था। इसी दौरान कैंटर ने उनको सीधी टक्कर मार दी। सूरज ने जाकर प्रवीन को सूचना दी। प्रवीन मौके पर पहुंचकर गंगाराम को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, घायल** - सेक्टर-23 के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद कार चालक उसके पैर के ऊपर से कार चढ़ा ले गया। हादसे में बाइक सवार का पैर कुचल गया। शिकायत पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अशोक विहार के रहने वाले अजय ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से सेक्टर-23 जा रहे थे। जब चुंगी नंबर-7 के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया। इसके बाद कार चालक उसके पैर के ऊपर से कार का पहिया उतार कर भाग गया। राहगीरों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे रेफर कर दिया। शहर के निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**इको ने बाइक सवार दंपती को चपेट में लिया, घायल** -सदर थाना क्षेत्र के गांव नकलोई के पास तेज रफ्तार इको गाड़ी ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए। नकलोई के रहने वाले नरेश ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी जीवनी के साथ बाइक पर सोनीपत आए थे। इसके बाद जब वापस लौट रहे तो गांव के पास इको गाड़ी ने टक्कर मार दी।

# हिट एंड रन योजना पर कार्य न करने वाले अस्पताल संचालकों के हो सकते है लाइसेंस रद्द

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में केंद्र व राह्यय सरकार की विकटम ऑफ हिट एंड रन मोटर ऐक्सीडेंट स्कीम के बेहतर तरीके से लागू करवाने को लेकर पुलिस विभाग व जिले के विभिन्न अस्पतालों के संचालकों की बैठक हुई। जिसमें पुलिस अधीक्षक ने उन अस्पताल संचालकों को नोटिस भेजने के निर्देश दिए, जो संचालक न तो मीटिंगो का हिस्सा बन रहे न ही सरकार की इस योजना को तरतीब से लागू कर रहे।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह योजना उन लोगों के जीवन से जुड़ी योजना है जिसमें दुर्घटना के



बाद उनकी जान को पुलिस व अस्पताल कैसे बचा सकते है। इस पर हमें गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो अस्पताल पैंनल पर है उन्होने भी इस योजना को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई है। कुछ अस्पताल ऐसे भी चिन्हित किये है जिन्होंने योजना को लागू करने को कार्य तो शुरू किया है लेकिन उसे पूर्ण नहीं किया।
पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कई ऐसे अस्पताल भी है जिन्होंने अभी तक कार्य भी प्रांरभ नहीं किया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे व्हाटसप ग्रुप बनाकर इस योजना की गाइड लाइन को किस तरह से साझा करें व किस तरह से इस योजना का लाभ दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को मिल सकता है स्वयं जाने व इसका ह्ययादा से ह्ययादा प्रचार करें। इस योजना पर ठीक से अमल न होने की स्थिति में उन अस्पताल

**बैठक**

**बेहतर तरीके से लागू करवाने को लेकर पुलिस विभाग व जिले के विभिन्न अस्पतालों के संचालकों की बैठक हुई**

संचालकों के खिलाफ भी एफआईआर भी दर्ज हो सकती है जिन्होंने दुर्घटना के बाद दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का उपचार नहीं किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का ईलाज शुरू करने के लिए सरकार द्वारा डेढ लाख रुपए का प्रावधान है। इसमें पहले दिन उपचार फ्री देना होगा।
पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी अस्पताल संचालकों को एक नंबर सभी के साथ साझा करना होगा। जिस पर किसी भी तरह की दुर्घटना घटने पर ईलाज सुलभ करवाया जा सके। इस योजना के तहत प्रावधान है कि विकटम की आईडी भी अपलोड करनी होगी। नोडल अधिकारी को घटना से संबंधित जानकारी पोर्टल पर देनी होगी। उन्होंने अस्पतला संचालकों को इस महत्वकांक्षी योजना पर गंभीरता से कार्य करने का आहवान किया।
सीएमओ जयंत आहुजा व पुलिस उप अधीक्षक सुरेश सैनी ट्रेफिक ने कहा कि इस योजना में 74 अस्पताल नोमिनेट किये गए है। जिसमें इस योजना का दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को लाभ मिलता है।

# सम्पत्ति कर की त्रुटियों को दूर करने के लिए नगर निगम ने की अनूठी पहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
नगर निगम ने आम नागरिकों को हाऊस टैक्स में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए पहल की है। जिसके तहत कोई भी आम नागरिक अपनी प्रोपर्टी आईडी को सेल्फ सटीर्फाईड करवाकर उसकी त्रुटियां दूर करवा सकेगा ताकि सम्पत्ति करके आंकलन में लोगों में किसी भी तरह की भ्रम की स्थिति ना हो और गलत हाऊस टेक्स किसी से ना वसूला जाए।
निगम के अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया की नगर निगम, पानीपत

**पहल**

**आधार कार्ड दस्तावेज साथ लेकर आये। ताकि मौके पर ही उनसे ओटीपी प्राप्त किया जा सके।**

द्वारा प्रोपर्टी आई0डी0 को सैल्फ सर्टिफाईड करवाने का कार्य नगर निगम के पालिका बाजार कार्यालय में सम्पति कर शाखा कमरा न0 1 में किया जा रहा है। इसमें कोई भी आम नागरिक किसी भी कार्य दिवस में आकर अपनी प्रोपर्टी आईडी को सेल्फ सटीर्फाईड करवा सकता है।
विवेक चौधरी ने सभी नगरवासियों से अनुरोध करते हुए अपील कि सभी नागरिक बढ़-चढ़ कर अपनी प्रोपर्टी आई0डी0 को सैल्फ सर्टिफाईड करवायें। इस कार्य के लिए जो आम नगारिक अपनी प्रोपर्टी आईडी को सेल्फ सटीर्फाईड करवाना चाहता है वह ऊपर दिए गए कार्यालय में प्रोपर्टी आई0डी0, रजिस्टर्ड मोबाईल न0 (ओ0टी0पी0 लेने हेतू), आधार कार्ड दस्तावेज साथ लेकर आये। ताकि मौके पर ही उनसे ओटीपी प्राप्त किया जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### फैक्टरी कर्मी सहित ट्रांसपोर्ट कंपनी के चालक पर 30 टन सामान चोरी का आरोप

**सोनीपत:** राई थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी के कर्मी पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के चालक संग मिलकर 30 टन माल चोरी करने का आरोप लगा है। कंपनी के एचआर ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गुरुग्राम के सेक्टर-10ए निवासी अमिताभ मोदगिल ने बताया कि वह राई औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्टरी में एचआर के तौर पर कार्यरत है। फैक्टरी में एल्युमीनियम डाई कास्टिंग का काम होता है। कंपनी में बिहार के जिला रोहतास के गांव दही गणा नपौली का संजय कार्यरत है। वहीं यूपी के जिला फिरोजाबाद के गांव नंगला सिंगा का शेर सिंह कंपनी से गाड़ी में मॉल लेकर जाता है। वह लवकुश ट्रांसपोर्ट कंपनी के माध्यम से उनसे जुड़ा है। अमिताभ ने बताया कि फैक्टरी की तरफ से एलुमिनियम पार्टस खरीदने और बेचने का काम होता है। छह-सात माह से कागजात में माल कम हो रहा था। जिससे हम स्क्रैप खरीदते हैं उसके मॉल में 27 फरवरी को हमारी फैक्टरी के दो पिस्टन पार्ट मिले। जिस पर शक बढ़ गया। उन्होंने की तो देखा कि 20 फरवरी को संजय ने फैक्टरी के अंदर रखे पार्ट को शेर सिंह के साथ मिलीभगत कर गाड़ी में लोड कर बाहर भेज दिया। जांच में पता लगा कि अब तक करीब 30 टन माल गायब हो चुका है। दोनों पर ही चोरी का शक जताया गया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है।

### दरवाजा तोड़कर घर में घुसने के दो आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** मुरथल थाना सोनीपत पुलिस ने दरवाजा तोड़कर घर के अंदर घुसने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित दौलत उर्फ प्रदीप व रोहित उर्फ एसपी निवासी बख्तावरपुर का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मेहंदीपुर निवासी नीरज ने बताया कि वह सुबह करीब तीन बजे बाथरूम में बया था। उसकी पत्नी नीचे सो रही थी। किसी ने मकान के दरवाजे पर लात मारी। उसके बाद दरवाजे को तोड़ दिया। बाहर निकला तो देखा चार युवक घर के अंदर घुस आए। उसने देखा कि एक युवक के हाथ में पिस्तौल था। वह छत से कूदकर भाग गया। उसके बाद धमकी देकर युवक फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक सुशील कुमार की टीम ने दो आरोपितों को काबू कर लिया। उनके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद किया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### 24 वीं जिला स्तरीय खो खो चैंपियनशिप 5 मार्च से

**समालखा:** जिला खो खो संघ पानीपत के महासचिव रविंदर सिंह ने बताया की 24 वीं जिला स्तरीय खो खो चैंपियनशिप का आयोजन 5 मार्च को कन्या स्कूल खेल मैदान गांव मनाना में किया जाएगा इस प्रतियोगिता में जिला पानीपत के सीनियर खिलाड़ी महिला एवं पुरुष पांच मार्च को सुबह 9 बजे आधार कार्ड की कॉपी जन्म प्रमाण पत्र और दो फोटो के साथ भाग ले सकते हैं इस दौरान 44 वीं राज्य स्तरीय खो खो चैंपियनशिप 8,9 मार्च को चरखी दादरी में आयोजित की जाएगी उसके लिए खिलाड़ियों का चयन भी किया जाएगा

# न्यू दयालबाग में पुनर्निर्मित भवन का किया विधिवत उदघाटन

## हम अपने घर के देवी समान सदा सबको खुशी का वरदान देने वाले दीए है: राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी

**खुशी का वरदान**

**वक्तव्य रखते हुए कहा कि जिस प्रकार मंदिर में देवी का हाथ हमेशा दूसरों को देते हुए दिखाया गया है**





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** ब्रहमाकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय दयाल बाग द्वारा मोटिवेशनल वक्ता, ब्रह्माकुमार राकेश मेहता के न्यू दयाल बाग, में बने पुनर्निर्मित भवन का अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी द्वारा विभिन्न स्थानों से आई राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी टीचर बहनों व शहर के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति और शुभकामनाओं के साथ विधिवत उदघाटन किया गया। मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीति दीदी जी ने नई सोच से नवयुग की ओर टॉपिक पर अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि जिस प्रकार मंदिर में देवी का हाथ हमेशा दूसरों को देते हुए दिखाया गया है। उसी प्रकार हमें भी यह याद रखना है कि हम अपने घर के देवी समान सदा सबको खुशी का वरदान देने वाले दीए है। हमें किसी से कुछ लेने की कामना नहीं रखनी। किसी से कुछ लेने की भावना रखना ही तनाव पैदा करता है और हमारी खुशी को गायब करता है। अंबाला सब जोन निर्देशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी ने सबको आशीर्वचन देते हुए कहा इस भवन के निर्माण का मुख्य उद्देश्य जन जन को ईश्वरीय संदेश दे शांति व सद्गुणों की प्राप्ति कराना है। यहां ज्ञान व योग का कार्य चलेगा। इसके अलावा दीदी जी ने कहा जो भोजन परमात्मा की याद में बनता है उसको ही प्रसाद कहते हैं। जैसे मंदिर व गुरुद्वारे में भगवान के घर बना भोजन इसीलिए प्रसाद कहलाया जाता है, क्योंकि वह भगवान की याद में बनाया जाता है। इसलिए घर में भी भोजन बनाने वाले के विचार बहुत शुद्ध पवित्र होने चाहिए। सबको घर में ध्यान देना चाहिए भोजन बनाते समय गुस्सा ना करें। बहुत प्यार से भोजन रूपी प्रसाद, घर के सदस्यों को खिलाने से उनके जीवन में सुख, शांति, आनंद, खुशी आएंगी।

इस अवसर पर ध्वजारोहण करके व रिबन काटकर सभी बहनों द्वारा गृहप्रवेश किया गया। सभी बहनों को चुन्नी, माला व फूलों के गुलदस्ते से सम्मानित किया गया। सबको प्रभु प्रसाद ब्रह्मा भोजन दिया गया।

## श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 15 मार्च से प्रारंभ : महंत



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के प्राचीन महाभारतकालीन तीर्थ भीष्म कुण्ड बाण गंगा मन्दिर गांव नरकातारी में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन मन्दिर के महंत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जय नारायण दास जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है।

महाराज जी ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 15 मार्च से 22 मार्च तक चलेगी।

15 मार्च को प्रातः 10 बजे क्लश शोभायात्रा का आयोजन होगा और दोपहर 3 बजे कथा प्रारंभ होगी, सांय 6 बजे आरती होगी।

22 मार्च को कथा समापन हवन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

महंत जय नारायण दास महाराज ने बताया कि यह वही स्थान है जहां भीष्म पिता शय्या पर लेटे हुए थे और अर्जुन द्वारा अपने बाण से गंगा जी को प्रगट कर भीष्म पिता को गंगा जल पिला कर तृप्त किया था और पितामह के मुख से निकले संदेश भगवान विष्णु जी के 1008 नाम विष्णु सहस्त्रनाम पुस्तक का जन्म हुआ। महाराज जी ने बताया कि भगवान विष्णु जी की आराधना करने वाला

**सानिध्य**

**श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जय नारायण दास जी महाराज के सानिध्य में किया जा रहा**

व्यक्ति कभी भी दरिद्र नहीं रहता और इस स्थान पर किया गया पूजा पाठ अनुष्ठान काया को निरोगी रखता है, उदरपूर्ति की कोई कमी नहीं रहती और मोक्ष का भी अधिकारी बन जाता है।भीष्म कुण्ड बाण गंगा मन्दिर में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा को लेकर गांव नरकातारी वासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

## दुकान से घर लौट रहे युवक से हजारों रुपये की राशि छीनी

**मुकदमा**

**पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में दुकान से काम करके घर लौट रहे युवक से हजारों रुपये की राशि व आधार कार्ड के छीनने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस युवकों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। छतरपुर मध्य प्रदेश हाल में ककरोई रोड निवासी सुरेंद्र ने बताया कि वह सेक्टर-23 में स्थित दुकान पर काम सीखने के लिए जाता है। वहीं उसके सामने टिक्की की रेहड़ी लगाता है। गत एक मार्च की रात को करीब 11 बजे वह रात को बर्तन धोने के बाद पैदल अपने घर पर जा रहा था। वह कपड़े खरीदने के लिए नौ हजार रुपये अपनी मां से लेकर आया था। वहीं दस हजार रुपये की राशि अपने मालिक से लेकर आया था। साथ ही पांच हजार रुपये की राशि दुकान व रेहड़ी की कमाई थी। उसे रास्ते में मोटर साइकिल सवार तीन लड़कों ने रोक लिया। उसके बाद उसकी जेब से 24 हजार रुपये की राशि व आधार कार्ड को निकाल लिया।

## एसडीएम अंजली श्रोत्रिय ने ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मीटिंग

**नकलरहित**

**बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी बाहरी शरारती तत्व का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: एसडीएम अंजली श्रोत्रिय**



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहाना: गोहाना** की एसडीएम अंजली श्रोत्रिय ने अपने कार्यालय में बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित पूर्ण करवाने के लिए अधिकारियों की मीटिंग ली। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में किसी भी बाहरी शरारती तत्व का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार के निदेर्शानुसार परीक्षा केंद्र के आसपास 200 मीटर की परिधि में 5 या इससे अधिक व्यक्तियों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यदि कोई व्यक्ति या शरारती तत्व आदेशों की पालना नहीं करता तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंने आदेशों का दृढ़ता से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए की वह हर गांव व शहर में गांव के चौकीदारों द्वारा मुनादी करवाई जाए ताकि परीक्षाओं में कोई बाहरी तत्व द्वारा किसी प्रकार की कोई बाधा ना डाल सके।

उन्होंने बताया कि गोहाना उप मंडल क्षेत्र में भावड -1, भैंसवाल कला -2(इ-1),अति संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। वहीं संवेदनशील की श्रेणी में बड़ौदा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चिढ़ाना राजकीय माध्यमिक सेकेंडरी स्कूल, धनाना राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोहाना -3 गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गोहाना इ1 गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कथुरा इ-1 सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोई राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शामडी -2 राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया यदि इसके बाद भी बाहरी शरारती तत्वों का हस्तक्षेप नहीं रुका तो सेंटर तब्दील करने उपरांत जिला मुख्यालय पर परीक्षाएं करवाने की करवाई जाएगी। इस मौके पर बीडीपीओ परमजीत रंगा, बीडीपीओ अनिल श्योरान, बीडीपीओ जितेंद्र गोड बीईओ बसंत ढिल्लों व एसएचओ महिपाल सदर व एसएचओ मोहन कुमार आदि सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

## पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक सुनीता बैसला का भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया /लालचंद गुर्जर**

**नांगल चौधरी।** पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक सुनीता बैसला ब्लाक खंड के गांव थनवास पहुंची तदोपरांत गोठडी व गुर्जर भवन नांगल चौधरी में पहुंची बैसला ने कहा, "आपकी बेटियों से मुझे बहुत आशा है.आपकी बेटियों का शिक्षा का स्तर बहुत ऊंचा है.बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए.उन्होंने अपने पिता कर्नल किरोड़ीमल बैसला द्वारा रचित "हिम्मत मेहनत और नियत"नामक पुस्तक को दिखाते हुए कहा हमें कर्नल बैसला से शिक्षा लेकर अपने जीवन का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए इस पुस्तक में 85 सूक्तियां है गुर्जर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतराम तंवर ने कहा,"पूर्व प्रधान आयकर महानिदेशक सुनीता बैसला को अपनी जिंदगी की नइ पारी के लिए बधाई दी व समाज के कामों को करते हुए आगे बढ़ने के लिए लिए प्रेरित किया.

**शिक्षा स्तर**

**"आपकी बेटियों से मुझे बहुत आशा है .आपकी बेटियों का शिक्षा का स्तर बहुत ऊंचा है**

इस अवसर पर कैलाश , महाराम एयर फोर्स व अमर सिंह ने हजारीलाल रावत की याद में एक लाख एक हजार गुर्जर भवन को और ग्यारह हजार रुपए गौशाला को दानस्वरूप भेंट किए इस अवसर पर विधायिका मंजू चौधरी, सुंदर चौधरी, प्रोफेसर रामनिवास चंदेला, प्रिंसिपल रघुबीर पटेल , शीशराम मास्टर,अमीलाल मास्टर ,रामकुमार मुनीम ,सेवाराम सरपंच ,विक्रम मास्टर, बलबीर पार्षद, बसंतलाल मुकदम , सतीश प्रधान हंसराज दिल्ली पुलिस, रविदत्त, विक्रम युवा नेता,विक्रम जागेदार सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे

## जन सहयोग संस्था ने नरवाना वेलफेयर सोसाइटी को 501 किताबें दान में दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र शहर की सुप्रसिद्ध संस्था शहर भर से नई या पुरानी किताबें दान के रूप में लेकर आसपास बनी हुई लाइब्रेरी में भेजती है ताकि कोई भी व्यक्ति इस योजना का लाभ उठा सके।संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र जी ने बताया कि संस्था की एक टीम नरवाना वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्थापित लाइब्रेरी में 501 किताबें दान के रूप में देकर आए हैं। संस्था द्वारा करवाए गए ऐसे कार्यों से आम आदमी को सीख लेने की जरूरत है। जिन किताबों को हम नासमझी में कबाडी के भाव बेच देते हैं । अगर थोड़े से सार्थक प्रयासों से ऐसी किताबें को दान के रूप में लेकर लाइब्रेरी में भेज दिया जाए तो हजारों लोग और विद्यार्थी इन किताबों को पढ़कर अपना भविष्य संवार सकते हैं। मास्टर जी ने बताया कि इनमें से कुछ किताब में तो 100 साल से भी ज्यादा पुरानी है। जिनमें सामान्य ज्ञान,आयुर्वेद,योग,गृह विज्ञान, संस्कार,वेद, रामायण, श्रीमद् भागवत गीता जैसी किताबें प्रमुख है।

## स्कूल से बैटरी सहित अन्य सामान चोरी

**सोनीपता : मोहाना** थाना क्षेत्र के गांव बोहला में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला से बैटरी सहित अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। स्कूल के इंचार्ज ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। स्कूल इंचार्ज मनजीत सिंह ने बताया कि वह 28 फरवरी को स्कूल में पहुंचे तो स्कूल के अंदर सामान चोरी मिला। सामान की जाच की तो चोर एजुसेट कक्ष से दो बैटरी, यूपीएस, कड़ाही, दो चूल्हे, रेगुलेटर व दो इनवर्टर चोरी कर ले गए थे। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कम मतदान प्रतिशत होता है स्वस्थ लोकतंत्र के लिए खतरा: अनिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** स्थानीय निकाय के चुनाव के लिए मतदान हो चुका है लेकिन सभी वार्डों में मतदान के प्रतिशत ने राजनीतिक विशेषज्ञों सहित राजनेताओं के माथे पर भी चिंता की लकीरें डाल दी हैं।उल्लेखनीय है कि स्थानीय निकाय के चुनावों में थानेसर में मात्र 50.4% और इस्माईलाबाद में लगभग 65% मतदाताओं ने ही अपने मत का प्रयोग किया है।चुनावों में कम मतदान होने पर भाजपा नेता और भाजपा कला और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा का कहना है कि चुनाव आयोग,जिला प्रशासन,मीडिया सहित अन्य उचित माध्यमों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के बावजूद लोकतंत्र के उत्सव के प्रति मतदाताओं ने जिस प्रकार बेरुखी दिखाई है वो स्वस्थ लोकतंत्र के भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। अनिल वर्मा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और अपने मनपसंद प्रत्याशी चुनने का अधिकार इसके निवासियों को प्राप्त है लेकिन अगर वोटर्स अपने मताधिकार का प्रयोग ही नहीं करेंगे तो लोकतंत्र की खूबसूरती अक्षुण्ण कैसे रह पाएगी ?उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग और सरकारों को अधिक मतदान करवाने की दिशा में कारगर कदम उठाने होंगे ताकि अधिक से अधिक मतदाता लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता निभा सकें। अनिल वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार लोगों में अपने होली, दिवाली,तीज - त्योहारों को लेकर उत्साह होता है और वो इन सभी त्योहारों को पूरे उमंग से मनाते हैं उसी प्रकार लोकतंत्र के उत्सव मतदान-दिवस को भी मतदाताओं को उत्साहपूर्वक मनाना चाहिए।अनिल वर्मा ने कहा कि मतदान की कीमत उन देशों के निवासियों से पूछो जिन देशों में आज भी राजशाही प्रथा है और वहां के नागरिकों को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार तक नहीं है।अनिल वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार रक्तदान इंसान का जीवन बचा सकता है।

**बेरुखी**

**मतदान के प्रतिशत ने राजनीतिक विशेषज्ञों सहित राजनेताओं के माथे पर भी चिंता की लकीरें डाल दी**

## सांवरे सलोने का कोई ना जवाब....पर झूमें श्याम भक्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), कुरुक्षेत्र द्वारा मेन बाजार थानेसर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया संकीर्तन में समाजसेवी कुलदीप शर्मा गोल्डी एवं गणेश मित्र मण्डल के सभी सदस्यों ने श्याम पूजन किया। भक्तों ने श्री श्याम जी का पुष्प श्रृंगार किया। दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में दिल्ली से गर्ग सिस्टर ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें सांवरे सलोने का कोई ना जवाब....,तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा..., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी..., देर न करों न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार..., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है... और जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं... इत्यादि भजन सराहे गए। देर रात्रि तक चले भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ।संकीर्तन में श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की। संकीर्तन के दौरान श्याम जी की गाथा में बताया गया कि यें हारे के सहारे हैं। संकीर्तन के पश्चात आरती हुई और आरती के बाद श्याम जी का पुष्प श्रृंगार भक्तों को प्रदान किया गया,मान्यता है कि पुष्प श्रृंगार से सभी बाधाएँ दूर होती हैं। संकीर्तन के साथ-साथ विशाल भंडारा चलता रहा जिसमें श्याम भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। समिति पदाधिकारियों ने श्याम भक्तों से निवेदन किया कि श्याम मंदिर में लगातार मंदिर विस्तार, भंडारा, संकीर्तन आदि धार्मिक व जन सेवा कार्य होते रहते हैं। अतः इन पुण्य कार्यों में यथासंभव सहयोग प्रदान करें। श्याम जी के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हुआ। श्री श्याम आरती में प्रधान सुभाष सुखीजा,उप प्रधान एल डी कंबोज,सचिव अटल शर्मा,कोषाध्यक्ष रमेश शर्मा,राजेश मोदगिल,आशीष चोपड़ा, विनीत राजपाल, हेमंत भारद्वाज,राजू छाबड़ा,अशोक शर्मा,अशोक अरोड़ा,सुरेन्द्र काठपाल,ललित अत्री मौजूद रहे।

**सम्मेलन**

**कुरुक्षेत्र द्वारा मेन बाजार थानेसर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया, झूमे भक्तगण**

## सुषमा गर्ग मेमोरियल मुफ्त सिलाई सेंटर में 25 महिलाओं ने फ्री सिलाई प्रशिक्षण किया प्राप्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सुषमा गर्ग मेमोरियल मुफ्त सिलाई सेंटर, इंदिरा कॉलोनी नजदीक अंकूर नर्सिंग होम, कुरुक्षेत्र में फ्री सिलाई प्रशिक्षण पा रही 25 महिलाओं का बैच संपन्न हुआ जिसमें वंदना नायक, भवनीत,पूनम को सेंटर की तरफ से एक एक सिलाई मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर डॉक्टर सुभाष गर्ग ने बताया कि यह सिलाई पिछले 3 वर्षों से यह सिलाई सेंटर चला जा रहा है जिसमें महिलाओं को निशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाता है। कुशल सिलाई प्रशिक्षिका की देख रख में सिलाई कार्य करवाया जाता है और बैच पूरा होने के उपरांत प्रथम द्वितीय स्थान पाने वाली महिलाओ को एक-एक सिलाई मशीन मुफ्त में प्रदान की जाती है। आगामी बैच 5 मार्च से शुरू होगा, जो भी महिला सिलाई सीखने की इच्छुक है, वह अपना आवेदन कर सकते हैं। इस अवसर पर रोटरी क्लब से मधुर गोयल , वरुण गुप्ता , मोहित सिंह, डॉक्टर बिंदु , अक्षय एवं रीना गुप्ता ,ओम प्रकाश, रितु रानी अन्य मौजूद रहे।

# गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ में हुआ 15वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** गीता यूनिवर्सिटी व गीता ग्लोबल लॉ स्कुल के सयुंक्त तत्वाधान में गीता इंस्टिट्यूट ऑफ लॉ में चल रही दो दिवसीय 15वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन समारोह में पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश संदीप मेहता ने कहा की 90 प्रतिशत कानूनी मामले प्रभावी तर्कों प्रस्तुति के आधार पर जीते जाते हैं। इस कला विकास छात्रों में मूट कोर्ट प्रतियोगिता से ही होता है। देश भर में हर वर्ष 100 से अधिक मूट कोर्ट कंपीटिशन हो रहें। ये भविष्य में वकालत में जाने वाले छात्रों के लिए वरदान साबित होंगे। भविष्य में अच्छा वकील बनने के लिए रुपए कमाने के पीछे नहीं भागना पीड़ित को न्याय दिलाना




हमारी प्रमुखता होनी चाहिए। । समाज व देश के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य बनता है। हमें समाज व देश हित को ध्यान में रखते हुए सच्चाई के रस्ते पर चलना चाहिए। जीआईएल में आयोजित हुई 15वीं मूट कोर्ट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज नोएडा ने प्रथम स्थान हासिल कर ट्राफी व 31 हजार रुपए नकद राशि पर कब्जा जमाया। आयोजित प्रतियोगिता में देश भर से 35 यूनिवर्सिटी व लॉ कालेज की टीमों ने हिस्सा लिया।

बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंची पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की न्यायाधीश मनीषा बत्रा ने भावी पीढ़ियों को आकार

**सम्मान**

**सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश संदीप मेहता ने विजेता टीमों को किया सम्मानित**

देने में कानूनी शिक्षा की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा की मूट कोर्ट में हिस्सा लेने वाले छात्रों में शोध और तर्कशक्ति का विकास होता है। इस तरह के आयोजन भावी अधिवक्ता व न्यायाधीश के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। वहीं प्रतियोगिता में बतौर निर्णायक पहुंचे आरएमएल-एनएलयू के कुलपति डॉ अमर पाल सिंह ने कहा की जीत या हार की परवाह किए बिना छात्रों के लिए मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं में भाग लेना आवश्यक है। क्योंकि यह सीखने और पेशेवर विकास को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा मूट कोर्ट वास्तविक अदालती कार्यवाही की नकल करते हैं जिससे छात्रों को कानून और मुकदमेबाजी की व्यावहारिक समझ मिलती है। सर्वोच्च न्यायालय के वकील सुनील गुप्ता ने कहा की जेल में बंद 85 प्रतिशत आबादी वंचित व्यक्तियों की है। जिनमे से अधिकांश को मुफ्त कानूनी परामर्श न मिलने कारण न्याय नहीं मिल पाता। उन्होंने 1983 में कानूनी सहायता सेवा अधिनियम के का प्रयास किया और सफल भी हुए।

# साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930: नेहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव



है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। उपायुक्त ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल पर दर्ज करें। जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पहले साइबर फ्रॉड की सूचना के लिए 155260 हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उपरोक्त नंबर की जगह 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है।

## न्यूज फ्लैश

### सीजेएम ने यौन शोषण से बचाव हेतु गठित आंतरिक व स्थानीय कमेटी की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सोमवार को राजकीय महाविद्यालय निगदू में विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन का शिविर में पहुंचने पर प्रधानाचार्य रमेश अहलावत ने स्वागत किया व आभार प्रकट किया। डा. इरम हसन ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को कार्यस्थल पर यौन शोषण से बचाव हेतु गठित आंतरिक व स्थानीय कमेटी बारे जानकारी दी और संबंधित जानकारी का बैनर भी कॉलेज में लगाया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने पेंटिंग, स्लोगन राइटिंग व डिबेट में भाग लिया। सीजेएम इरम हसन ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद के सौजन्य से विजेताओं को मेडल व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर बाल कल्याण विभाग से सुमन ने विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी। सीजेएम डा. इरम हसन व गैर सरकारी संस्था स्वधा की इंचार्ज कालंदी द्वारा झुग्गी-झोपड़ी इलाका, नजदीक रेलवे स्टेशन में कैम्पेन स्वच्छता सखी के अंतर्गत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। स्वधा की इंचार्ज कालंदी ने महिलाओं को मासिक धर्म संबंधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करने व संबंधित सूचना का महिलाओं के हित में प्रसार करने का आग्रह किया। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन प्रदान कर सैनिटरी नैपकिन का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया।

### वैज्ञानिक नवीनतम तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए कर रहे हरसंभव प्रयास: प्रो.सुरेश कुमार मल्होत्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल।** राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल में राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं एग्री एक्सपो 2025 का आयोजन किया गया। मेले में आयोजित प्रदर्शनी में महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा एक स्टॉल का प्रदर्शन किया गया, जिसे प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बता दें कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं एग्री एक्सपो के समापन अवसर पर एमएचयू के कुलपति प्रो.सुरेश कुमार मल्होत्रा ने शिरकत की। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति प्रो. सुरेश कुमार मल्होत्रा ने विस्तार शिक्षा निदेशालय को बधाई देते हुए कहा कि ये एमएचयू के लिए बड़े गर्व की बात है कि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक नवीनतम तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे है, जिसका सीधा लाभ किसानों को मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि एमएचयू की स्थापना इसी उद्देश्य के लिए की गई कि नई-नई जानकारी किसानों तक पहुंचे, जिससे किसान पहले की अपेक्षा अधिक तेजी से आर्थिक उन्नति की ओर बढ़े, खेती किसानी किसानों के लिए लाभप्रद हो। उन्होंने कहा कि एमएचयू इसी दिशा में काम कर रहा है, किसान प्राकृतिक संसाधनों का सही प्रकार से प्रयोग करे। शिक्षा विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ.विजय पाल यादव ने बताया कि मेले में स्टॉल के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा दी गई तकनीकों जैसे फल एवम सब्जी फसलों में ड्रोन तकनीक का महत्व दशार्या गया। स्टॉल में एमएचयू के क्षेत्रीय मशरूम अनुसंधान केंद्र मुरथल की ओर से मशरूम की विभिन्न प्रजातियों, सब्जियों व फलों में कीट पंतगों को प्रदर्शित करने, मधुमक्खी पालन कैसे करें, विद्यार्थियों द्वारा तैयार फल व सब्जियों के प्रंसस्करण उत्पाद आदि को प्रदर्शित किया गया। राष्ट्रीय डेयरी मेला एवं एग्री एक्सपो 2025 में विभिन्न सैकड़ों स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें एमएचयू द्वारा प्रदर्शित स्टॉल की सभी ने काफी सराहना की और स्टॉल पर हर दिन तकनीकी जानकारी लेने के लिए किसानों की भीड़ लगी रही। मेले के समापन पर निर्णायक मंडल द्वारा एमएचयू के स्टॉल को प्रथम स्थान के लिए चुना गया।

# नशा मुक्त जीवन नायब जीवन- एक संकल्प एक लक्ष्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत बकेट चैलेंज अभियान चलाकर युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं मार्गर्शन और पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के नेतृत्व में यह अभियान जन जन तक पहुँच रहा है। सोशल मीडिया पर प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुड़कर गौरव का



अनुभव करता है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज प्रातः हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र के अधीन बस चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के पास पहुंचे और उन्हें इस अभियान से जोड़ा। तत्पश्चात वे गुरु ब्रह्मानंद संग्रहालय पहुंचे और देवी श्री डॉ. मैत्री आनंद सरस्वती से भेंट कर उन्हें इस अभियान से जोड़ा गया। देवी श्री डॉ. मैत्री आनंद सरस्वती ने कहा कि ब्यूरो का यह अभियान बहुत ही सराहनीय है। थानेसर खंड शिक्षा अधिकारी इंदु कौशिक इस अभियान से जुडी और कहा कि वे अपने खंड में इस अभियान को प्रत्येक बच्चे तक पहुंचकर नशा मुक्त समाज बनाने में योगदान देंगे। सहायक सचिव विनोद कुमार वर्मा, महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर रीटा भी इस अभियान से जुड़ चुकी हैं। ब्यूरो का नशा मुक्त अभियान का उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाकर समृद्ध प्रान्त बनाने का है।

# सार्वजनिक स्थान पर हुडदंग करते दो युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** थाना सदर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंग कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान अनिल निवासी महमदपुर व अनलि निवासी बड़ी रजापुर के रूप में हुई। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण ने बताया कि पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हुड़दग बाजी करने वालों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत रविवार को थाना सदर पुलिस टीम की टीम गश्त के दौरान महमदपुर गांव में सरकारी स्कूल के पास मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को शराब ठेके के पास लोगों की भी दिखाई दी। वहा जाकर देखा तो दो युवक नशे की हालत में सड़क के बीचो बीच गुथम गुथा होकर हंगामा कर रहे थे। जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पुलिस टीम ने दोनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान अनिल पुत्र पपू निवासी महमदपुर व अनिल पुत्र शमार्राम निवासी बड़ी रजापुर के रूप में बताई। प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण ने बताया कि दोनों युवक शराब पीकर सड़क बीच हुड़दंग कर आमजन के लिए परेशानी उत्पन्न कर रहे थे।

# निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखः** सेवा समिति समालखा के तत्वाधान में 283वां निशुल्क नेत्र जांच शिविर सोमवार को नरसिंह सदन, गुलाटी रोड, समालखा में प्रात 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया गया। इसमें समालखा ,पानीपत व इसके आसपास के अनेकों गांवों के मरीजों ने आकर आंखों की जांच करवाई। अपर्णा हॉस्पिटल मधुबन करनाल से डॉक्टर श्रुति गर्ग ने 165 नेत्र रोगियों की जांच की। जिस में मोतियाबिंद के 20 मरीज पाए गए ।सभी नेत्र रोगियों को आंखों की फ्री दवाई दी गई व मोतियाबिंद के मरीजों को ऑप्रेशन के लिए यहीं से मेडिकल टीम द्वारा ही मधुबन ले जाया गया। पिछली बार की तरह इस बार भी जोड़ो व हड्डियों के डॉक्टर जोगिंदर भी आए।

# टीवी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**शिविर**

**शिविर का उद्घाटन डॉ सुनील कुमार सचिव जिला रेड क्रॉस समिति एवं पवन गाबा सरपंच द्वारा किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** भारतीय रेड को समिति हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ के मार्ग दर्शन में कार्य कर रही। जिला रेड क्रॉस समिति कुरुक्षेत्र द्वारा टीवी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य



जांच शिविर का आयोजन गांव पंचायत घर झांसा में किया गया। इस शिविर का उद्घाटन डॉ सुनील कुमार सचिव जिला रेड क्रॉस समिति एवं पवन गाबा सरपंच द्वारा किया गया। यूथ ब्लड डोनेशन सोसाइटी के अध्यक्ष विनोद पाल होलकर झांसा ने आए हुए अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस मौके पर प्रवीण भोला,सतपाल गाबा राजेंद्र ग्रोवर, सचिन पाल, पोली देवी,परमजीत कौर, अंजली टी बी कोऑर्डिनेटर ओमप्रकाश सहायक टीवी प्रोजेक्ट ,वालंटियर जोगिंदर सिंह आरती देवी, अन्य मौजूद रहे।

# गुजरात एटीएस ने फरीदाबाद से बरामद किए दो हैंड ग्रेनेड

**फरीदाबाद।** गुजरात एटीएसने हरियाणा के फरीदाबाद के सोहना रोड स्थित पाली इलाके में एक आतंकी संगठन से जुड़े युवक की निशानदेही पर खंडहरनुमा मकान से दो जिंदा हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। बताया गया है कि रविवार रात गुजरात एटीएस और फरीदाबाद पुलिस की गाड़ियां पाली इलाके में पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। फरीदाबाद पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि गुजरात एटीएस की टीम ने गुजरात से एक युवक को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार युवक का नाम अब्दुल रहमान (19) है।

# 'नशे के खिलाफ अभियान में भागीदारी जरूरी'

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे है। पुलिस अधीक्षक श्री वरुण सिंगला ने कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जहां सामाजिक आंदोलन की जरुरत है वहीं समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी इस अभियान मे अति आवश्यक है। उन्होंने कहा लगभग प्रत्येक अपराधिक वारदात के साथ नशे का कंनेक्सन जुड़ा होता है, इसलिए नशा व अपराध मुक्त समाज के लिए इस बुराई का पूरी तरह नष्ट होना जरुरी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिला पुलिस नशे के खिलाफ



अभियान चलाए हुए हैं जिसके तहत नशा तस्करों पर पूरी तरह शिंकजा कसा जा रहा है। नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक करने के लिए सेमिनार व गोष्ठियां आयोजित कर इस बुराई के बारे में जागरुक किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने बताया कि जिला पुलिस द्वारा नशे

**परिणाम**

**जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं**

के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के प्रथम 2 माह (जनवरी व फरवरी ) की अवधि के दौरान जिला पुलिस ने मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 28 अभियोग दर्ज कर लाखों रुपए के मादक पदार्थ बरामद कर 57 नशा तस्करों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अवधि के दौरान 66.51 ग्राम हैरोईन, 13 किलो 635 ग्राम अफीम, 654 किलो 506 ग्राम चूरापोस्त, 31.18 ग्राम स्मैक, 3.16 ग्राम गांजा, 229 ग्राम चरस तथा 7440 कैप्सूल बरामद हुए है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ कारवाई में जिला पुलिस का अच्छा प्रयास रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए नशा बेचने वालों की सूचना पुलिस को दें। जिला पुलिस के एंटी नारकोटिक सैल ईंचार्ज के मोबाईल नंबर 74969-85326 पर व्हाट्सएप या एसएमएस के माध्यम से नशा बेचने वालों की सूचना दी जा सकती हैं। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा।

# एडवोकेट की स्मृति एवं संकल्प सभा आयोजित की गई

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखाः पट्टी-** कल्याणा में कॉमरेड दयानंद पवार एडवोकेट की स्मृति एवं संकल्प सभा आयोजित की गई । सभा का संचालन अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य संयुक्त सचिव राजेंद्र छौक्कर ने किया । सभा की अध्यक्षता दयानंद पंवार के साथी सीटू राज्य सचिव कामरेड सुनील दत्त ने की । सुनील दत्त ने दयानंद के जीवन बारे जारी संकल्प पत्र भी पढ़ा।

विभिन्न संस्थाओं से आए प्रतिनिधियों ने दयानंद के जीवन से जुड़ीं बातों को सांझा करते हुए बताया उनका जन्म खेत मजदूर परिवार में हुआ और मेहनत मजदूरी से जीवन का संघर्ष करते हुए वकील बने। छात्र जीवन की शुरूआत साक्षरता आंदोलन से की इसी दौरान अपनी राजनीतिक चेतना को बढ़ाते हुए ,दलितों - वंचितों पीड़ितों , शोषित लोगों की आवाज बने तथा बीपीएल परिवारों को आवासीय भूमि आवंटन कराई तथा इसके लिए आंदोलन चलाया । पेशे से वकील होते हुए भी वह आम जनसाधारण के नेता बने ' खुश मिजाज मिलनसार व्यक्तित्व के साथ-साथ रागनी गायक , नाटक रंगकर्मी की खूबियां भी उनमें थी। संकल्प सभा में सी पी आई (एम) के राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद , किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, किसान मोर्चा नेता का० इंद्रजीत सिंह , सीटू महासचिव जयभगवान , महिला समिति की राज्य अध्यक्षा सविता मौजूद रहे।

# प्रेम रावत ने ज.के. रोलिंग का बुक रीडिंग रिकॉर्ड तोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

राज विद्या केन्द्र की क्षेत्रीय प्रवक्ता तनुजा वशिष्ठ ने आध्यात्मिक विषय पर जानकारी देते हुए बताया कि आज के समय में प्रसिद्ध विश्वस्तरीय युवा आईकन के रूप में स्थापित और न्यूयार्क टाईम्स के बेस्ट सेलिंग लेखक प्रेम रावत द्वारा दी जा रही शिक्षाएं प्रासंगिक है। प्रेम रावत का संदेश लोगों को शांति की ओर प्रेरित करने में प्रभावशाली है, जो आज की दुनिया के लिए बहुत जरूरी है। तनुजा वशिष्ठ ने बताया कि प्रेम रावत द्वारा लिखी गई चर्चित पुस्तक स्वयं की आवाज दुनिया भर में लोकप्रिय रही है। उनके व्याख्यानों पर आधारित पीस



एजुकेशन प्रोग्राम जैसे कार्यक्रमों को 87 देशों में दिखाया जा रहा है। यही नहीं एक लेखक पुस्तक वाचन में 1 लाख 14 हजार 704 लोगों की उपस्थिति और सबसे बड़े व्याख्यान में 3 लाख 75 हजार 603 लोगों की भागीदारी के दो गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड भी उनके नाम हैं।

प्रेम रावत द्वारा लिखी गई नई पुस्तक श्वास जीवन के प्रति जागरूक हों को भी उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मंच पर एक कदम ओर आगे पंहुचाया है। यह पुस्तक पेन मेक मिलन द्वारा अंग्रेजी में और हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा हिन्दी में प्रकाशित की गई है जिसे हाल ही में रिकार्ड ब्रेकिंग कार्यक्रम में पढ़ा गया। पुस्तक में श्वास के अन्दर जाने की प्रक्रिया से लेकर उसके जीवित रहने का पुरा व्याख्यान है। जो शक्ति पूरे ब्रहमाण्ड में व्यापत है। वहीं श्वास के रूप में मनुष्य के अन्दर आती है और उसको जीवन देती है। हमें श्वास के माध्यम से उस अविनाशी की अन्नंतता को महसूस करना चाहिए। हम सबको उस श्वास को महसूस करनाा चाहिए क्योंकि जिस आन्नद को व्यक्ति बाहर खोजता है वह उसके अन्दर मौजूद होती है।

**कार्यक्रम**

**इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उक्त दोनों ने 1 लाख 33 हजार 234 लोगों के विशाल समूह को संबोधित किया।**

तनुजा वशिष्ठ ने बताया कि अभी हाल ही में लखनऊ के पास मिजार्पुर में अंतर्राष्ट्रीय लेखक प्रेम रावत और भारतीय लेखक विपुल रिखी ने एक साथ सबसे बड़े एक से अधिक लेखक पुस्तक वाचन का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। मिजार्पुर, उत्तर प्रदेश में राज विद्या केंद्र द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उक्त दोनों ने 1 लाख 33 हजार 234 लोगों के विशाल समूह को संबोधित किया।

# शांति पूर्वक चुनाव करवाने के लिए खाकी की रही अहम भूमिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः पुलिस** आयुक्त नाजनीन भसीन ने नगर निकाय चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले के सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिए थे। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के दौरान कड़ी सतर्कता बरतने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। शहर में मेयर के उपचुनाव व खरखौदा में चुनाव को लेकर पुलिस विभाग की तरफ से अलग-अलग चौक-चौराहों के साथ बूथों पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील व अति-संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखने, गश्त करने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही, चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या हिंसा को रोकने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। प्रत्येक बूथ के अंदर व बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो रिजर्व पुलिस बल भी तैयार रखे गए हैं। सोनीपत नगर निगम में 268 बूथों पर मतदान हुआ। जिसमें 49 वलनरेबल बूथ शामिल थे। पुलिस विभाग की तरफ से 1550 पुलिस कर्मचारियों की तैनाती की गई थी।

**तैनाती**

**पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिए थे**

# आरडब्ल्यूए आदर्श नगर ने किया विधायक राजकुमार भाटिया का अभिनंदन




















**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** आदर्श नगर इलाके के सुभाष पार्क में ग्रीन रेजीडेंस वेलफेयर एसोसिएशन ने आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के नवनिवार्चित विधायक राजकुमार भाटिया का अभिनन्दन किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, समाजसेवी अशोक कौशिक, पूर्व निगम पार्षद रमेश चौहान, पूर्व निगम पार्षद गरिमा गुप्ता, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज, समाजसेवी अरूणोदय गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक राजकुमार भाटिया ने कहा कि वास्तव में आज यह मेरा सम्मान नहीं, मेरे मतदाताओं का सम्मान था। मुझे जो जिम्मेवारी क्षेत्र की जनता ने दी है, उसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निभाऊगां और क्षेत्र का विकास करूगां। श्री भाटिया ने कहा कि सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में यह संकल्प है कि इस बार दिल्ली में जलभराव न हो और जल का अभाव न हो। इस पर हमनें एक विशेष सत्र भी बुलाने की मांग की है। जिसमें दिल्ली भर के जल बोर्ड सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेगें। हमनें क्षेत्र में वह जगह भी चिन्हित कर ली है, जहां पर जलभराव होता है। यह सत्र सीवर और जल भराव पर बुलाया गया है।

**लोगों ने किया विधायक राजकुमार भाटिया का स्वागत:** कार्यक्रम के दौरान आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के अलावा कई गणमान्य लोगों ने भी विधायक राजकुमार भाटिया को विधायक बनने पर उनका स्वागत किया।

**आरडब्ल्यूए ने विधायक राजकुमार भाटिया को सौंपा ज्ञापन:** आरडब्ल्यूए के महासचिव राकेश जुनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया को हमने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा है।

**क्षेत्र की समस्याओं का होगा समाधान:** मैं आप सभी से वादा करता हूं कि आप सभी को अब समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा, आपकी समस्या मेरी समस्या है। अब क्षेत्र में विकास होगा और समस्याओं का हल होगा।

**जनता से किये सभी वादे होगें पूरे:** विधायक राजकुमार भाटिया ने कहा कि जनता से जो भी वादे मैंने किये है, वह सभी पूरे किये जायेगें, जिससे की जनता को परेशान न होना पड़े। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय तालरा, महासचिव राकेश जुनेजा, कोषाध्यक्ष विजय गुप्ता, सहसचिव नितिन जैन, उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, मुख्य संरक्षक राजेश गुप्ता, मुख्य सलाहकार रवि वधवा, सलाहकार सतीश गुप्ता, रोशन कंसल सलाहकार के अलावा ईशान जुनेजा, पीपी खुराना, ओम खुराना, एससी जैन, सुरेश त्रेहन, डॉ. विजय जिंदल, विनित जिंदल, पुनीत कोहली, विपिन कुमार, चन्द्रशेखर, सुरेन्द्र चोपड़ा, भूपेन्द्र चोपड़ा, विजय मल्होत्रा, अनिल सिंघल, हरीश त्यागी, शशि राजीव चौहान, ओम प्रकाश, राकेश मलिक, तिलकराज शर्मा, यदुवेन्द्र सिंह, विजय दुआ, विजय कुमार, नवीन जैन, मिस्टर बंटी, संदीप सेठी, गुरूदयाल छाबड़ा, राम कुमार बंसल, सतेन्द्र चौधरी, महेन्द्र, विवेक, सोनू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।











## जनकपुरी में फोरम फॉर इंडियाज इंटेलेक्चुअल ग्रोथ-2025 का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के जनकपुरी** में स्थित हयात सेंट्रिक होटल में कृष्णा सोशल डोमिनिक ट्रस्ट्स और वाधवन इंडिया स्टॉक्स काउंसिल द्वारा फोरम फॉर इंडियाज इंटेलेक्चुअल ग्रोथ 2025 (23वां संस्करण) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम पटेल नगर डॉ. नितिन शाक्य, उप तकनीकी अधिकारी डॉ. शिवजीत उपाध्याय, जेल प्रमुख अजय भाटिया, नेशनल अकाली दल अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मा, निदेशक बी. तरूण बजाज, नूपुर सिन्हा, मुख्य परीक्षा अधिकारी/उप.



डॉ. महेश शर्मा, निमार्ता अनिल कुमार और कई रेजिडेंट अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक कमल वाधवान, निदेशक मनीष गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी सहायक अभ्यर्थियों को नामांकित किया गया। इस अवसर पर सभी नामी-गिरामी लोगों को डॉक्टरेट डिग्री से नवाजा गया। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा ने जिनको डॉक्टरेट की डिग्री मिली है, उनको बधाई देते हुए कहा कि उनकी जिम्मेदारी समाज के प्रति और बढ़ जाती है।

## कहानीकार भावना शर्मा 'बीपीए समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बीपीए फाउंडेशन** एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा साहित्यकार सम्मानोत्सव-2025 का आयोजन मयूर विहार में आयोजित किया गया। जिसमें मातृभाषा उन्नयन संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व मातृभाषा डॉट कॉम व मासिक साहित्य ग्राम की सह सम्पादक भावना शर्मा को हिन्दी के प्रचार-प्रसार व उत्कृष्ट साहित्य सेवा के लिए 'बीपीए समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध लघुकथाकार बलराम अग्रवाल, दीपक पाण्डेय, विमला भंडारी, सुधाकर पाठक, मनोरमा जी, विनोद पाराशर, सुशील अवस्थी मौजूद रहे, साथ ही वरिष्ठ साहित्यकार चित्रा मुद्गल, ममता



कालिया, गिरीश पंकज, दिविक रमेश भी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि भावना शर्मा कहानीकार हैं, जिनके दो कहानी संग्रह आ चुके हैं। मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा अखिल भारतीय नारद मुनि पुरस्कार से पुरस्कृत मातृभाषा डॉट कॉम का संपादन भी करती हैं। इस सम्मानोत्सव में पूरे देश के अलग-अलग राज्यों से आए करीब 120 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर इंडिया नेटबुक्स द्वारा प्रकाशित की जा रही "विधि नायक" एवं "अनुस्वार" पत्रिका के नए अंकों का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश एस एन श्रीवास्तव, प्रेम जनमेजय, शैलेंद्र शर्मा, सुधा आदेश, नीलिमा शर्मा, शैली मुद्गल, राजीव मुद्गल, नंद भारद्वाज, संतोष खन्ना एवं अन्य साहित्यकारों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन का संचालन रणविजय राव एवं मनीषा चौगांवकर ने किया।

## 'भाजपा सदन में बाकी की और सीएजी रिपोर्ट पेश करने से पीछे क्यों हट रही है'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि 5 दिन के दिल्ली विधानसभा सत्र में सत्ताधारी भाजपा और विपक्ष आम आदमी पार्टी ने दिल्लीवालों के खून पसीने की कमाई को बर्बाद किया है। निष्कर्ष विहीन टकराव की राजनीति के कारण विधानसभा पटल पर शराब घोटाले और स्वास्थ्य संबधी सीएजी रिपोर्ट रखकर भी भाजपा सरकार आम आदमी पार्टी की सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ अभी तक कोई निर्णायक कदम नहीं उठा




सकी है और अधिकतर समय दोनों पार्टियों की नूरा-कूश्ती में निकल गया। दिल्ली की जनता के हित और विकास के लिए कोई भी निर्णय लेने में दिल्ली सरकार पूरी तरह नाकाम साबित रही है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता को भाजपा द्वारा किए वादों को पूरा होने के लिए अभी इंतजार करना होगा, क्योंकि केजरीवाल की तरह लोगों को गुमराह करने वाली राजनीति की शुरूआत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी शुरू कर दी है। महिलाओं, शिक्षकों, व्यापारियों, एनजीओ आदि से सलाह लेंगे, फिर बजट में जनता से किए गए संकल्पों को लागू किया जाएगा। मैं पूछना चाहता हूं कि वोट लेने से पहले क्या जनता से कहा था कि हम सत्ता में आने के बाद आपसे सलाह लेंगे फिर महिलाओं को 2500 रुपये देने के लिए सोचेंगे।

## हेल्थ पर आई कैग रिपोर्ट ने कई सारे सवाल एक बार फिर से अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों पर खड़े किए हैं: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र 24 मार्च से शुरू हो रहा है, जिसकी घोषणा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की है। निश्चित रूप से भाजपा की सरकार दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हम बार-बार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि जिस तरह से पिछले 10-11 वर्षों में दिल्ली का विकास अवरुद्ध हुआ है, उसे एक निश्चिंत दृष्टिकोण के साथ पुनः पटरी पर लाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हमारी पूरी सरकार ने



इस मामले में बहुत गंभीरता से सोचा है। पिछले 7-8 दिनों में ही योजना बनाकर, मीटिंग करके अपना काम शुरू कर दिया है। यह तय है कि यह बजट दिल्ली के लोगों के लिए होगा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में 'आम जनता' की सरकार है इसलिए आम जनता की राय लेने के बाद ही हम एक ऐसा बजट पेश करेंगे जो जनता के लिए होगा और दिल्ली के सर्वांगिण विकास की गाथा निकलेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जिस प्रकार से कैग की रिपोर्ट से अरविंद केजरीवाल के एक-एक भ्रष्टाचार की पोल खुल रही है वह साफ स्पष्ट करता है कि दिल्ली में 2015 से सिर्फ. लूट और घोटालों के लिए सरकार चलाई जा रही थी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हेल्थ पर आई कैग रिपोर्ट ने कई सारे सवाल एक बार फिर से अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों चाहे वह गोपाल राय हो, आतिशी हो या सौरभ भारद्वाज से लेकर मनीष सिसोदिया पर खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने जहां भी हाथ डाला है, वहाँ सिर्फ लूटने के अलावा कुछ नहीं किया है।

सचदेवा ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के नेता सदन में कार्रवाई में और चर्चा में बाधा डाल रहे हैं लेकिन इसी सदन में पिछले 12 सालों से क्या हो रहा था उसे हम सब देख चुके हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले बारह सालों से भाजपा विधायकों को सदन से बार-बार बाहर निकलवाकर भी कोई विकास पर चर्चा नहीं की गई और आज दिल्ली के सर्वांगीण विकास के लिए चर्चा हो रही है तो उसमें बाधा बनने के काम आतिशी और उनके विधायक कर रहे हैं।

## एसपीएम कॉलेज में श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव भव्य रूप में हुआ संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: एसपीएम** कॉलेज, पंजाबी बाग में श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय रघुवीर नगर का वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया गया। यह आयोजन सिर्फ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और परंपराओं को सहेजने का एक जीवंत उदाहरण था।

इस समारोह में संस्कृत भाषा और भारतीय लोककलाओं की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ हुई। जिसमें हरियाणवी लोक नृत्य, बिहार की सांस्कृतिक झलक, पंजाबी लोक नृत्य, संस्कृत नाटक, एकल गीत एवं काव्यावली आदि संस्कृत भाषा



में गाए गए गीत और कविताएँ प्रमुख प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'प्रबोधिनी' का भी भव्य लोकार्पण किया गया। यह पत्रिका संस्कृत और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। इसके माध्यम से छात्र-छात्राएँ अपनी लेखनी और रचनात्मकता के माध्यम से अपनी संस्कृति से और अधिक गहराई से जुड़ सकेंगे। कार्यक्रम अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, मुख्य वक्ता अनिल कुमार गुप्ता, नवनिर्वाचित विधायक करनैल सिंह व अजय महावर कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं परेश सक्सेना (आई जी, एसएसबी) भी उपस्थित हुये। श्री हनुमान संस्कृत महाविद्यालय के प्रधान रविंद्र गुप्ता के कुशल नेतृत्व में आयोजन सफल हुआ। इस मौके पर उपस्थित सभी अतिथियों और वक्ताओं ने एकमत से यह संदेश दिया कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारत की प्राचीनतम धरोहर है, जिसे सहेजना हम सभी का कर्तव्य है।

## वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने निमड़ी कॉलोनी के पार्कों में चलाया सफाई अभियान





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले इलाके निमड़ी कॉलोनी के पार्कों में निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर पार्कों में विशेष रूप से सफाई करवाई गई। निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मैंने सभी कर्मचारियों को विशेष निर्देश दे रखे है कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाये। जिसको लेकर मैं जहां एक ओर क्षेत्र का समय-समय पर दौरा कर रही हूं, वहीं अधिकारियों के साथ बैठक भी कर रही हूं कि जिससे की वार्ड में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री, तस्करी पर अंकुश लगाना आवश्यक: जिलाधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि होली का पर्व पड़ने के कारण मदिरा की मांग मे वृद्वि सम्भावित है, जिससे अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की सम्भावना बढ़ जाती है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रभावी प्रवर्तन कार्य किया जाना आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाने हेतु 01 मार्च से 15 मार्च 2024 तक विशेष प्रर्वतन अभियान चलाये जाने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया जाता है। उन्होंने बताया कि




इस सम्बन्ध में आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है जिसमें टीम संख्या 01 में प्रशासन से उप जिलाधिकारी सदर/तहसीलदार सदर, आबकारी निरीक्षक सदर एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी सदर/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। इसी प्रकार टीम संख्या 02 में प्रशासन से उप जिलाधिकारी शाहाबाद/तहसीलदार शाहाबाद, आबकारी निरीक्षक शाहाबाद एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी शाहाबाद/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम संख्या 03 में प्रशासन से उप जिलाधिकारी सण्डीला/तहसीलदार सण्डीला, आबकारी से आबकारी निरीक्षक सण्डीला एवं समस्त

**आदेश जारी**

**मदिरा की मांग मे वृद्वि सम्भावित है, जिससे अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की सम्भावना बढ़ जाती है।**

स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी सण्डीला/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। टीम संख्या 04 में प्रशासन से उप जिलाधिकारी बिलग्राम/तहसीलदार बिलग्राम, आबकारी निरीक्षक बिलग्राम एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी बिलग्राम/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य तथा टीम संख्या 05 में प्रशासन उप जिलाधिकारी सवायजपुर/तहसीलदार सवायजपुर, आबकारी निरीक्षक सवायजपुर एवं समस्त स्टाफ तथा पुलिस से क्षेत्राधिकारी सवायजपुर/सम्बन्धित थानाध्यक्ष टीम के सदस्य होगे। जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त टीम अवैध मदिरा के कार्य मे संलिप्त माफियाओं/तस्करों की जो सूची तैयार उपलब्ध कराई गई है, उनके विरूद्व आवश्यकतानुसार गैगस्टर/गुण्डा एक्ट की कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्षमता से चेकिंग कराई जाये। प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 तथा व्हाट्सप नम्बर 9454466019 का प्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

# खाकी तक नहीं पहुंच रही हथकड़ी, दुष्कर्म आरोपित सिपाही एक माह बाद भी आजाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे क्षेत्र निवासी एक युवती ने बीती जनवरी माह में सीतापुर में तैनात सिपाही मोनू आर्य के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। जिसमें पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया था कि जब वह नाबालिग थी तब सिपाही ने दुष्कर्म किया और वीडियो बना भी लिया था। इसके बाद आरोपित ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल किया। थाना पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता के बयान भी दर्ज कर लिए थे। लेकिन आरोपित सिपाही को अभी भी पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। मामले में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने सोमवार को बताया कि फरार आरोपित सिपाही को जल्द ही



गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़िता ने तहरीर में बताया था कि भगतपुर के मिलक मेवाती गांव निवासी मोनू आर्य यूपी पुलिस में सिपाही है। वर्तमान में उसकी तैनाती सीतापुर में है। छह साल पहले सिपाही का उसके घर आना-जाना था। उस वक्त पीड़िता नाबालिग थी। सात जुलाई 2019 की दोपहर करीब ढाई बजे आरोपी ने घर में घुसकर पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो भी बना लिया था। शिकायतकर्ता पीड़िता ने आगे बताया था कि जब उसने विरोध किया था तो आरोपित ने बालिग होने पर शादी करने का झांसा देकर शांत करा दिया। पीड़िता जब बालिग हो गई और शादी की बात कही तो आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। इसकी शिकायत आरोपी की बहन और भाई से की तो उन्होंने शादी कराने का आश्वासन दिया लेकिन आरोपी ने शादी नहीं की। दो माह पहले आरोपित मोनू सीतापुर से उसके घर आया और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने शादी करने से भी इन्कार कर दिया। तहरीर के आधार पर आरोपित के खिलाफ बीती 31 जनवरी को केस दर्ज कर लिया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### बाणसागर नहर में डूबने से बालक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत देवरी ग्राम सभा के खैरहिया स्थित बाणसागर नहर में पैर फिसलने से 6 वर्षीय विकास सरोज की डूबने से मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब आठ बजे यह हादसा हुआ, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दिलीप सरोज से मिली जानकारी के अनुसार उसका पुत्र विकास अपने साथियों के साथ घर से करीब 50 मीटर दूर बाणसागर नहर की ओर गया था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। साथ में मौजूद बच्चों ने तुरंत इसकी सूचना घरवालों को दी। परिजन आनन-फानन में मौके पर पहुंचे और विकास को खोजने लगे। करीब एक किलोमीटर दूर गुलालपुर फाटक के पास विकास का शव पानी में मिला। ग्राम प्रधान सुनील मौर्या ने तुरंत उसे अपनी बाइक से मंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। विकास की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया। ग्राम प्रधान सुनील मौर्या समेत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से मांग की है कि बाणसागर नहर के किनारे जहां-जहां बस्ती बसी है, वहां रेलिंग लगवाई जाए। जिससे इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बता दें कि, मृतक विकास दो भाइयों में बड़ा था। इस दर्दनाक घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### रायबरेली: डंपर की टक्कर से ऑटो सवार चार लोगों की मौत, आठ घायल

**रायबरेली।** जिले में लालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर बरस गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार डंपर की ऑटो से टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हैं। पुलिस ने मृतकों की पहचान शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया कि जांच में पता चला है कि एक डंपर रायबरेली से लालगंज जा रहा था। वहीं, सवारियों से भरा ऑटो लालगंज से रायबरेली की तरफ आ रही थी। गंगापुर बरस गांव के पास दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। दुर्घटना में ऑटो सवार चार लोगों की मौत और आठ लोगों की हालत गंभीर हैं। ऑटो में चालक समेत कुल 12 लोग सवार थे। शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मृतकों की पहचान की जा रही है। घायलों का इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### डेरे पर संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला अधेड़ महिला का शव

**मीरजापुर।** जिगना थाना क्षेत्र के जिगना गांव के पूरब कोट मजरे में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई। घटना गांव से करीब पांच सौ मीटर दूर एक डेरे पर हुई, जहां महिला का शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका 58 वर्षीय शिवकुमारी देवी पत्नी सभाजीत सिंह थी। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य बारात में गए हुए थे। उनका बेटा रवि सिंह और राहुल सिंह प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के कतवारूपुर गांव में बारात में शामिल होने गए थे। जबकि पति सभाजीत सिंह भी सुल्तानपुर जिले में एक अन्य बारात में गए थे। घर पर शिवकुमारी देवी के अलावा उनकी दो बहुएं थीं। शाम को खाना खाने के बाद शिवकुमारी देवी खेत की सिंचाई के लिए लगे पंपसेट वाले डेरे पर चली गई थीं। देर रात करीब दो बजे जब उनका बेटा रवि बारात से लौटा और मां को घर में न पाकर उनकी तलाश में निकला। जब वह डेरे पर पहुंचा, तो वहां का दरवाजा अंदर से बंद था। रोशनदान से झांकने पर देखा कि शिवकुमारी देवी का शव साड़ी के फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने बताया कि मौत के कारणों का सही खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, दो युवकों की मौत

**बाराबंकी।** रामनगर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात एक शादी समारोह से घर वापस लौट रहे मोटर साइकिल सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार तिवारी ने सोमवार को बताया कि बीती रात रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बिठौरा से बारात सिहाली गई थी। इस शादी में गांव का कुंदन (24) और कलीराम (23) मोटर साइकिल से शामिल होने गए थे। देर रात दोनों शादी समारोह से वापस लौट रहे थे, तभी रानी बाजार और तिलोकपुर के बीच ग्राम टांडा रावत के पास मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई।

# दूल्हे के भाई की मौत, शादी की खुशियां मातम में बदली

**मीरजापुर।** जिले के लालगंज इलाके में रविवार की रात करीब दो बजे वैवाहिक कार्यक्रम में रस्म अदाएगी के बीच अचानक दूल्हे के भाई के पेट में तेज दर्द उठा। उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना से विवाह की खुशियां मातम में बदल गई। इस बीच किसी तरह शादी को सम्पन्न कराया। हलिया थाना क्षेत्र के ऊंटी गांव निवासी विजय मौर्य रविवार रात को अपने बड़े बेटे की बारात लेकर बहुती गांव पहुंचे थे। शादी की रस्मों के बीच रात दो बजे के आसपास दूल्हे के छोटे भाई कृष्णा मौर्य (19) के पेट में अचानक तेज दर्द हुआ।

# महाकुंभ मेले में तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अंकित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने भव्य महाकुंभ मेले के दौरान स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए तीन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपे गए। इस अवसर पर प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मेलाधिकारी श्री विजय किरण आनंद और वर्ल्ड रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट भी उपस्थित थे। निश्चल बारोट ने इन रिकॉर्ड प्रयासों की योजना और निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाई। पहला गिनीज रिकॉर्ड कई स्थानों पर सबसे अधिक लोगों द्वारा फर्श की सफाई का है, जिसमें 19,287 प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत योगदान दिया। इस पहल ने सार्वजनिक स्वच्छता बनाए रखने और सफाई को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया। दूसरा रिकॉर्ड कई स्थानों पर सबसे अधिक प्रतिभागियों द्वारा नदी सफाई अभियान का है, जिसमें

**कलाकृति**

**इन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को हासिल करना केवल एक मानक स्थापित करना नहीं है: निश्चल बारोट**

329 स्वयंसेवकों ने प्रयागराज की पवित्र नदियों की सफाई में भाग लिया और नमामि गंगे मिशन का समर्थन किया। इस पहल ने जल संरक्षण और कचरा प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। तीसरा रिकॉर्ड आठ घंटे में सबसे अधिक लोगों द्वारा हैंडप्रिंट पेंटिंग बनाने का है, जिसमें 10,102 प्रतिभागियों ने समुद्र मंथन की पौराणिक घटना को दर्शाने वाली भव्य कलाकृति तैयार की। यह पेंटिंग महाकुंभ मेले के सांस्कृतिक महत्व को प्रतिबिंबित करने के साथ-साथ एकता, भक्ति और आध्यात्मिक सद्भाव का प्रतीक बनी।
वर्ल्ड रिकॉर्ड रणनीतिकार निश्चल बारोट ने कहा कि इन गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स को हासिल करना केवल एक मानक स्थापित करना नहीं है, बल्कि करोड़ों लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक करने की प्रेरणा देना है। उन्होंने जनभागीदारी और सफल आयोजन को उत्तर प्रदेश के लोगों की सामूहिक शक्ति और प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया।

# राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर ने फिर मारी बाजी, प्रदेशभर में हासिल किया पहला स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनिटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की फरवरी माह की जारी रिपोर्ट में एक बार फिर पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने मामलों के निस्तारण में बाजी मारी है। दूसरे स्थान पर बलिया और तीसरे स्थान पर गाजीपुर है। वहीं, टॉप टेन की बात करें तो कुशीनगर, झांसी और लखीमपुर

**मॉनिटरिंग**

**त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनिटरिंग का असर साफ नजर आ रहा**

खीरी ने अपनी जगह बनायी है। पिछले पांच माह से राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। जौनपुर के डीएम दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि जिले के पांच राजस्व न्यायालयों ने मानक से अधिक 428 मामलों का निस्तारण किया है। इसका प्रतिशत 171.20 है। डीएम ने बताया कि जिलाधिकारी न्यायालय ने निर्धारित 30 मामलों के मानक के मुकाबले 60 मामलों का निस्तारण कर 200 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की। इसी प्रकार अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने 50 के मानक के मुकाबले 110 मामलों का निस्तारण कर 220 प्रतिशत का प्रदर्शन किया।
वहीं, अपर जिलाधिकारी भू राजस्व न्यायालय ने निर्धारित 50 के मानक के सापेक्ष 168 मामलों का निस्तारण कर 336 प्रतिशत का प्रदर्शन किया।

# यौन उत्पीड़न से गर्भवती हुई युवती का गर्भपात कराने के आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न की शिकार युवती के अनचाहे गर्भ को 3 दिन में समाप्त करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कानपुर नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पीड़िता के भ्रूण के ऊतक और रक्त को साक्ष्य के रूप में संरक्षित करने के भी निर्देश दिए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति दोनदी रमेश की कोर्ट ने सोमवार को दिया। याची के अधिवक्ता ने बहस की कि पीड़िता यौन उत्पीड़न की शिकार हुई है। इसकी वजह से वह गर्भवती हो गई है। एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीड़िता सामाजिक लोक-लाज की वजह से गर्भ को समाप्त करवाना चाहती है।

# निगम इलाकों में जलभराव से निपटने के लिए जारी हुई 750 करोड़ की धनराशि

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बारिश के दिनों में नगर निगम इलाकों में जलभराव एवं बाढ़ जैसी स्थिति से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने 750 करोड़ की धनराशि जारी की है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता के अनुसार नगर विकास विभाग को पांच नगर निगम इलाकों लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद, मथुरा, शाहजहांपुर एवं अन्य नगर निगम क्षेत्रों में जलभराव, बाढ़ से बचाव के लिए आधुनिक तकनीकों, जल निकासी प्रणाली के सुधार और नदी तटों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश जारी हुए हैं। लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद, मथुरा और शाहजहांपुर में ड्रेनेज सिस्टम को विकसित करने के लिए अभी जारी हुई 733 करोड़ की धनराशि से लखनऊ में किला मोहम्मदी नाला का पुनर्विकास होगा। इसके लिए 193.73 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है, जिसके तहत 10.571 किलोमीटर लम्बी जल निकासी प्रणाली विकसित की जाएगी। इससे 2.5 लाख की आबादी को राहत मिलेगी। लखनऊ के गेटापल्ली नाले का डायवर्जन किया जाएगा। इसके लिए 112.47 करोड़ की लागत से 4.435 किलोमीटर लम्बी आरसीसी ड्रेनेज लाइन बिछाई जाएगी। इससे 5 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। वहीं मेरठ में ओडेन ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 156.79 करोड़ की



**फंड**

**जल निकासी प्रणाली के सुधार और नदी तटों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश जारी**

लागत से 18.33 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करने वाली जल निकासी प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे 4.35 लाख लोग लाभान्वित होंगे। इसके अलावा गाजियाबाद में शाहबेरी ड्रेन का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना पर 132.65 करोड़ खर्च किए जाएंगे, जिससे 3.9 लाख लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं मथुरा में भूतेश्वर से अंबाखर नाले तक जल निकासी परियोजना पर 89.71 करोड़ की धनराशि खर्च की जाएगी। इस परियोजना से 75,000 लोगों को राहत मिलेगी।

# आबकारी दुकानों के ई-लॉटरी प्रक्रिया हेतु तैयारियां पूर्ण

**टीम एक्शन इंडिया**
**जालौन।** जनपद में आबकारी दुकानों के आवंटन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में देशी मदिरा, कम्पोजिट दुकानें, भांग की दुकानें और मॉडल शॉप्स की 06 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली ई-लॉटरी प्रक्रिया के सफल संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में ई-लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन राजकीय मेडिकल कॉलेज के



ऑडिटोरियम में किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए। इसके लिए आवेदकों के ऑनलाइन आवेदन पत्रों की जांच कर अर्ह और अनर्ह आवेदकों की सूची पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए। अनर्ह आवेदकों को अस्वीकृति का कारण स्पष्ट रूप से बताया जाएगा। ई-लॉटरी प्रक्रिया रैंडमाइजेशन प्रणाली के माध्यम से होगी, जिसमें जिले के लिए स्वतंत्र रूप से जिला आबकारी अधिकारी द्वारा लॉक किए गए केंद्रीय डेटाबेस का उपयोग किया जाएगा। दुकानों का आवंटन बेसिक लाइसेंस फीस के क्रम में किया जाएगा और यदि किसी दुकान की फीस समान होगी, तो अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर आवंटन किया जाएगा। ई-लॉटरी में आईआईटी लखनऊ और आईटीआई कानपुर के विशेषज्ञों द्वारा अनुमोदित एल्गोरिदम का प्रयोग किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना न रहे। आबकारी नीति 2025-26 के अनुसार, एक आवेदक अधिकतम दो दुकानें ही प्राप्त कर सकेगा, चाहे वे एक ही जिले में हों या अलग-अलग जिलों में। यदि किसी आवेदक को पहले से दो दुकानें आवंटित हो चुकी हैं, तो ई-लॉटरी पोर्टल द्वारा उसे तीसरी दुकान नहीं दी जाएगी।

# बजट सत्र: ब्रजेश पाठक की विपक्ष को नसीहत, एचएमपीवी वायरस को लेकर न हो चिंतित

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा बजट सत्र के दौरान सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को ह्यूमन मेटाप्न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सभी जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ हैं। प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक महबूब अली के प्रश्न का उत्तर देते हुए पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि एचएमपीवी वायरस को लेकर सदस्य की चिंता से पहले हमारी सरकार ने चिंता की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक करके सारी व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली और दिशा निर्देश भी दिए। हम प्रदेश में पैनिक नहीं होने देना चाहते थे। इसलिए प्रदेश के सारे जिलों में इलाज के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए थे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो प्रदेश के सभी जिलों में लैब की व्यवस्था की जाएगी। सपा के सदस्य डॉ. राकेश वर्मा के प्रश्नों के उत्तर में ब्रजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के अस्पतालों में लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। हमारी सरकार ने इसे बेहतरी से लागू किया है। इस योजना के तहत 9000 करोड़ रुपये इलाज पर खर्च हुआ है। आयुष्मान भारत योजना को ठीक से लागू करने की वजह से 350 करोड़ रुपये बचाए भी गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि गरीबों के इलाज में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी, उनका बेहतर इलाज होगा। एक अन्य प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी के सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन की दो लाख की ओपीडी है।

# भाजपा ने शिक्षक नेता अशोक राठौर को सौंपा बड़ा दायित्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**जालौन।** एसआर ग्रुप उरई के प्रबन्धक प्रदेशीय शिक्षक नेता एवं तीन बार इलाहाबाद-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी का चुनाव लड़ चुके वरिष्ठ शिक्षक नेता अशोक राठौर को भारतीय जनता पार्टी ने शिक्षक प्रकोष्ठ से कानपुर-बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सह संयोजक का दायित्व सौंपा है। अशोक कुमार राठौर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि 2 मार्च 2025 को लखनऊ में आयोजित बैठक में मुझे यह दायित्व संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश संयोजक एवं मेरठ क्षेत्र से एमएलसी श्रीचंद्र शर्मा द्वारा प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि नवम्बर 2026 में प्रदेश की 11 सीटों पर शिक्षक एवं स्नातक सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं। यह चुनाव कानपुर-उन्नाव क्षेत्र के तीन जिलों को छोड़कर प्रदेश के 75 जिलों में से 72 जिलों में सम्पन्न होने हैं जो 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की दृष्टि से महत्वपूर्ण होंगे। राठौर ने बताया कि 2026 में विधान परिषद एवं उसके लगभग तीन माह बाद 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत पार्टी ने यह महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपा है। इस जिम्मेदारी का पूरी लगन, निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करुंगा।

# सर्राफा व्यवसायी से लूटकांड में फरार बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**बाराबंकी।** जिला पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। घायल हालत में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 21 फरवरी को घूंघटेर थाना में सरार्फा व्यवसायी कौशल ज्वैलर्स से लूट की घटना हुई थी। इसका सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने एक शातिर अपराधी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उसका एक



साथी फरार हो गया। पकड़ा गया आरोपित गोण्डा जिले के पिपरी मांझा निवासी शिवम तिवारी है। पूछताछ में उसने घूंघटेर थाना क्षेत्र में आभूषण व्यापारी अंकुर सोनी से लूटकांड की घटना कबूल की है। आरोपित के कब्जे से तमंचा खोखा समेत, जिंदा व एक खाली कारतूस, एक मोटरसाइकिल और लूट के जेवर बरामद किए हैं।

फास्ट न्यूज

## उपलब्धियां आमजन के बीच लेकर जाएं : सुमन छाजेड़

बीकानेर: भाजपा बीकानेर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने कार्यकताओं से कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी की सरकार प्रदेश की भजनलाल सरकार की उपलब्धियां आमजन के बीच लेकर जाएं। छाजेड़ ने अपनी अध्यक्षता में पहली संगठनात्मक बैठक में यह बात कार्यकताओं से कही। इस अवसर पर समस्त पदाधिकारियों ने छाजेड़ का स्वागत और सम्मान किया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने पहली संगठनात्मक बैठक में अपने निर्वाचन पर प्रदेश नेतृत्व, जिला संगठन, जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया और अपने संबोधन में यह भी कहा बीकानेर शहर की प्रथम महिला जिलाध्यक्ष का दायित्व आप सब के आशीर्वाद से मिला है। हम सब प्रदेश नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारी को ओर संगठन के कार्य को पूरी लगन और ईमानदारी से करेंगे। छाजेड़ ने सभी पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, पार्षदों, कार्यकर्ता से कहा आमजन को केंद्र और प्रदेश सरकार की सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाना हमारा दायित्व है। छाजेड़ ने समस्त मंडल अध्यक्षों को जल्द से जल्द कार्यकारणी बनाने के निर्देश दिए है। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सत्यप्रकाश आचार्य, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने भी विचार रखे।

## अभी तक 201 सफल कॉक्लियर इंप्लांट होना बड़ी उपलब्धि

बीकानेर। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध प्रिंस बिजयसिंह मेमोरियल चिकित्सालय के ईएनटी विभाग के सेमिनार हॉल में विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव गुप्ता के मार्गदर्शन में सोमवार दोपहर विश्व श्रवण दिवस के उपलक्ष पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान एसपी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी, पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार तथा यातायात पुलिस अधिकारी अनिल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान अतिथि उद्बोधन के दौरान प्राचार्य सोनी ने कहा कि पीबीएम का ईएनटी विभाग और उनकी टीम अच्छा कार्य कर रही है, उपचार के अभाव में यहां मरीजों को किसी प्रकार की कमी नहीं आती, कॉक्लियर इंप्लांट का ओपरेशन थियेटर में अतिआधुनिक मशीनें उपलब्ध है जो कि विश्वस्तरीय मानकों को पुरा करती है। पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि डॉ. गौरव गुप्ता के मार्गदर्शन में अभी तक 201 सफल कॉक्लियर इंप्लांट होना पीबीएम अस्पताल की बड़ी उपलब्धि है।

# राष्ट्र निर्माण में संतों की भूमिका महत्वपूर्ण: सीएम

## सीहोर के कुबेरेश्वर में रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव



टीम एक्शन इंडिया

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जीवन-मृत्यु व्यक्ति के हाथ में नहीं है, लेकिन संत लोगों को धर्म की राह दिखाकर सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित कर उनके जीवन को सार्थक बनाते हैं। सांस्कृतिक, धार्मिक मूल्यों की स्थापना तथा समाज और राष्ट्र के निर्माण में संतों और गुरुओं की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को कुबेरेश्वर धाम सीहोर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल होकर श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पं. प्रदीप मिश्रा लोगों में ईश्वर के प्रति आस्था और भक्ति जागृत कर लोगों का धार्मिक, आध्यात्मिक उत्थान कर रहे है। पं. मिश्रा ने भोपाल के निकट सीहोर में कुबेरेश्वर धाम की स्थापना कर इस क्षेत्र को एक नई धार्मिक पहचान दी है। उन्होंने कहा कि दुनिया के दो सौ से अधिक देशों में भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और सबसे बड़े देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज कुंभ में गगा स्नान कर देश की सनातन संस्कृति के प्रति देशवासियों की अटूट आस्था का संदेश दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार को सभी संतो का मार्गदर्शन मिला है। समय-समय पर हम और हमारी सरकार उनसे कई अवसरों पर विचार-विमर्श भी करती है। संतो से हमें सरकार चलाने का नैतिक बल मिलता है जिससे हम अधिक मजबूती के साथ प्रदेश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने संपूर्ण प्रदेश में गौ-शालाओं का निर्माण किया है और गौ-शालाओं में गौ-माता के लिए बेहतर परिवेश उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-माता परमात्मा की हम पर असीम कृपा है। गौ-माता प्रकृति और परमात्मा के बीच संबंध का सूत्र है। बेसहारा, अशक्त और वृद्ध गौ-माताओं के आश्रय के लिए भोपाल सहित सभी बड़ी नगर निगमों में 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएगी। दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गौ-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपये के स्थान पर 40 रुपये का अनुदान देकर गौ-शालाओं को सक्षम बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के विकास के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के भी काम कर रही है। प्रदेश सरकार कल्याणी बहनों के पुनर्विवाह के लिए दो लाख रुपये प्रदान करेगी, ताकि बहनों का फिर से घर बस सके और उनके जीवन में खुशियां आए। उन्होंने कहा कि सभी महत्वपूर्ण धार्मिक एवं तीर्थ-स्थानों का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में क्षिप्रा का पानी सूख जाता है। क्षिप्रा को पूरे साल प्रवहमान बनाये रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाने की योजना बनाई है। प्रदेश सरकार ने धार्मिक स्थलों वाले 19 स्थानों में शराब की दुकानें बंद करने का निर्णय लिया इसके साथ ही खुले में मांस विक्रय पर प्रतिबंध लगाया है। रुद्राक्ष महोत्सव में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय, सीताराम यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोरा कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन उपस्थित थीं।

**आश्रय**

**▸▸ वृद्ध गौ-माताओं के आश्रय के लिए भोपाल सहित नगर निगमों में 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएगी**

## राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर ने फिर मारी बाजी



टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ: प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी खुद हर माह जिलावार मामलों की समीक्षा भी करते रहते हैं। योगी सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू द्वारा फरवरी माह की जारी रिपोर्ट में एक बार फिर पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने मामलों के निस्तारण में बाजी मारी है जबकि दूसरे स्थान पर बलिया और तीसरे स्थान पर गाजीपुर है। वहीं टॉप टेन की बात करें तो कुशीनगर, झांसी और लखीमपुर खीरी ने अपनी जगह बनायी है। बता दें कि पिछले पांच माह से राजस्व वादों के निस्तारण में जौनपुर शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

**जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने मानक से अधिक 428 मामलों को किया निस्तारण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश है कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। जौनपुर डीएम दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है।

**लखीमपुर खीरी ने 234 मामलों का निपटारा कर टॉप टेन में बनाई जगह**

वहीं बलिया के तीन न्यायालयों ने 130 के मानक के मुकाबले 146 मामलों का निस्तारण किया, जिसका रेश्यो 112.31 प्रतिशत है। इसी के साथ बलिया ने दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं गाजीपुर के 4 न्यायालयों ने 190 के मानक के मुकाबले 209 मामलों का निस्तारण कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसका रेश्यो 110 प्रतिशत है। इसी तरह बोर्ड ऑफ रेवन्यू के मानक के अनुसार राजस्व वादों के मामलों के निस्तारण में कुशीनगर, झांसी, लखीमपुर खीरी, टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है। इनमें कुशीनगर ने 248, झांसी ने 288, लखीमपुर खीरी ने 234, अंबेडकरनगर ने 186, श्रावस्ती ने 59, एटा ने 127 और मऊ ने 156 मामलों का निस्तारण फरवरी माह में किया है।

## एचआरटीसी चालक-परिचालकों की वार्ता विफल

टीम एक्शन इंडिया

शिमला। हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के चालक-परिचालक संघ और प्रबंधन के बीच बुधवार को शिमला में वार्ता हुई, जो किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच पाई। संघ के अनुसार पिछले 65 महीनों से लंबित नाइट ओवरटाइम और डीए एरियर का भुगतान अब तक नहीं किया गया है जिससे कर्मचारी नाराज हैं। संघ ने पहले ही प्रबंधन को 6 मार्च तक का समय दिया था लेकिन बैठक में कोई समाधान न निकलने से कर्मचारियों में रोष बढ़ गया है।

# हथकरघा-वस्त्रोद्योग को नई ऊंचाई पर ले जाने को तैयारी



टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व व निर्देशन में यूपी का हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में यह उद्योग कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला विकेन्द्रीयकृत कुटीर उद्योग बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में लगभग 1.91 लाख हथकरघा बुनकर एवं 80 हजार से अधिक परिवार इस कार्य में संलग्न हैं। वहीं, 2.58 लाख पावरलूम के माध्यम से 5.50 लाख से अधिक बुनकरों को रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है, जिससे बुनकरों और उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा। राज्य में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पीएम मित्र योजना के अंतर्गत बनने वाले ये पार्क वस्त्र उद्योग को आधुनिक तकनीकों से लैस करेंगे और उत्पादन लागत को कम करके उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक बनाएंगे। इससे उत्तर प्रदेश के कपड़ा उद्योग को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी। **इसके अलावा योगी सरकार ने** वस्त्र एवं परिधान उद्योग को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश वस्त्र-गारमेंटिंग नीति 2022 लागू की है, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए बजट 2025-26 में 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

**बुनकर**

**▸▸ यूपी के कपड़ा उद्योग को मिलेगी नई पहचान, बुनकरों और उद्यमियों को होगा लाभ**

# बाढ़ नियंत्रण की दिशा में उठाया बड़ा कदम

टीम एक्शन इंडिया

लखनऊ। योगी सरकार शहरी बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए अभी से एक्टिव मोड में आ गयी है। इसके लिए नगर विकास विभाग को जलभराव, बाढ़ से बचाव के लिए आधुनिक तकनीकों, जल निकासी प्रणाली के सुधार और नदी तटों के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये हैं। इसी के तहत लखनऊ, मथुरा, मेरठ, गाजियाबाद, शाहजहांपुर सहित अन्य नगर निगमों में आधुनिक जल निकासी प्रणाली विकसित की जा रही है। इसके लिए योगी सरकार ने करीब 750 करोड़ की धनराशि जारी की है। इससे इन शहरों में ड्रेनेज सिस्टम, नालों का पुनर्विकास और निर्माण किया जाएगा।

**स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जल निकासी को बनाया जा रहा अत्याधुनिक**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में शहरों में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने और बाढ़ नियंत्रण उपायों को लेकर बैठक की थी। इस दौरान सीएम ने नगर विकास विभाग और जल निगम को शहरों में सीवेज एवं ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत करने के निर्देश दिये।

साथ ही नालों की नियमित सफाई, जलभराव रोकने के लिए वर्षा जल संचयन प्रणाली को बढ़ावा देने और बाढ़ नियंत्रण के लिए नए पंपिंग स्टेशन बनाने के निर्देश दिये। अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत जल निकासी को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है, इससे जलभराव को कम किया जा सकेगा।

**प्रणाली**

**▸▸ लखनऊ, मेरठ, शाहजहांपुर सहित अन्य नगर निगमों में आधुनिक जल निकासी प्रणाली पर किया जा रहा काम**





# यूपी एनसीसी के कैडेटों ने मेला क्षेत्र में जारी स्वच्छता अभियान में किया योगदान

टीम एक्शन इंडिया

प्रयागराज। प्रयागराज में संगम तट पर 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आस्था के महापर्व महाकुम्भ का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 फरवरी को महाकुम्भ के समापन की घोषणा के अवसर पर मेला क्षेत्र में 15 दिनों विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी दिशा क्रम में संगम तट पर चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान में सोमवार को यूपी एनसीसी के



कैडेटों ने वालेंटियर के तौर पर भाग लिया। आने वाले दिनों में सिविल डिफेंस तथा अन्य सामाजिक संस्थाएं भी महाकुम्भ के स्वच्छता अभियान में सहयोग देंगी। आस्था के महापर्व महाकुम्भ के समापन के बाद भी प्रयागराज में श्रद्धालुओं के आने का क्रम निरंतर जारी है।

**साफ सफाई**

**▸▸ सिविल डिफेंस व अन्य सामाजिक संस्थाएं भी लेंगी स्वच्छता अभियान में हिस्सा**

## बसंतोत्सव 2025: विकास और समृद्धि का उत्सव

टीम एक्शन इंडिया

देहरादून। राजभवन में 07 से 09 मार्च तक तीन दिवसीय बसंतोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में फूलों की रंग-बिरंगी दुनिया देखने का अवसर मिलेगा और इसे आम जनता व स्कूली बच्चों के लिए निशुल्क खोला जाएगा। सोमवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 07 मार्च को सुबह 11 बजे उद्घाटन होगा।

**साधा निशाना** केंद्र की मदद के बिना हिमाचल सरकार के लिए कर्मचारियों को सैलरी-पेंशन देना भी मुश्किल: सांसद सुरेश

# हिमाचल प्रदेश केंद्र की सहायता पर निर्भर: कश्यप

टीम एक्शन इंडिया

**शिमला: भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने केंद्र सरकार की आर्थिक मदद को** लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश वर्तमान में पूरी तरह से केंद्र की सहायता पर निर्भर है। यदि केंद्र सरकार आर्थिक मदद न करे तो प्रदेश सरकार अपने कर्मचारियों को वेतन और पेंशन देने में भी सक्षम नहीं होगी। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा मंदिरों के धन को सरकारी योजनाओं में इस्तेमाल करने की मंशा को चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सांसद कश्यप ने सोमवार को शिमला में जिला



विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (ढटञ्ज) की धीमी प्रगति पर भी चिंता जताई गई। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने चौथे चरण की शुरूआत कर दी है, लेकिन प्रदेश में अब तक पहले और दूसरे चरण के कार्य भी अधूरे पड़े हैं।

**केंद्र की सीधी फंडिंग से योजनाओं को मिलेगा लाभ**

सांसद कश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को विशेष राज्य का दर्जा दिया है, जिसके तहत 90:10 के अनुपात में आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यह दावा कर रही है कि उसे केंद्र से पर्याप्त मदद नहीं मिल रही, जबकि सच्चाई यह है कि हिमाचल को लगातार केंद्र से आर्थिक सहयोग मिल रहा है। उदाहरण के तौर पर, हाल ही में शिमला संसदीय क्षेत्र की कुफरी-चायल सड़क के लिए केंद्र सरकार से 53 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।